दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र
वर्ष : 30 | अंक :175
प्रतापगढ़ | रविवार , 28 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़ ,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# सीबीआई छापे पर टीएमसी ने की चुनाव आयोग से शिकायत

## विपक्ष ने मांगा ममता का इस्तीफा



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी और यहां पर मिले विदेशी हथियारों को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है। संदेशखाली में छापेमारी की घटना को जहां एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जहां इसे राज्य को बदनाम करने की साजिश बताकर चुनाव आयोग से शिकायत की है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता इस मामले में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग करने लगे हैं। भाजपा नेता पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की वकालत कर रहे हैं।शुक्रवार को सीबीआई की छापेमारी के बाद शनिवार को तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर सीबीआई पर आरोप लगाया है कि यह छापेमारी बंगाल को बदनाम करने के लिए की जा रही है। सीबीआई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए टीएमसी ने कहा है कि मतदान के दिन पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक खाली स्थान पर बेईमानी से छापा मारा गया ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी की छवि खराब की जा सके।उधर, सीबीआई छापेमारी में विदेशी हथियार मिलने को गंभीर मामला बताते हुए बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि संदेशखाली में मिले हथियार विदेशी हैं, जिनका देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख आतंकी है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री बने रहने का हक नहीं है। उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए।भाजपा नेता एवं बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने संदेशखाली में हथियार मिलने पर ममता सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों के बलबूते पर ममता बनर्जी की सरकार चलती है। खासतौर पर मुसलमानों को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि संदेशखाली मामले के आरोपित शाहजहां शेख के करीबी अबु तालेब के घर पर सीबीआई की टीम हथियार और विस्फोटक ढूंढ रही थी। अधिकारियों ने टीएमसी के निलंबित शाहजहां शेख के करीबी अबू तालेब मोल्ला से जुड़े दो ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान तालेब के ठिकानों से 4 विदेशी पिस्टल, 1 देसी पिस्टल, 1 इंडियन रिवॉल्वर, 1 पुलिस की कॉल्ट रिवॉल्वर बरामद हुई है। इसके अलावा 348 कारतूस और कई देशी बम भी बरामद हुए हैं।सीबीआई को शक है कि अबु तालेब के घर से जो भी हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं, वो पहले शाहजहां शेख के घर पर छिपाकर रखे गए थे लेकिन शाहजहां शेख पर ईडी का शिकंजा कसने के बीच ये हथियार शाहजहां के घर से शिफ्ट कर उसके करीबी अबु तालेब के घर पर शिफ्ट किए गए।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाई कोर्ट ने दी जमानत, सजा पर रोक से इनकार



**प्रयागराज(हि.स.)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।यह आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने धनंजय सिंह की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिया है। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपित धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। सिंह को आज ही बरेली जेल में शिफ्ट किया गया है।

# दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लांड्रिंग केस में आप विधायक अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से जारी समन को नजरअंदाज करने के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने अमानतुल्लाह खान को 15 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी।आज सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान कोर्ट में पेश हुए। ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने 9 अप्रैल को अमानतुल्लाह खान को पेश होने के लिए समन जारी किया था।दरअसल, ईडी ने याचिका दायर कर कहा है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए अमानतुल्लाह खान को मनी लांड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था लेकिन वो पेश नहीं हुए। ईडी ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके पहले 11 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी के मुताबिक अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। छापे के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य ऐसे मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि वो मनी लांड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं।राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 01 मार्च को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद अमानतुल्लाह हाई कोर्ट और सुप्रीम में गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई राहत नहीं मिली। राऊज एवेन्यू कोर्ट ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले चुका है। ईडी ने 09 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। करीब पांच हजार पेजों के चार्जशीट ने ईडी ने जिन लोगों को आरोपित बनाया है, उनमें जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर हैं। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपित बनाया है।ईडी के मुताबिक ये मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपये की जमीन की बिक्री से जुड़ा हुआ है। अमानतुल्लाह खान के अज्ञात स्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीनें खरीदीं और बेची गईं। आरोपित कौसर इमाम सिद्दीकी की डायरी में 8 करोड़ रुपये की एंट्री की गई है। जावेद इमाम को ये संपत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये संपत्ति 13 करोड़ 40 लाख में बेची। जीशान हैदर ने इसके लिए जावेद को नकद राशि दी।इस मामले में पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई की ओर से दर्ज केस में अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। सीबीआई ने इस मामले में 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज की थी। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त 2022 को चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गईं।सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

# कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है- योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,एजेंसियॉं।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है और यह गोहत्या की अनुमति देने के समान है। उत्तर प्रदेश भाजपा के एक बयान में आदित्यनाथ के हवाले से कहा गया ÷ये बेशर्म लोग गौमांस (गाय का मांस) खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं। क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा?÷ मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहते हैं, ÷मतलब वे गोहत्या की अनुमति देने की बात कर रहे हैं÷।आदित्यनाथ संभल लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए मुरादाबाद जिले के बिलारी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषणों को दोहराते हुए, सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस %स्त्रीधन% (महिलाओं की संपत्ति) को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के



बीच वितरित करने का इरादा रखती है।उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति के एक्स-रे की बात कही है. उन्होंने कहा, ÷इसका मतलब यह है कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं, तो वे उनमें से दो कमरे छीन लेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस कहती है कि वह महिलाओं के आभूषणों पर कब्जा कर लेगी, देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।आदित्यनाथ ने कहा, उन्होंने यूपीए सरकार के तहत 2004 से 2014 तक ऐसे प्रयास किए थे। उन्होंने कहा, ÷उन्होंने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा देने की कोशिश की थी।÷ उन्होंने सच्चर समिति की सिफारिशों का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे में से उन्हें छह प्रतिशत आरक्षण देकर इसे लागू करना चाहती थी।उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। यूपी के मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

**इंफाल,(हि.स.)।** मणिपुर के नारानसेना इलाके में आधीरात से 2=15 बजे के मध्य कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ ) के दो जवान शहीद हो गए। 128वीं बटालियन के ये दोनों जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात थे। मणिपुर पुलिस ने यह जानकारी दी।मणिपुर पुलिस के एक्स हैंडल के अनुसार, सुरक्षा बलों का पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान शुरू है। एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं के साथ 348 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में कुल 127 नाका और चेकपॉइंट स्थापित किए गए हैं। पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में 139 लोगों को हिरासत में लिया है।

# इस्तीफा न देकर निजी हित को राष्ट्रहित से ऊपर रखा

## दिल्ली हाईकोर्ट से केजरीवाल को फटकार




**नई दिल्ली, एजेंसियॉं।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबों की आपूर्ति नहीं होने पर शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार को आड़े हाथ लिया। कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल ने जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देकर व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने नगर निकाय में गतिरोध के कारण एमसीडी स्कूलों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की।अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार ÷सत्ता के विनियोग में रुचि रखती है÷। इसमें आगे कहा गया है कि अब तक उसने ÷विनम्रतापूर्वक÷ इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय हित ÷सर्वोच्च÷ है, लेकिन वर्तमान मामले ने उजागर कर दिया है कि क्या ÷गलत÷ था और वह सोमवार को इस मामले में आदेश पारित करेगा।

कोर्ट ने कहा कि यह कहते हुए दुख हो रहा है कि आपने अपने हित को विद्यार्थियों, पढ़ने वाले बच्चों के हित से ऊपर रखा है। यह बहुत स्पष्ट है और हम यह निष्कर्ष देने जा रहे हैं कि आपने अपने राजनीतिक हित को ऊंचे स्थान पर रखा है...यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपने ऐसा किया है। यह गलत है और यही बात इस मामले में उजागर हुई है। इसी को लेकर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी किसी भी आरोप में पकड़ा जाता है तो 48 घंटे के अंदर उसका इस्तीफा ले लिया जाता है. अरविंद केजरीवाल, आप सरकार चलाने वाले मुख्यमंत्री हैं। आपको शर्म आनी चाहिए! आपको अब तक इस्तीफा दे देना चाहिए था, लेकिन कुर्सी और जनता के पैसे से बनाये गये बंगले का मोह आपको यह पद छोड़ने नहीं दे रहा है। बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के लालची हैं। उन्हें राष्ट्रहित से ज्यादा अपने निजी हितों की चिंता है। ये मेरे शब्द नहीं हैं. यह टिप्पणी दिल्ली हाई कोर्ट ने तब की जब उन्होंने कहा कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल फेल हो गया है...अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद सीएम बने रहना और सत्ता का आनंद लेना चाहते हैं...अरविंद केजरीवाल, अगर आपमें थोड़ी भी शर्म है तो आप दिल्ली हाई कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

# आपको और हम सबको जेल में डाल देगी भाजपा -अखिलेश यादव

**कानपुर देहात,(हि.स.)।** कन्नौज लोकसभा में आने वाली रसूलाबाद विधानसभा में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसम्पर्क किया। उन्होंने आम लोगों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार आपको और हमें भी जेल में डाल देगी।लोकसभा चुनाव के चलते देश के हर कोने में इस महापर्व की चर्चाएं जोरों पर है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद अखिलेश यादव को यहां से लड़ने की मांग तेज हो गई तो सपा अध्यक्ष ने अपना नामांकन करा लिया। अब इस लोकसभा सीट पर सबकी नजर बनी हुई है। भाजपा से मौजूदा



सांसद सुब्रत पाठक हैं। नामांकन के बाद शनिवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा की रसूलाबाद विधानसभा में एक रोड शो का आयोजन कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा।कन्नौज लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचारों के लिए एक गोदाम खोल रखा है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं इस समय भाजपा के गोदाम में हैं, जिसके चलते भ्रष्टाचार चरम पर है। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड ने बीजेपी की बैंड बजा दिया है। ये जो भारतीय जनता पार्टी ने वसूली की है उसका परिणाम है कि आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने हजारों करोड़ रुपये चंदा लिया है।मौजूदा केंद्र की सरकार में बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने 16 लाख करोड़ रुपये बड़े- बड़े उद्योगपतियों के माफ किए हैं। इसलिए हमने तय किया जब हमारी सरकार आएगी गरीब किसानों का पूरा का पूरा कर्ज माफ होगा।


## देश के चार प्रमुख हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई और बाद में ये धमकी अफवाह निकली।बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हडकंप मच गया।

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेगी कांग्रेस - प्रियंका गांधी



**धरमपुर, (हि.स.)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर स्थित दरबार गढ़ कम्पाउंड में सभा को संबोधित किया। सूरत हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद यहां हेलिकॉप्टर खराब होने से वे सड़क मार्ग से धरमपुर पहुंची। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है।प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों से लोगों के जीवन में तरक्की नहीं आई, लोगों को न्याय नहीं मिला है। कांग्रेस ने जो न्याय पत्र बनाया है इसमें काफी स्कीम और गारंटी लाए हैं, उसे पूरा करेंगे। जहां-जहां हमारी सरकारें हैं या थीं वहां हमने जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया। हमारी सरकार आएगी तो वन अधिकार का कानून लागू करेंगे और पट्टों से संबंधित मामलों का फैसला एक साल के अंदर करवाएंगे। एससी-एसटी का सब प्लान लागू करेंगे। आदिवासी समाज की जहां अधिक जनसंख्या है, उसे अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेंगे, ताकी सब सुविधाएं मिले। न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये तय करेंगे जिससे कोई शोषण नहीं कर सके।




## चुनावी चकल्लस



**गलियों कूंचे चौराहे पर देखो खड़े हैं नेता जी**
**काम टके का नहीं फिर भी अड़े हैं नेता जी**
**मर्यादा, भाषा बिगड़ी इतने नीचे गिर जायेंगे**
**चुनाव में मंगल सूत्र पर उतर पड़े हैं नेता जी ।**

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# नैनीताल के जंगल में लगी आग हुई विकराल

## आग को बूझाने के लिए सेना ने मोर्चा संभाला



**नैनीताल,एजेंसियॉं।** उत्तराखंड के नैनीताल के जंगलों में लगी आग अब बेकाबू हो गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड के नैनिताल स्थित जंगल में आग लग गई है। ये आग विकराल रूप धारण करती जा रही है। अब सेना ने इस आग को बूझाने के लिए मोर्चा संभाला हुआ है। इस आग को बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है।गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड के कई जंगलों में आग लगने लगी है। इसी बीच नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी तक भी आग की लपटें पहुंचे लगी है। रूद्रप्रयाग जिले के जंगल में आग लगाते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि उत्तराखंड में बीते 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर जंगलों में आग लगने की 31 नई घटनाएं सामने आ चुकी है। इन घटनाओं में अबतक 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र आग की चपेट में आकर प्रभावित हुआ। दावानल यानी जंगल की आग के बढ़ते कहर के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए है। साथ ही सभी विभागों को सामन्जस्य बैठाकर दावानल की रोकथाम के उपाय करने को कहा है। नैनीताल जिला मुख्यालय के पास के जंगलों में लगी आग ने भीषण रूप ले लिया।

# भरे मंच से ओवैसी ने मुख्तार अंसारी को बताया शहीद

## बोले– ऐसे लोग मरा नहीं करते, अखिलेश पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसियॉं।** असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को शहीद बताकर विवाद खड़ा कर दिया। यह इंगित करते हुए कि अंसारी की न्यायिक हिरासत में मृत्यु हो गई, एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि जो शहीद होते हैं वे कभी नहीं मरते, बल्कि जीवित रहते हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने अतीक अहमद की हत्या को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद को हथकड़ी लगाकर गोली मारी गयी और उनके विधायक जेल गये। ओवैसी ने कहा कि लोगों को बचाना भाजपा सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन वह विफल रही। अत्याचार करने वाले से कुदरत नाराज़ हो जाती है। वीवर कॉलोनी मैदान में पीडीएम न्याय मोर्चा की एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, असदुद्दीन ओवैसी ने अपने 40 मिनट के संबोधन में नरेंद्र मोदी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। यह कहते हुए कि उनकी पार्टी,



एआईएमआईएम को भाजपा की बी टीम कहा जाता है, उन्होंने कहा, अगर हम बी% टीम हैं, तो फिर अखिलेश यादव 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव और 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव भाजपा से क्यों हार गए? क्या उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ के साथ कोई डील हुई है?लोकसभा सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव का आधा परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चाय पीते हुए बैठता है, फिर भी वह हमसे अपनी जान दे देने के लिए कहते हैं। उन्होंने सपा मुखिया पर हमला तेज करते हुए कहा, मदरसों को बंद करने की बात हुई, लेकिन अखिलेश यादव के मुंह से असहमति का एक भी शब्द नहीं निकला। वह तो बस इतना चाहता है कि लोग उसके लिए अपनी जान कुर्बान कर दें, उसका अनुसरण करें और उसके स्वागत के लिए कालीन बिछा दें।अपने लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान मोदी के भाषण का हवाला देते हुए, ओवैसी ने कहा कि 17 करोड़ मुसलमान घुसपैठिए हैं जो बाकी लोगों की तुलना में अधिक बच्चे पैदा करते हैं। मोदी की एकमात्र गारंटी मुसलमानों के प्रति नफरत है। दूसरा है संविधान बदलना और तीसरा है गरीबों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करना। उन्होंने कहा कि सिर्फ 5 फीसदी आबादी के पास देश की 60 फीसदी संपत्ति है। ये वे लोग हैं जिन्होंने ठेके पाने के लिए भाजपा के पक्ष में चुनावी बांड खरीदे।

# गरीब परिवार की बेटियों को कम खर्चे में मिलेगी हाथ पीले कराने की सुविधा

## प्रयागराज में सर्व सुविधा युक्त पहला सार्वजनिक मैरिज हॉल "कल्याण- मंडपम " बनकर तैयार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर गरीब परिवार भी अब अपनी बेटियों की शादी कम खर्चे में भव्य आयोजन स्थल में कर सकेंगे। सरकार की तरफ से बनाए जा रहे ÷कल्याण मंडपम÷ सार्वजनिक मैरिज हॉल इसी संकल्प को धरातल में उतारने की कोशिश है।

प्रयागराज में नगर निगम की तरफ से बनवाया जा रहा जिले का पहला सार्वजनिक मैरिज हॉल बनकर तैयार हो गया है।

इसे आम जनता के लिए बुकिंग के लिए खोल दिया गया है। मैरिज हॉल के आसमान छूते किराए के चलते गरीब और आम आदमी बेटियों के शादी समारोह यहाँ सम्पन्न करा पाना सबके लिए मुमकिन नहीं था। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से इसे सर्व सुलभ कराने के लिए ÷कल्याण मंडपम÷ सार्वजनिक विवाह गृहों का निर्माण शुरू किया गया। प्रयागराज में जिले का पहला सार्वजनिक विवाह गृह कल्याण मंडपम बनकरार हो चुका है।

नगर निगम की तरफ से इसका निर्माण कराया गया है।

नगर निगम प्रयागराज के मुख्य अभियंता सतीश कुमार बताते हैं कि झूंसी इलाके में जिले का पहला ÷कल्याण मंडप÷ बनकर तैयार हुआ है। इसी सीजन से इसमें बुकिंग का कार्य भी शुरू हो चुका है।

### ₹4 करोड़ की लागत से बना कल्याण मंडप

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा झूंसी इलाके में बनाया गया सार्वजिनक विवाह गृह सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। मुख्य अभियंता नगर निगम के मुताबिक़ 1300 वर्ग मीटर में इसका निर्माण किया गया है । इसके निर्माण में ₹ 4 करोड़ 20 लाख की लागत आई है । इसके निर्माण की कार्यदायी संस्था सीएनडीएस है।

नगर निगम के मुख्य अभियंता सतीश कुमार के मुताबिक मंडपम में हॉल, कमरे, गेस्ट रूम, पार्किंग का निर्माण किया गया है। इसमें लगभग 250 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसमें हर वह व्यवस्था दी गई है जो अमूमन मैरिज हॉल में होती है। शादी के लिए इसमें बुकिंग शुरू हो गई है।

# अज्ञात चोरों ने नगदी सहित लाखों के कपड़ों पर किया हाथ साफ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरा चौकी अंतर्गत गोरापुर निवासी विमल कुमार यादव पुत्र राम लखन ने बकसेडा बाजार में एक रेडीमेड कपड़े की दुकान खोल रखी है। जिसमें अज्ञात चोरों ने कुछ दिन पहले शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखें नगद पचहत्तर हजार रुपए एवं लाखों के रेडीमेड कपड़े चुरा ले गए।

जिसकी लिखित तहरीर विमल कुमार ने बहरिया थाने में दी। तहरीर मिलते ही थाना प्रभारी बहरिया रणविजय सिंह ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

# औद्योगिक क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है- नीरज त्रिपाठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने विधानसभा कोरांव मंडल बड़ोखर में जनसंपर्क किया।उन्होंने जन संवाद के माध्यम से उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता को कहा कि हर दिल में कमल है। कोरांव में विकास की दस्तक है और प्रयागराज की जनता ने माना कि देश व प्रयागराज को सशक्त समृद्धि और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार का केंद्र में आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता होगी।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया इसके पूर्व इलाहाबाद लोकसभा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने वीर एकलव्य जयंती के अवसर पर गवर्नमेंट चौराहे पर स्थित वीर एकलव्य की प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर



निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामशरण निषाद, पूर्व पार्षद राकेश निषाद, राजेश निषाद, रवि निषाद, ऋषि निषाद, प्रमोद निषाद, विजय निषाद, महेश निषाद, मूलचंद निषाद, राजेश केसरवानी रहे।

तत्पश्चात कोरांव बड़ोखर मंडल के खजूरी, सिपौवा, महुली, संसारपुर, देवघाट, बंशीपुर, छापर, हरदौन, चंदापुर, अमिलिया, भवानीपुर, बड़ोखर, बागेश्वर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क में जनसंवाद स्थापित किया। इस दौरान विधायक राजमणि कोल, राजेश केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष रेवती पाल, विधानसभा संयोजक राकेश पांडे, मंडल प्रभारी सर्वेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी, भगवान द्विवेदी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

# विद्यालय के प्रबंधक ने मेधावी छात्रों का किया उत्साह वर्धन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज) ।** क्षेत्र के काशीराम इंटर कॉलेज बाहरपुर के प्रबंधक एवं भाजपा नेता रामानुज शुक्ल ने शनिवार को हाई स्कूल एवं इंटर के मेधावी छात्र ,छात्राओं का सम्मान/उत्साह वर्धन माला पहनाकर एवं मेडल देकर किया।प्रबंधक ने विद्यालय के हाई स्कूल और इंटर कक्षा के ऐसे बच्चों का उत्साह वर्धन किया जिन्होंने यूपी बोर्ड की परीक्षा में 70 प्रतिशत से लेकर 94 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किया है।इसमें विद्यालय के टॉपर आशीष कुमार मौर्य, दीप्ति मिश्रा, सुमित पटेल, रूबी पाल , श्रेया शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, धर्मेंद्र पटेल, नित्या पाल, एकता द्विवेदी, सत्यम यादव , ऋषभ पटेल, शिवानी पटेल, अंजनी साहू , आलोक कुमार यादव, बृजेश बिंद , अमन यादव को मेडल देकर सम्मानित किया गया।सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।

# अमरनाथ मौर्या ने बहरिया में किया जनसंपर्क



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** फूलपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को बहरिया चौराहे पर जनसंपर्क करतें हुये लोगों से कहा कि आने वाले 25 मई को अपना वोट देकर इंडिया गठबंधन को जितायें जिससे देश में मंहगाई व बेरोजगारी को दूर किया जा सके इसके पहले चौराहे पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया तथा बज रहे ढोल नगाड़े पर युवा थिरकते हुये जय समाजवाद व कांग्रेस जिन्दाबाद का नारा लगा रहे थे जनसंपर्क में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल कुमार यादव, सदस्य जिला पंचायत मूलचंद्र उर्फ मुन्ना पासी, कांग्रेस पार्टी के सदस्य जिला पंचायत सिद्ध नाथ मौर्या,मो वारिस , प्रधान भुवर लाल यादव, राजकुमार यादव, हबीब उल्ला, सुभाष यादव,बबलू यादव, इंद्रजीत यादव, जीतलाल यादव, राधेश्याम यादव, आदि कार्यकर्ता लोग रहे।

# कल्याणपुर में हुई चुनावी पाठशाला शत प्रतिशत मतदान की ली शपथ



**होलागढ़(प्रयागराज)।** पंचायत भवन कल्याणपुर में शनिवार को चुनाव आयोग के निर्देश पर चुनावी पाठशाला का आयोजन प्रधान पति रवींद्र राजा की अध्यक्षता में की गई।पाठशाला में उपस्थित लोगो से कहा गया कि कल्याणपुर के सभी पांचों बूथों पर आगामी 25 मई को होने वाले लोक सभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान किया जाना है।रवींद्र राजा ने कहा कि सभी मतदाता गण पहले मतदान फिर जलपान का लक्ष्य बनाएं।ताकि शत प्रतिशत का लक्ष्य हासिल किया जा सके।इसके लिए लोगों को शपथ भी दिलाया गया।इस मौके पर वीडियो कल्याणपुर,बीएलओ पारस,सुजीत शर्मा,विजय पाल,जगत बहादुर पाल,नन्हे लाल सरोज,शेष कुमार श्रीवास्तव,भुल्लर दादा,रीता देवी,निर्मला आदि मौजूद रहीं।

# उचक्कों ने एटीएम छीन कर उड़ाए 45 हजार

## पलक झपकते हुई घटना से पीड़ित युवक रहा भौचक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** ऊंचडीह बाजार में लगे एटीएम पर पैसा निकालने आए युवक उचक्कों ने एटीएम कार्ड छीनकर भाग गए और दूसरे एटीएम से ₹45000 निकाल कर फरार हो गए।यह घटना कुछ मिनट के अंदर हो गयी,जब तक युवक को मैसेज आया उस वक्त तक उचक्के पहुंच से बाहर जा चुके थे।

यह घटनाक्रम इतना तेजी से घटा कि पीड़ित युवक घबरा गया।जब युवक के मोबाइल पर मैसेज आया तो पता चला कि एटीएम से ₹45000 निकल गया। आनन फानन में वह कुछ समझ नहीं पाया अपने परिजनों को फोन करके बुलाया तब तक उचक्के एटीएम के ज़रिए पैसा निकाल कर भाग चुके थे। जानकारी अनुसार ऊंचडीह बाजार में एटीएम में करछना थाने के बस्तर गांव का सौरभ पुत्र शैलेश पैसा निकालने आया था, तभी प घात लगायें उचक्कों ने उससे एटीएम छीन कर भाग निकले। कुछ देर बाद सौरभ के मोबाइल पर 45000 रुपए का निकासी का मैसेज आया तो युवक हक्का-बक्का रह गया। उचक्कों से लुट चुके युवक के परिजन भी हैरान परेशान दिखे।कहा थाने जा कर उचक्कों के खिलाफ तहरीर देंगे।

# अच्छी शिक्षा से बनता है अच्छा समाज-एस के तिवारी

## सेंट्रल एकेडमी के स्थापना दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुति से मोहा दिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** सेंट्रल एकेडमी सराय इनायत प्रयागराज का दूसरा स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लाश पूर्वक मनाया गया। एस.के. तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल अकादमी प्रयागराज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री तिवारी ने कहा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ अनुशासन ही हमारी प्राथमिकता रही है।बच्चों के भविष्य को संवारने का हर प्रयास प्रबंधन द्वारा किया जाता रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगणेश वंदना एवं माँ सरस्वती वंदना एवं पूजा से हुआ है। विद्यालय के दूसरे स्थापना दिवस के कार्यक्रम में सेंट्रल एकेडमी प्रयागराज के डायरेक्टर एस.के.तिवारी ने सभी अभिभावकों और बच्चों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी हैं। श्री तिवारी ने स्थापना दिवस के महत्व एवं शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। एस.के.तिवारी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्रों के प्रदर्शन को सराहा और मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। उन्हें अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है।



विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।देश बदल रहा है,देशभक्ति गीत,नृत्य एवं स्कूल सोंग्स आदि कई रंगारंग कार्यक्रम छात्रों एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए।दूसरे स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के होनहार छात्र- छात्राओं को कैबनेट मेंम्बर बनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी कैबेनेट मेंबरों को कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई। तथा बच्चों ने मार्च पास्ट किया। प्रधानाचार्य ऋचा त्रिपाठी ने कहा यदि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें तो वह आगे चलकर दुनिया में एक अच्छा समाज बना सकते हैं।

स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकरदेव त्रिपाठी एडवो. प्रान्त संस्कृत प्रमुख,विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त, सम्माननीय आनंद पांडेय प्रधानाचार्य सेंट्रल अकैडमी झूंसी प्रयागराज, श्रीमती दीप्ति मिश्रा प्रधानाचार्य सेंट्रल एकेडमी पैरेंट्स प्राइड झूंसी प्रयागराज,सराय इनायत शाखा के सभी अध्यापकगण अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य श्रीमती ऋचा त्रिपाठी ने अतिथियों उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार जताया है।

# देश में मोदी समर्थन में चल रहा बदलाव का दौर-प्रदीप पांडेय

## कहा,मुस्लिम अब दलों का चारा और डर से वेचारा बनने को तैयार नहीं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** भाजपा के मंत्र सबका साथ,सबका विकास और सबका विस्वास समय के साथ प्रभावी हो रहा है।

इलाहाबाद संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के चुनाव प्रचार में निकली टीम क्षेत्र के खानपुर गांव की मुस्लिम बस्ती में पहुंची तो वहाँ आधा दर्जन लोगों ने भाजपा के समर्थन का दावा किया,कहा अब हम लोग किसी दल के वोट बैंक बनने की बजाय हित अनहित का आंकलन कर भाजपा का समर्थन करेंगे।

खानपुर के डॉ मोहर्रिर अली ने भाजपा नेता प्रदीप कुमार पांडेय से कहा कि मुसलमान अब तक दलों के लिए चारा और अशिक्षा और गरीबी के कारण वेचारा बना रहा है।

देश बदल रहा है,लोगों की सोच बदल रही है।मोदी और योगी सरकार ने विकास में कोई भेदभाव नही कर रही है।जो मुसलमान समय के साथ चलना पसंद करता है उसकी सोच बदल रही है।मुसलमानों का एक




तबका भाजपा को वोट देने का मन बना रहा है।खानपुर के कुछ परिवार बीजेपी को वोट और समर्थन करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में प्रदीप कुमार पांडे प्रतिनिधि नीरज त्रिपाठी के साथ वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी,अभिजीत सोनकर, भारत पाल के साथ खानपुर में मुस्लिम बस्ती में जनसंपर्क किया गया। जिसमें मुसलमान भाइयों ने एकजुटता के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रयागराज के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को अपना समर्थन देने की बात कही ।डॉ मोहर्रिर अली ने कहा कि हम लोगों को वोट बैंक समझने वालों को इस बार करारा जबाब देंगे। समर्थन देने वालों में, डॉ मोहरिर अली, गुल मोहम्मद, बब्बू अहमद, गुलफाम,जाबीर, सलमान, अली, राजेंद्र प्रसाद पाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भोगवारा में अधिकारियों ने अमृत सरोवर तालाब का किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** प्रतापपुर विकास खंड के भोगवारा गांव में मनरेगा से बन रहे अमृत सरोवर तालाब का शनिवार को अधिकारियों ने औचक निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रतापपुर विकास खंड के भोगवारा गांव में मनरेगा योजना द्वारा अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण करने के लिए पीडी बाराबंकी मनीष कुमार मौर्य, डी सी मनरेगा गुलाब चंद्र के साथ खंड विकास अधिकारी प्रतापपुर मनोज कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की अमृत सरोवर तालाब शासन के प्राथमिकताओं में सर्वश्रेष्ठ है इसमें गुणवत्ता और मानक पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है इसमें किसी भी प्रकार से कोई कमी न रहे इसका




संबंधित कर्मचारी और जनप्रतिनिधि विशेष ध्यान दे। उपरोक्त अधिकारियों ने कहा की अमृत सरोवर तालाब को माडल तालाब के रूप में विकसित करते हुए इसे सुंदर और आकर्षण तरीके से इसका रूप दिया जाय

ताकि ग्रामीण इसे पर्यटक के रूप में देख सके यहां टहलने घूमने से लेकर बैठने आदि की समुचित व्यवस्था किया जाय।

मौके पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अखलेंद्र प्रताप सिंह,तकनीकी सहायक परवेज अहमद,ग्राम प्रधान धन्नी देवी,प्रधानप्रतिनिध राजेंद्र प्रसाद, ग्रामीण रविकांत,जय सिंह यादव,सुधाकर,कमलेश कुमार आदि रहे।

# प्रियांशु की गेंदबाजी से फाफामऊ क्लब फाइनल में

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को नौ विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। इस जीत में लेफ्ट आर्म स्पिनर प्रियांशु यादव की अचूक गेंदबाजी (4-0-25-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर 12.3 ओवर में 67 रन (अनस अहमद 15, प्रियांशु यादव 5/25, नितिन यादव 2/08, ध्रुव प्रताप सिंह 2/29) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 6.2 ओवर में एक विकेट पर 70 रन



(गौरव पाठक 40 नाबाद, शशांक मेहरोत्रा 1/33) बना लिए। प्रियांशु यादव को पूर्व एजीयूपी के क्रिकेटर अस्करी अब्बास ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता के महासचिव कलीम खान एवं आयोजन सचिव इमरोज अली के अनुसार फाइनल मुकाबला रविवार (28 अप्रैल) को चौधरी नौनिहाल क्लब और फाफामऊ क्लब के बीच दोपहर एक बजे से खेला जाएगा। शाम पांच बजे होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. ज्योति भूषण, एमएस (सर्जरी) भूतपूर्व सीनियर रेजिडेन्ट गैस्ट्रो, सर्जरी विभाग-सर गंगा राम हॉस्पिटल, नई दिल्ली होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गाईनोकोलॉजिस्ट डॉ. श्रेया दीक्षित, सीयूपीएल के निदेशक रॉबिन दीक्षित और सीयूपीएल डॉ. प्रशांत मौजूद रहेंगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा : नुक्कड़ नाटक ने दिखाया सच का आइना

**प्रयागराज।** स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा में नुक्कड़ नाटक नाट्य अभिनय संस्थान प्रयागराज के कलाकारों ने इलाहाबाद संग्रहालय के प्रांगण में नुक्कड़ नाटक संकल्प स्वच्छता का मंचन किया।

नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा की सामूहिक चेतना का सबसे सशक्त माध्यम है नुक्कड़ नाटक, कलाकारों ने न सिर्फ समस्याओं को अवगत कराया बल्कि आम जनमानस इस समस्या से कैसे निपट सकते हैं कैसे अपने आसपास स्वच्छता रख सकते हैं और महात्मा गांधी बापूजी के विचारों को आगे ले जा सकते हैं और न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व को स्वच्छ बना सकते हैं इसका सफल पूर्वक संदेश दिया। इस दौरान अभिनेता कौस्तुभ पांडे ने पीके की भूमिका अदा करतेहुए संग्रहालय के समस्त पदाधिकारी कर्मचारियों से सवाल जवाब भी किया यह नुक्कड़ नाटक पूरी तरह दो पक्षों के संवादों पर आधारित था जहां दर्शक भी कलाकारों से प्रश्न



कर सकते थे और कलाकार दर्शकों से संवाद स्थापित कर सकते थे।

इलाहाबाद संग्रहालय की ओर से इस कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर नगीना राम जी ने किया। इस दौरान राजेश मिश्रा, सुशील शुक्ला, संजू मिश्रा, संतोष गुप्ता , विजय बहादुर सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक में अभिनय कर रहे कलाकारों में लवकुश भारतीय, मोहम्मद साजिद कौस्तुभ पांडे, आनंद यादव, नम्रता सिंह, निशि कुमारी सूरज कुमार, अरविंद यादव, कृष्ण यादव ,दीपक कुमार वृक्ष हरमिंदर सरताज, ज्ञानेंद्र, आर्यन, साहिल केसरवानी अभिषेक खत्री ,शिवकुमार अनुकूल सिंह, प्रदीप सागर और अनामिका गुप्ता मौजूद रहे।

# किशोरी ने घर में फांसी लगा कर दी जान, चीर घर भेजा गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव में शनिवार को दोपहर 18 वर्षीय मानसी पुत्री पप्पू सरोज ने अपने ही घर के अंदर पंखे में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। ग्राम प्रधान व परिजनों के द्वारा होलागढ़ पुलिस को सूचना दी गई तो होलागढ़ थानाध्यक्ष सविन तोमर पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्राम प्रधान और परिजनों की मौजूदगी में बंद दरवाजे की कुंडी तोड़कर पंखे पर लटकी किशोरी का शव बाहर निकाला।

होलागढ़ पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर चीर घर के लिए भेजा गया।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मानसिक रूप से परेशान महिला लापता

## परिजनों ने थाने में गुमशुदी की दी तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** क्षेत्र के रामनगर ग्राम पंचायत की एक मानसिक रूप से परेशान महिला लापता हो गई। परिजन संभावित स्थानों एवं रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किए, लेकिन महिला का कहीं कुछ पता नहीं चला।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर (शिव वंश राय का पूरा) गांव निवासी मुन्नूलाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बहू संजू देवी पत्नी मनीष कुमार यादव जो काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान है,


वह शुक्रवार को घर से कहीं लापता हो गई। शाम से परिजन खोजबीन में जुटे रहे। शनिवार सुबह पुलिस को तहरीर देकर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

# इंद्रनील घोष उत्तर प्रदेश फुटबॉल टीम के मुख्य चयनकर्ता बने

**प्रयागराज।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (पेफी) द्वारा वर्दमान पश्चिम बंगाल में आगामी जून माह में अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे उत्तर प्रदेश राज्य फुटबॉल टीम भी प्रतिभाग करेगी। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (पेफी), खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा प्रमाणित एक राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था है।

नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष को उत्तर प्रदेश फुटबॉल टीम के मुख्य चयनकर्ता मनोनीत किया गया है। यह जानकारी पेफी उत्तर प्रदेश के सचिव नंदिनी रावत ने इंद्रनील घोष को ईमेल द्वारा लिखित पत्र से दिया।

इंद्रनील इससे पहले भी कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर



प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है।वहाल ही में इंद्रनील संतोष ट्रॉफी सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में त्रिपुरा टीम के गोलकीपर प्रशिक्षक भी थे।

इंद्रनील की इस उपलब्धि पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक तिवारी, प्रधानचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 शैलेश वर्मा, फुटबॉल प्रशिक्षक संजय भट्टाचार्य, सुनील निगम, सुशील कुमार ने शुभकामनाये दी।

# यातायात के नियमों के पालन से हादसे में आएगी कमी, एआरटीओ

## मार्ग हादसे में घायल व्यक्ति को पहुंचाएं अस्पताल

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** यातायात के नियमों की जानकारी देकर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सरकार व संबंधित विभागों की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत शनिवार को मंझनपुर स्थित उप संभागीय कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वाहन चालकों को जागरूक किया गया। उप संभागीय कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में एआरटीओ तारकेश्वर मल्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं वाहन चालकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सबका प्रयास एवं भागीदारी जरूरी है। जिले में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटनाओं की वजह से सैकड़ो लोग की जिंदगी चली जाती है। लोगों को जीवन को बचाने के लिए यातायात के नियमों का पालन हर व्यक्ति को करना चाहिए। कहां कि विशेष रूप से युवा यातायात नियमों का पालन नहीं करने एवं लापरवाही





से वाहन चलाने के कारण सड़क हादसे के शिकार हो जाते हैं। इससे उनकी मौत तक हो जाती है। साथ ही कुछ व्यक्ति जीवनभर के लिए शारीरिक अपंगता के कारण सामान्य जीवन नहीं जी जी पाते हैं टीआई कमलेश पांडेय ने कहा कि वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर पुलिस हुआ परिवहन विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में 22 अप्रैल से चार म ई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देश पर इस अभियान के तहत स्कूलों, चौराहा समेत स्थान पर संगोष्ठी का आयोजन करके वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है। आर आई कौशल किशोर सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय सभी प्रकार के नियमों का पालन करें। यदि फोर व्हीलर चला रहे हैं तो सीट बेल्ट का उपयोग करें। बाइक चलाते हुए हेलमेट जरूर लगाए, पास मिलने पर ही गाड़ी को आगे निकले। यातायात के नियमों का पालन करने से ही सड़क हादसे से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति हादसे में घायल हो रहा है तो वहां पर उपस्थित लोगों की जिम्मेदारी है कि वह उसे अस्पताल पहुंचाएं जिससे उसकी जिंदगी बच सके। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों को आरटीओ ने यातायात के नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई,

चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 139 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन को सीज किया गया।

# स्व0 जर्नादन प्रसाद पाण्डेय इण्टर मीडिएट कालेज से निकली मतदाता जागरूकता रैली



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के आदेशानुसार मुख्यालय स्थित स्व0 जर्नादन प्रसाद पाण्डेय इण्टर मीडिएट कालेज से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

मतदाता जागरूकता रैली विद्यालय से निकल मुख्यालय का भ्रमण किया।। जनपद के मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान दिवस 20 मई 2024 को ÷छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान। पहले मतदान, फिर जलपान। चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी। सबका यह अरमान है, करना अब मतदान है। भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं। प्रजातन्त्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं। आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें। हम अपना कर्तब्य निभायेंगे, सबसे मतदान करायेंगे।÷ आदि स्लोगन के माध्यम से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। रैली में विष्णु तिवारी, आशुतोष सिंह, ऋषु सिंह, रागिनी सिंह, फरानाज, शशिकांत पाण्डेय, भगवानदीन तिवारी, सत्यप्रकाश, प्रदीप सिंह, कुलांशु सिंह, शिवाकान्त, एस0के0 सिंह, मौजूद रहें।

# आरोप-टीकाकरण के लिए गांव नहीं पहुंच रही एएनएम

## गर्भवती महिलाओं को परेशानी

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सीएचसी सिराथू क्षेत्र के खनवारी गांव में नियुक्त एएनएम नियमित रूप से बने सेंटर में नहीं पहुंच रही हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं ,नवजात शिशु को टिटनेस, बीसीजी आदि बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण करने के लिए परेशान होता पड़ता है ऐसे में गांव के लोगों को मजबूरन 15 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है स्वास्थ्य कार्यकत्री के मनमानी के चलते जनमानस को बेहतर चिकित्सीय सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है मामले की शिकायत करने के बाद भी उच्च अधिकारी गांव नहीं पहुंच रहे व एएनएम के खिलाफकार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। मातृत्व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए भारत सरकार की ओर से वंदना मातृत्व योजना शुरू की गई है जिसके तहत गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं और 3 साल तक के बच्चों का टिटनेस, बीसीजी, हेपेटाइटिस बी सहित तमाम टिके लगाए जाते हैं ऐसे में गांव गांव तक टीकाकरण की जिम्मेदारी एएनएम को सौपी गई है लेकिन लापरवाह कर्मचारियों के चलते जनमानस को परेशान होना पड़ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खनवारी गांव में तैनात एएनएम बुधवार व शनिवार को गांव में बने सेंटर में नहीं पहुंचती हैं। ऐसे मे दिन भर ताला लटकता रहता है। जिसकी वजह से गांव के लोगों को मजबूरन प्रचंड गर्मी व तपती धूप में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को टीका लगवाने के लिए सिराथू अस्पताल जाना पड़ता है। गांव के बिहारी लाल, सुशीला देवी, लालती देवी आदि महिलाओं का कहना है एएनएम के न आने की शिकायत कई बार अधिकारियों से करने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं आया है। जिससे लोगों को अभी भी परेशान होना पड़ता है।

## चकमार्ग पर अवैध निर्माण की शिकायत एसडीएम से

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के एक गांव में एक दबंग दारा चक मार्ग पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, ग्राम प्रधान के मना करने पर दबंग झगड़े पर अमादा हो जाता है, ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। विकास खंड कड़ा के सैनी ग्राम प्रधान कमला देवी ने शनिवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की ग्राम पंचायत में स्थित चक मार्ग में एक दबंग द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है, प्रधान का आरोप है की मना करने पर दबंग झगड़े पर अमादा होकर धमकी देता है। मामले में एसडीएम सिराथू ने सैनी पुलिस को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए है।

# व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

### पेड न्यूज पर विशेष निगरानी रखने के दियं निर्देश

### क्षेत्रों में ड्यूटी कर रहें एफएसटी टीम की गाड़ियों की लोकेशन को जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से किया अवलोकन व सत्यापन





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी ने आज एमसीएमसी एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने एमसीएमसी के निरीक्षण के दौरान पेड न्यूज के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश देते हए कहा कि पेड न्यूज पर विशेष निगरानी रखी जाय। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया में प्रसारित, प्रकाशित विज्ञापन की रिपोर्टिंग के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। व्यय प्रेक्षक ने कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान सी-विजिल पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का अवलोकन एवं शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता की भी जॉच की। उन्होंने क्षेत्रों में ड्यूटी कर रहें एफएसटी टीम की गाड़ियों की लोकेशन को जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से अवलोकन एवं सत्यापन किया। इसके साथ ही सोशल मीडिया-एक्स, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन से सम्बन्धित किये गये पोस्ट का अवलोकन किया। सोशल मीडिया-एक्स में फॉलोवर की जानकारी ली, जिसमे 31 हजार 800 फॉलोवर हैं। उन्होंने मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित सोशल मीडिया में पोस्ट किये गये गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने डिस्ट्रिक कॉल सेन्टर एवं मतदाता हेल्पलाइन-1950 पर प्राप्त शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए शिकायती रजिस्टर का अवलोकन कर निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रभारी व्यय लेखाध्वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द प्रताप सिंह, प्रभारी कन्ट्रोल रूमध्अधिशासी अभियंता सिंचाई जगदीश लाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### प्रेक्षक ने सैनी में पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण

सिराथू, कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पोलिंग बूथों का जायजा लेने शनिवार को प्रेक्षक विजय कुमार थामी व सैनी पुलिस ने पोलिंग बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के अफसरों ने चुनाव कर्मियों को मतदान को सही तरीके संपन्न कराने की हिदायत भी दी है। साथ ही प्रेक्षक ने सभी पोलिंग बूथों में बिजली, पानी, रैम्प जैसी सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया है

कि चुनाव कर्मियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान थानाध्यक्ष जयचंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक शौकत अली खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मेघावियों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड की इंटर मीडिएट परीक्षा में राज्य की टॉप टेन सूची में जगह बनाने वाली रियाज इंटर मीडिएट कॉलेज की छात्रा सलोनी सिंह व जिले की टॉप टेन सूची में जगह बनाने वाली मिस्बा फातमा व रूबी देवी के सम्मान में विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सचिदानन्द यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।इस दौरान कॉलेज के छात्र छात्राओं ने गीत, कविता, नज्म आदि प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरिक्षक डॉ सचिदानन्द यादव ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि अगर मन में दृढ़ संकल्प हो तो आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नही सकता। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने बच्चों को कविता और शायरी भी सुनाई और तमाम तरह के पारिवारिक व सामाजिक पहलुओं पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने विद्यालय की तीनों मेघावी छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

# लोहंदा में मतदान का वहिष्कार करेंगे ग्रामीण

## बिजली की समस्या सहित विकास कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने दिखाई नाराजगी






लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** लोकसभा संसदीय सीट पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है। इस बीच सिराथू विधानसभा क्षेत्र के लोहंदा गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, पानी, नाली, खड़ंजा जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान न हो पाने से नाराज लोगों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। लोहंदा गांव के लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है की गांव में बिजली नहीं तो मतदान नही साथ ही ग्रामीणों ने कहा की जबतक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक वोट नहीं डालेंगे। एक और जिला प्रशासन वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर नए-नए नवाचार कर रहा है, लेकिन दूसरी और लोग मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। स्थानीय समस्याओं को लेकर लोहंदा गांव के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए आने वाले 20 मई को मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। लोहंदा के भगवानदिन, मन्नती देवी, ज्ञान सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली की प्रमुख समस्या है इसके साथ ही खड़ंजा, नाली, सड़क निर्माण कार्य न होने की समस्याओं से गांव के लोग परेशान हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्या हल कराने में रूचि नहीं दिखाई, जबकि गांव में दो हजार के करीब मतदाता है और मतदान न करने का फैसला लिया गया है, क्योंकि जब जनप्रतिनिधि गांव में विकास नहीं कराते तो उनके लिए मतदान क्यों करें। नाराज ग्रामीणों ने मतदान करने से बहिष्कार करेंगे। गांव में प्रदर्शन की जानकारी पर पहुंची तहसीलदार पूर्णिमा सिंह लोहंदा पहुंची और ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने फोन पर वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक धर्मपाल, लेखपाल, भैयालाल, धर्मराज आदि तहसील कर्मी मौजूद रहे ।

### क्या कहते है एसडीएम सिराथू

सिराथू, कौशाम्बी। मामले में एसडी एम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मामले की जानकारी पर तहसीलदार पूर्णिमा सिंह को गांव भेजा गया है, आचार संहिता लगने के कारण नया कार्य नहीं हो सकता, चुनाव होने के बाद समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा,

साथ ही एसडीएम सिराथू ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा की मतदान हमारा अधिकार है सबको मतदान जरूर करना चाहिए।

# सार्वजनिक धर्मशाला का हुआ भूमि पूजन और शिलान्यास



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 24 शहीद गुलाब सेन नगर एन डी कॉलोनी में भव्य मंदिर व सार्वजनिक धर्मशाला का भूमि पूजन और शिलान्यास नगर पुरोहित पंडित सुरेंद्रनाथ शुक्ला उर्फ पप्पू ने पूजा अर्चना के साथ संपन्न कराया। नगर पालिका परिषद भरवारी वार्ड नंबर 15 देहदानी रमाशंकर नया बाजार निवासी स्वर्गीय राम सजीवन मधुकर जी की स्मृति में उनके पुत्र आलोक केसरवानी एवं विवेक केसरवानी द्वारा नगर पालिका परिषद भरवारी वार्ड नंबर 24 शहीद गुलाब सेन नगर एन डी कॉलोनी मे नगर पुरोहित पंडित सुरेंद्रनाथ शुक्ला उर्फ पप्पू द्वारा मंदिर और सार्वजनिक धर्मशाला स्थापना हेतु भूमि पूजन विद्युत पूजा अर्चना किया।

# पुरानी रंजिश में युवक पर तमंचे से फायर झोंकने का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट कोतवाली के उजहिनी आईमा गांव में शनिवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर बाइक से आए बदमाशों ने युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। उजहिनी गांव की नुसरत ने बताया कि जमीन को लेकर गांव के एक व्यक्ति से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। शनिवार दोपहर उसका बेटा गुड्डू बाइक से चोकर लेने गांव के बाहर दूकान गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद युवकों ने गुड्डू की पिटाई करने लगे। किसी तरह उनके चंगुल से छूट वह बाइक लेकर घर की तरफ भागा। दोनो युवक अपनी बाइक से पीछा कर उसके घर पहुंच तमंचे से फायर कर दिया। युवक किसी तरह घर में घुस कर अपनी जान बचाई। फायर की आवाज सुन लोगों को आता देख हमलावर बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए। नुसरत की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो बाइक को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी भुवनेश चौबे का कहना है फायर का आरोप झूठा है। दोनो पक्षो के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। इसी को लेकर दोनो पक्षो में मारपीट हुई है। तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

## अमर्यादित स्टेटस लगाने पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी की शिकायत पर भगवान श्रीराम के खिलाफ व्हाट्सएप पर अमर्यादित स्टेटस लगाने के मामले में युवक के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी भुवनेश चौबे ने बताया कि संदीपन घाट गांव निवासी मिथलेश बाबू पुत्र दशरथ लाल पिछले कुछ दिनों से अपने व्हाट्सएप्प पर भगवान राम के खिलाफ अमर्यादित स्टेटस लगाया था।यह देख धर्म से जुड़े लोगों में आक्रोश फूट पड़ा।इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मौर्या ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी थी। पुलिस युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की तलाश में जुट गई है।

# दूल्हे की हरकत से नाराज दुल्हन ने शादी से इनकार किया, बारात लौटी

**महोबा, (हि.स.)।** जनपद में शुक्रवार की देर रात को जयमाला के बाद सात फेरों के समय दूल्हे ने ऐसी हरकत कर दी कि जिससे कन्या पक्ष नाराज हो गया। दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में ले लिया।जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के कैमाहा निवासी कन्या की शादी मध्य प्रदेश की छतरपुर जनपद के नौगांव थाना क्षेत्र के पनपुरा गांव निवासी एक युवक से तय हुई थी। गांव में बारात आने के बाद विवाह से जुड़ी अन्य रस्में हुई। सात फेरों की रस्म चल रही थी, उसी समय दूल्हे ने दुल्हन की बुआ के साथ छींटाकशी कर दी, जिससे कन्या पक्ष आग बबूला हो गया। वहीं, दूल्हे की इस हरकत से दुल्हन ने शादी से साफ इनकार कर



दिया। इसके बाद चल रही फेरों की रस्मों को रोक दिया गया और पुलिस को सूचना दी गई।श्रीनगर थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि कन्या पक्ष की तहरीर पर दूल्हे को हिरासत में लिया है। वर और वधू के दोनों पक्ष को बैठाकर समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन कन्या शादी को तैयार नहीं हुई। इसके बाद बारात बिना दूल्हे के वापस अपने घर लौट गयी।

# बारात में डीजे की धुन पर नाचने को लेकर युवक को पीटकर किया अधमरा

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट कोतवाली के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव में शुक्रवार रात बारात में युवक डीजे की धुन पर नाचने को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षो के बीच जमकर मारपीट हो गई। पिटाई से एक युवक अधमरा हो गया। जानकारी पाकर बुजुर्गो ने मामला शांत कराया। घायल युवक शनिवार को थाने पहुंच आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

पिपरी कोतवाली के तिलगोड़ी गांव निवासी सोनू पुत्र उदल ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह अपने चचेरे भाई कुशल की बारात लेकर देशराज सरोज के घर कोइलहा गांव आया था। इसी घर में एक और बारात सरायअकिल के फकीराबाद से भी आई थी। द्वारपूजा के दौरान बारात में दोनो बारात के युवक डीजे की धुन पर नाचने को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों से जुटे युवको में जमकर मारपीट होने लगी। जिससे बारात में भगदड़ मच गई। इसीबीच सोनू को आधा दर्जन युवक मिल कर खेत की तरफ घसीट ले गए। उन्होंने डंडे से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे उसको गंभीर चोंटे आई है। चीख पुकार सुन बारात में मौजूद बड़े बुजुर्गो ने युवक की जान बचाई। आनन फानन उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। शनिवार शाम अस्पताल से लौटकर घायल ने चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## नशेड़ी युवक के पत्नी को पीटने पर मुकदमा दर्ज

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव की सुजाता सागर ने बताया कि उसका पति संजय सागर नशेड़ी प्रवृत्ति का है।वह नशे में घर आकर अनायास गाली गलौज और मारपीट करता रहता है।आरोप है कि गुरुवार की शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज कर डंडे से पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला रोती बिलाखती मायके पहुंच घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी पाकर परिजनों के होश उड़ गए।

# चिकित्सा विज्ञान में मेधाशक्ति के लिए ज्ञानार्जन में सदैव प्रेरणादायी रहेगा डा. अलका का व्यक्तित्व

## मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर डा. अलका तिवारी की पुण्यतिथि पर हुए विविध आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ एवं मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर डा. अलका तिवारी की बारहवीं पुण्यतिथि शनिवार को समारोहपूर्वक मनाई गयी। डा. अलका की याद में संगोष्ठी व मरीजों को फल वितरण के साथ जीएनएम की प्रशिक्षु छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। डा. अलका राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की धर्मपत्नी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की मां भी थी। तहसील परिसर स्थित लाइब्रेरी हाल में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी व पूर्व निदेशक डा. वकील अहमद एवं पूर्व उप निदेशक डा. पुरूषोत्तम शुक्ल समेत अतिथियों द्वारा डा. अलका के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में डा. अलका के योगदान एवं मानव स्वास्थ्य सुरक्षा पर शोध प्रबन्धन को लेकर व्याख्यान माला में यूनानी चिकित्सा के पूर्व मण्डलीय निदेशक डा. वकील अहमद ने डा. अलका के द्वारा मरीजों के उपचार एवं चिकित्सीय परामर्श की विशेषज्ञता को अनुकरणीय कहा। मुख्य अतिथि पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी ने डा. अलका तिवारी को चिकित्सा विज्ञान में दिशाबोधक व्यक्तित्व बताया। पूर्व उप निदेशक स्वास्थ्य डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने कहा कि मरीज के







बेहतर उपचार व देखभाल को लेकर डा. अलका तिवारी की सेवा आज के दौर मे चिकित्सा जगत के लिए सर्वोत्कृष्ट सेवा का आदर्श है। अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि गरीब तबके के निशुल्क उपचार में भी डा. अलका का कृतित्व सदैव स्मरणीय रहेगा। विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को मानव जीवन रेखा को संरक्षित करने मे डा. अलका तिवारी का शोध मानव स्वास्थ्य को संरक्षित करने में अप्रतिम है। विशिष्ट अतिथि संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने डा. अलका तिवारी की संवेदनाओं को मानवीय करूणा का द्योतक बताया। भाजपा नेता पं. राधारमण शुक्ल व सपा नेता रामलगन यादव ने भी डा. अलका के द्वारा चिकित्सा सेवा में क्षेत्र के लोगों की निर्मल सेवा को सामाजिक परिवेश के लिए प्रेरणास्पद कहा। सह संयोजक समाजसेवी पप्पू तिवारी ने डा. अलका के जीवन दर्शन के अनुकरणीय पहलुओं को सामने रखा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा प्रशिक्षु जीएनएम छात्राओं सत्या मिश्रा, श्रेया यादव, कामिनी गौतम, नीलू सरोज व प्रियंका मौर्या को डा. अलका तिवारी स्मृति सम्मान 2024 प्रदान किया गया। संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने स्वागत तथा पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुड्डू ने आभार जताया। संगोष्ठी को सभासद पन्ने लाल पाल, सभासद सोनू शुक्ल, पं. शिवाकांत उपाध्याय, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, इं. सुनील पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, साहित्यकार महादेव मिश्र बम बम, दुर्गेश पाण्डेय, कर्मचारी नेता रामलोचन त्रिपाठी ने भी संबोधित करते हुए डा. अलका के वृहद व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पं. केशवदत्त पाण्डेय, अतुल शुक्ल, महेन्द्र तिवारी, रामू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, राजेश तिवारी, घनश्याम मिश्र, आशीष तिवारी, राकेश तिवारी गुडडू, सत्यप्रकाश मिश्र, संजीव तिवारी, सिंटू मिश्र, अरविंद पाण्डेय, दिनेश सिंह, मो. ईसा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, प्रभाकर पाल, अजय शुक्ल, रामकिंकर शुक्ल, शास्त्री सौरभ, मोनू पाण्डेय, राजीव तिवारी, सुमित त्रिपाठी वत्सल, मनोज शुक्ल, अखिलेश द्विवेदी, राजेश्वर यादव, राकेश पाण्डेय, संदीप त्रिपाठी, महेन्द्र मिश्र, पंकज मिश्र, ज्ञानप्रकाश वर्मा, राजकुमार तांत्रिक, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि रहे।

# राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में कटरा गुलाब सिंह के 19 बच्चों ने फिर लहराया परचम

### बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने किया सम्मानित
### अगली प्रतियोगिता की तैयारी हेतु शिक्षक फरहीम ने बांटी 51 प्रतियोगी किताबें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा गुलाब सिंह।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के 19 बच्चे चयनित होकर जनपद में पुनः परचम लहराया है। शनिवार को आयोजित छात्र सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने सभी 19 बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया । यहां का छात्र शिवांश गुप्ता 143 अंक अर्जित कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र मिश्र जो इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे उन्होंने बच्चों के बीच अपने अनुभवों को साझा किया।

मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं अपने कार्यकाल में अभी तक ऐसा विद्यालय नहीं देखा। प्रधानाध्यापक फरहीम एवं पूरे शिक्षक बधाई के पात्र हैं जो प्रतिवर्ष इतने बच्चों का चयन कर रहे हैं। विगत सत्र 22 में दो बच्चे सत्र 23 में 26 बच्चे, सत्र 24 में 19 बच्चे, सत्र 24/25 में 19 बच्चे कुल 66 बच्चों का चयन राष्ट्रीय योग्यता में हो चुका है । प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम ने कक्षा 6 ,7, 8 के 51 बच्चों को निःशुल्क प्रतियोगी किताबें प्रदान की।इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जियालाल, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह, पितामह यादव, रोशन, नीतू वर्मा, शिखा श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय पूरे वैष्णो के शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, सुभाष पांडेय, सुभाषचंद्र ,बालेंद्र प्रताप सिंह, तथा अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चंद्र पांडेय अखिल ने किया ।अंत में सभी अतिथियों का आभार प्रकट प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम ने किया।

# देशी बम समेत युवक गिरफ्तार

**उदयपुर प्रतापगढ़-** स्थानीय थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने मय हमराह उप निरीक्षक अजीत यादव, सिपाही राममिलन यादव,राहुल प्रताप सिंह शनिवार को सुबह लगभग साढ़े पांच बजे चेकिंग पर थे। उसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दिया कि कटरिया नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है और कहीं निकलने की फिराक में है जिसको अभी पकड़ा जा सकता है द्य उसी समय चारों तरफ से घेरकर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूंछ तांछ में अपना नाम जाबाज कुरैशी पुत्र वकील अहमद निवासी ग्राम अठेहा बताया द्य तलासी में पांच देसी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है

# कर्म के आधार पर सुख व दुख का वरण स्वयं करता है जीव-आचार्य करूणाशंकर

### अझारा में श्रीमदभागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु, सांसद प्रमोद तिवारी को मिला व्यासपीठ से लोकमंगल का आशीष



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अझारा गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे ने कहा कि भगवान उसी को शरण दिया करते हैं जो दूसरों के लिए सुखदायी हुआ करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए अपने और पराये में कोई विभेद नही किया। उन्होने बताया कि श्रीमदभगवदगीता मनुष्य को कर्म के आधार पर सुख और दुख के बंटवारे के निर्णय का मार्ग प्रशस्त किया करती है। आचार्य करूणाशंकर जी ने कहा कि पूजा और आराधना दिखावे का आंशिक प्रतिफल भी नहीं दिया करती। उन्होनें कहा कि सच्चे मन से भगवान का स्मरण और कथाओं में भगवान की महिमा का वर्णन जीवन में आत्मसात करना ही पुण्य का एक मात्र मार्ग है।

कथा श्रवण के लिए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भी पहुंचे। उन्होने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से व्यासपीठ का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं व्यासपीठ से प्रमोद तिवारी को लोकमंगल का आशीर्वाद भी मिला दिखा। कथा के संयोजक पूर्व प्रधान प्रवीण कुमार मिश्र एवं निर्मला मिश्रा ने श्रीमदभागवत भगवान का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक श्रवण कुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। इस मौके पर पं. देवानंद मिश्र, आईपी मिश्र, निशा मिश्रा, किरन मिश्रा, आनन्द मिश्र, सुनील पाण्डेय, प्रकाशचंद्र मिश्र, रामशिरोमणि मिश्र, पवन शुक्ला, इं. रमेश शुक्ला, राहुल सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, छोटे लाल सरोज, प्रियम मिश्र आदि रहे।

# पुलिस टीम पर हमले का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक घटना के दौरान आरोपियो द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा हमले को लेकर एक आरोपी को शनिवार की दोपहर धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा भुवाल सिंह यादव तथा विनोद कुमार चौरसिया फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। लालगंज कोतवाली के पुरवारा कटरा दुग्धा से मुकदमें मे फरार आरोपी नेकपाल उर्फ घनश्याम पटेल का पुत्र अभिषेक पटेल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। बतादें बीती ग्यारह जनवरी को कटरा दुग्धा में सड़क दुर्घटना में गांव के रामसमुझ पटेल की पत्नी कृपाला की मौत हो गयी थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना से नाराज होकर जाम लगा दिया था। जाम की सूचना पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी देर शाम घटनास्थल पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में सीओ समेत कुछ पुलिसकर्मी चुटहिल हो गये। पथराव को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा बलवा व सरकारी कामकाज में बाधा समेत दर्जन भर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर रखा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मौत को लेकर मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज करने की बात कही है। लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली गांव के गोपाल दुबे का पुरवा में गांव के आनंद दुबे की पत्नी चांदनी दुबे 27 शनिवार की सुबह अपने कमरे में बिस्तर पर मृत मिली। चांदनी को मृत देख उसकी ससुराल में हडकंप मच गया। ससुरालीजनों ने चांदनी के मायके पक्ष के परिजनों को फोन पर उसकी मौत की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग चांदनी की मौत को लेकर आक्रोशित हो उठे। इधर मृतका के भाई लालगंज कोतवाली के अझारा निवासी गंगा प्रसाद तिवारी के पुत्र लवकेश तिवारी ने पुलिस को ससुरालीजनों के खिलाफ बहन की दहेज हत्या को लेकर तहरीर दी है। तहरीर में लवकेश ने कहा है कि उसकी बहन की शादी आनन्द दुबे पुत्र स्व. धर्मेन्द्र दुबे के साथ बारह दिसंबर 2016 में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही मृतका का पति आनन्द व सास रेखा देवी दहेज को लेकर उसे





प्रताड़ित करने लगे। तहरीर में कहा गया है कि कई बार मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच विवाद को लेकर सुलह समझौता भी हुआ। तहरीर में कहा गया है कि मृतका का पति आनन्द पांच लाख रूपये की दहेज की मांग पूरी न होने पर दूसरी शादी की भी धमकी देने लगा था। वहीं मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों के मुताबिक चांदनी शुक्रवार की रात सबका खाना बनाने के बाद खुद खाना खाकर कमरे में सोने चली गयी थी।

उसका पति आनन्द बाहर सोया हुआ था। शनिवार की सुबह घर के लोग सुबह उठे और चांदनी को काफी देर तक बाहर न देख उसके कमरे मे आवाज लगाने लगे। अनहोनी की आशंका में कमरे मे झांक कर देखा तो चांदनी बिस्तर पर मृत देखी गयी। तब मृतका के पति ने फोन पर मायके पक्ष के लोगों को घटना की सूचना दी। मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो चांदनी को ससुरालीजनों पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाने लगे। इधर सूचना पर लीलापुर एसओ नरेन्द्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के समझाने बुझाने पर भी मायके पक्ष के लोगों का आक्रोश कम नही हुआ।

इस पर लालगंज तहसील के नायब तहसीलदार पंकज कुमार मौके पर पहुंचे और मायके पक्ष के लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब कही जाकर पुलिस शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवा सकी। मृतका के दो पुत्र अभि 05 व युग 02 मां को शान्त पड़ा देख परेशान दिखे। वहीं सूत्रों के मुताबिक विवाहिता की मौत को लेकर बगल के गलियारे मे जहर की पुड़िया मिलने की बात भी जोर शोर से सुनने को मिली। पुड़िया को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। ससुराल पक्ष के लोगों की माने तो चांदनी की मौत किसी जहरीले जन्तु के काट लेने से हुई है।

एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बाबत जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने भी घटना की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

# आस्था बिश्वास का केन्द्र बना संकट मोंचन धाम

## हनुमान मंदिर पर दर्शन पूजन करने मात्र से श्रृद्धालुओं की पूरी होती है मुरादें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा/प्रतापगढ़।** उत्तर-प्रदेश प्रतापगढ़ जिले के कुण्डा तहसील क्षेंत्र के थाना हथिगवां अन्तर्गत ग्राम सभा - मिश्रदयालपुर हनुमान नगर गांव स्थित प्राचीन प्रसिद्ध विख्यात पीठ, सिद्ध-संकट मोंचन धाम हनुमान मन्दिर पर श्रृद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज का नाम सुनकर कई जिलो से गाजी पुर,सुहवल,जिला अमेठी, पठानपुर,जिला गोण्डा,इंटियाथोक, जंगीपुर,लखनऊ,रायबरेली,आदि कई जिलों से श्रृद्धालुओं ने अपनी मुरादें लेकर सपरिवार इष्ट मित्र सहित पहुँचकर हनुमत दरबार पर दर्शन पूजन किया। इसी दौरान हनुमान जी धाम के सिद्ध पुजारी तपस्वी महात्मा बालयोगी जी महराज ने सभी श्रृद्धालुओं को भजन योग साधना द्वारा कराकर सभी की मनोंरथ पूर्ती व कष्टों ग्रहों से निवारण के लिए हनुमत दरबार पर अरजी लगाकर आशीर्वाद दिया। इसी बीच सभी श्रृद्धालुओं को वरिष्ठ समाज सेवक पत्रकार विवेक कुमार मिश्र महराज जी बजरंग सेना जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रतापगढ़ ने हनुमत दरबार पर दूर दूर जिलों से आए नर नारी श्रृद्धालुओं का भव्य स्वागत कर सभी को खूब नाश्ता हलुआ चाय पानी कराकर पूडी खिलाया और श्रृद्धालुओं ने भाव विभोर होकर अपने अपने जिलो के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर तपस्वी बालयोगी जी महराज,पत्रकार वी के मिश्रा, अंकित राय कोडवायरस सिक्युरिटी डायरेक्टर जी,प्रतीक शुक्ला,दिव्यांशू गुप्ता,गौरव शुक्ला,जिलाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र,पूजा देवी,आदर्श प्रताप,पार्वती देवी,नीरज यादव,मुकेश कुमार,विमल गोपाल,तपस्वनी माता जी,ध्रुव कुमार मिश्र,राजा बाबू, सरस्वती,देवव्रत आदि श्रृद्धालुओं ने हनुमान जी महराज का आशीर्वाद व महाप्रसाद ग्रहण किया।

# बंद मकान में ताला तोडकर उडाये नकदी व गहने

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बंद मकान का ताला तोडकर अज्ञात बदमाशों ने लाखो के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के बाबा का पुरवा खैरा पूरे छेमी निवासी प्रदीप शुक्ल परिवार सहित रोजी रोटी के सिलसिले मे लुधियाना रहते हैं। अज्ञात चोरों ने उनके बंद मकान में पीछे से घुसकर कमरो का ताला तोड दिया। चोरों ने घर में रखे महिलाओं के सोने व चांदी के जेवरात तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को प्रदीप घर पहुंचे तो अंदर चोरी का नजारा देख आवाक रह गये। पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच कर घटना का खुलसा किया जाएगा।

# मतदान करने के लिए गोष्ठी आयोजित, रैली के नाम पर खिंचवाई फोटो




**लोकमित्र ब्यूरो**

**देल्हूपुर प्रतापगढ़ –** लोकसभा चुनाव में मतदान की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के देल्हूपुर में स्थित ग्राम विकास इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत देल्हूपुर के सभी प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी,आशा कार्यकत्री, बीएलओ , कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, इंटर कॉलेज को बुलाया गया था। पहले एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें उपजिलाधिकारी रानीगंज, शैलेन्द्र कुमार वर्मा ग्राम विकास इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम मौर्य,प्रधान अरविंद सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय,बाल विकास परियोजना अधिकारी माधुरी, शिक्षक नेता राम चंद्र सिंह सुशील द्विवेदी, कुलदीप कुमार, राजेश कुमार, विजय मिश्र, कौशल कुमार सिंह, आलोक सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।सभी लोगों ने हह लोकसभा के चुनाव में मतदान करने की अपील की। मतदान करने को प्रेरित करने के लिए काव्य पाठ करने वाले छात्र दीपांशु तिवारी को उपजिलाधिकारी ने सम्मानित किया। मतदाता जागरूकता रैली के नाम पर विद्यालय परिसर में खड़े हो गए तथा केवल फोटो खिंचवाई, रैली नहीं निकाली गई।

# जल्द प्रकाशित होगी सनातन विज्ञान और हम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**पट्टी क्षेत्र के ऐलाही गांव के शांडिल्य इं दुर्गेश त्रिपाठी की नवीन पुस्तक सनातन विज्ञान और हम का प्रकाशन जल्द ही होगा।इं दुर्गेश त्रिपाठी वर्तमान समय में लोकसेवा आयोग प्रयागराज में समीक्षा अधिकारी पद पर कार्यरत हैं




इनके पिताजी पंडित श्याम शंकर त्रिपाठी सीताराम इंटर कॉलेज ऐलाही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य हैं।गौरतलब है कि इनके पुस्तक सनातन विज्ञान और हम के लिए शासन प्रशासन और धर्माचार्यों की तरफ से लगातार शुभकामनाएं और आशीर्वचन प्राप्त हो रहा है।इसके पूर्व में इनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए सांख्यिकी तथा समाजकार्य दो पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका हैं इनके पुस्तक समाजकार्य का विमोचन तत्कालिक राज्यपाल श्रीराम नाईक द्वारा किया गया था।

# पांच देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने गश्त के दौरान एक आरोपी को पांच अवैध देशी बम के साथ हिरासत में ले लिया। थाने के दरोगा ओमप्रकाश यादव शनिवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के कटरिया नहर पुलिया के पास से पुलिस को अठेहा निवासी वकील अहमद का पुत्र जाबांज कुरैशी संदिग्ध दशा में दिखा। पुलिस ने तलाशी ली तो आरोपी के पास से पांच देशी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम का केस दर्ज

# श्री रामकथा श्रवण करने से सारे पाप कट जाते है -संजय कृष्ण जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरा सुंदर पुर ।** मानव कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्री राम कथा दिव्य धाम रामपुर भेडियानी मे चल रही है जिसके द्वितीय दिवस पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव नारायण पाण्डेय द्वारा विधिवत पूजन एवम् संयोजक पं श्याम शंकर पांडेय पांडेय द्वारा कथा व्यास संजय कृष्ण महाराज जी का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया। कथा मे व्यास जी ने राम नाम महात्म पर चर्चा और बताया कि राम नाम महामंत्र है कलिकाल मे राम नाम संकी□तन ही भव सागर से पार होने का सबसे सुगम मार्ग है आगे बोलते हुऐ प्रभु राम के आराध्य देवाधिदेव महादेव के विवाह उत्सव का बहुत ही सजीव वर्णन किया उन्होने बताया कि जैसे बाबा अलबेले है वैसे ही उनका श्रृंगार उनके बाराती सब अदभुत ऐसे बाराती और ऐसा विवाह अपने आप मे बिलछ्ण है शिव विवाह का प्रसंग सुनकर पूरा पांडाल प्रसन्नता से झूम उठा जमकर पुष्प वर्षा हुई और भजन और विवाह का उत्सव मनाया गया इस अवसर पर संचालक शिवपवन दुवे अनूप त्रिपाठी ,कृष्ण कुमार तिवारी ,रमापति ओझा रामलखन मिश्रा ,रविशंकर पांडेय ,उमेश पांडेय, आशुतोष पांडेय, वृजेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा राघव ओझा , पप्पू तिवारी, आशू शुक्ला मयंक पांडेय , नीरज पांडेय कृष्ण देव शुक्ल, आंजनेय शुक्ल आदि सैकड़ो रामभक्त रहे



# कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र से पुनः लहरायेगा भाजपा का परचम-विनोद सोनकर

## भाजपा प्रत्याशी ने नुक्कड़ सभा कर जनता से किया सीधे संवाद





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** लोकसभा कौशाम्बी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा मंझनपुर की गांव ऊनो में जाकर सांसद विनोद सोनकर ने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया इसके बाद सांसद विनोद सोनकर तहसील मंझनपुर के अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किये तथा चायल विधानसभा के तहसील चायल के अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति के बारे में बताया उसके बाद नगर पंचायत चायल व चौराडीह में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन की मांग की।

तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने नुक्कड़ सभा में बोलते हुए कहा कि हमारी पार्टी और गठबंधन की पार्टी में दो बड़े अंतर हैं। गठबंधन के लोग परिवारवाद की चिंता करते हैं। और हम लोग राष्ट्रवाद की चिंता करते हैं ।जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है

कानून व्यवस्था बढ़िया हुआ है पूर्व की सरकारों में कानून व्यवस्था याद करो तो आए दिन देश के कोने-कोने में दिल्ली मुंबई व भारत के अनेक शहरों में बम ब्लास्ट होते रहते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह सब बीती बातें हो गयी । अब भारत देश इतना सक्षम है कि आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वालों के घर में घुसकर मारता है ।

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक कोई भी बन सकता है लेकिन गठबंधन वाले सिर्फ अपने बेटे बेटियों को राजनीति में लाकर अपनी विरासत बचना चाहते है गठबंधन के लोग बेटे बेटियों को सिर्फ अपनी विरासत देना चाहते हैं उन्हें अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कोई मतलब नहीं होता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय गुप्ता, अतुल द्विवेदी संदीप मिश्रा चक्रेश मिश्रा सुरेंद्र मिश्रा राजेंद्र सोनकर कन्हैया साहू अजय द्विवेदी राम सिंह पाल रमेश साहू रिंकू पासी अविनाश तिवारी भोला मिश्रा दुर्गेश गुप्ता राम सिंह पटेल आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल युवक की शनिवार की दोपहर मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है बता दें कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव के पहले स्थित एक क्लीनिक के पास शुक्रवार की दोपहर दो बाईकों में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई थी जिसमें जाफरपुर महावा गांव निवासी दीपक रैदास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका इलाज मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था शनिवार की दोपहर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दानपुर गांव निवासी वहाज पुत्र जुम्मन उम्र 22 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत की खबर मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया परिजनों द्वारा स्थानी पुलिस को सूचना दी गई मौके में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं युवक की मौत से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## नौगीरा में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के नौगिरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 में चयनित स्कूल के छात्र रमेश कुमार 16वीं रैंक और सूची कुशवाहा के जनपद में 19वीं रैंक लाने पर स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने दोनों को माला पहनाकर मेडल, प्रशस्ति प्रमाण पत्र, ट्राफी, बैग,
पानी को बोतल, टिफिन, लुसेंट की सामान्य ज्ञान की पुस्तक व मिठाई देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया। इसके साथ ही शिक्षक ने साल 2022 में राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा चयनित छात्रों में जिन छह छात्रों ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले रविशंकर, यशस्वी मिश्र, कोमल देवी, स्नेहा चौधरी, संजना देवी, अनीता देवी को भी स्कूल में आमंत्रित कर उन्हे माला पहनाते हुए मिष्ठान खिलाकर मेडल, डायरी, पेन आदि वस्तुएं उपहार में देकर सम्मानित किया। शिक्षक ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की बच्चों में बहुत मेहनत की है उन्होंने रैंक लाकर अपने साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया है। सम्मान करने से बच्चों का प्रोत्साहन मिलता है जिससे वह आगे भी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करें।

## सराय अकिल कस्बे में निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई

### ठंडा जल की व्यवस्था क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो जिला अध्यक्ष मोतीलाल स्वर्णकार ने की




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरायंअकिल, कौशाम्बी** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में इस विकराल गर्मी को देखते हुए क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया के कौशांबी जिलाध्यक्ष मोतीलाल स्वर्णकार पत्रकार ने निःशुल्क प्याऊ जल ठंडा पानी की व्यवस्था किया। बता दे ,अप्रैल माह मे भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को गर्मी से बचने के लिए सराय अकिल के भगवती गंज में 21 अप्रैल से लगातार अनवरत 2 महीने के लिए निःशुल्क प्याऊ जल ठंडा आरो पानी की व्यवस्था की राहगीरों ने ठंडा पानी पीने के बाद मोतीलाल स्वर्णकार पत्रकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि नगर में अभी तक किसी ने यह कार्य नहीं किया जो गर्मी से बचने के लिए राहगीरों को ठंडा जल की व्यवस्था की गई क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो ऑफइंडिया के जिला अध्यक्ष मोतीलाल स्वर्णकार ने यह पहल की, समाजसेवी मोतीलाल स्वर्णकार प्रतिदिन राहगीरों को निशुल्क ठंडा पानी पिलाते नजर आते हैं बता दे कि रोजाना दूर दराज से बाजार आए हुए राहगीर निरूशुल्क प्याऊ में आकर जल ग्रहण करते हैं जल ग्रहण करने के बाद ऐसे पुनीत कार्य के लिए आशीर्वाद देते नजर आते हैं।

## डोर टू डोर संपर्क कर नामांकन के लिए किया गया प्रेरित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड नेवादा के कंपोजिट विद्यालय कटैया के प्रधानाध्यपक सत्य प्रकाश सिंह ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभिवावकों को घर घर जा कर नामांकन के लिए प्रेरित किया साथ ही अवगत कराया नए सत्र की शुरुवात हो चुकी आप लोग अपने अपने बच्चों का नामांकन करवाएं अभिवावकों को जागरूक किया जिसमे अभिवावकों जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित भारत बनेगा है जिससे बच्चो को पढ़ना बहुत जरूरी है डोर टू डोर जागरूक अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश सिंह सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकाएं मौजूद रहे।

## व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी, एसएसटी, लेखा टीम, वीवीटी एवं वीएसटी टीम के साथ की बैठक

### जॉच की कार्यवाही करते समय आमजन के साथ किया जाय विनम्र व्यवहार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी द्वारा आज उदयन सभागार में एफएसटी, एसएसटी, लेखा टीम, वीवीटी एवं वीएसटी टीम के साथ बैठक की गई। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी एवं एसएसटी टीम से उनके कार्या एवं दायित्वों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वाहन आदि की जॉच करते समय आमजन के साथ विनम्र व्यवहार किया जाय, किसी भी प्रकार की शिकायत न आने पाये। आदर्श आचार-संहिता का अनुपालन कराया जाय एवं स्वयं भी अनुपालन किया जाय। निर्वाचन सीजर आदि कार्यवाही निष्पक्ष रूप से किया जाय तथा नियमानुसार रिपोर्टिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होंने एफएसटी एवं एसएसटी टीम को निर्वाचन सीजर मैनेजमेण्ट सिस्टम के विषय में भी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उनसे तत्काल सम्पर्क कर सकतें हैं। उन्होंने वीवीटी एवं वीएसटी टीम से उनके कार्योंध्दायित्वों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रभारी व्यय लेखा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चंद्रशेखर फार्मेसी की ओर से चिकित्सा शिविर में 65 मरीजों ने लिया लाभ




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कोइलहा में स्थित चंद्रशेखर सिंह आयुर्वेदिक संस्थान एवं चिकित्सालय की चिकित्सक टीम ने बिहका उर्फकोईलहा में शनिवार को चिकित्सा शिविर लगा कर गांव में मरीजों की देखभाल के जांच करते हुए उन्हे गर्मियों के मौसम में हो रही बीमारियों के से बचाव व देखभाल की जानकारी प्रदान किया। आए हुए रोगियों को जांच के उपरांत निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। चिकित्सा शिविर में डा. जी बी केसरी, डा. नितिन कुमार, डा. रत्ना त्रिपाठी, डा. नीतीश कुमार, डा. सुभि यादव आदि ने अपना योगदान प्रदान किया। संस्थान के प्राचार्य ने बताया की शिविर में कुल 65 मरीजों की जांच करते हुए उन्हे दवाओं का लाभ दिया गया।

## उधारी का पैसा न देने पर पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे के रहने वाले एक व्यक्ति ने उधारी का पैसा न देने व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए रिश्तेदार के विरुद्ध एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मर्दानपुर बर्जी का मजरा जफरपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार सोनकर उर्फलल्ला पुत्र स्व राम स्वरूप सोनकर ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की देवीगंज कस्बे के रहने वाले एक रिश्तेदार को लगभग पांच वर्ष पहले चार किश्तों में उधार बीस लाख रुपए दिए थे। धर्मेंद्र का आरोप है की पैसा मांगने पर रिश्तेदार हीलाहवाली करता रहा। पांच दिन पहले पैसा मांगने गया तो रिश्तेदार ने कहा की कोई पैसा नहीं लिया। और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने मामले में एसपी से कार्यवाही की मांग की है।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।



### 65लीटर अवैध शराब केसाथ 04अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उप निरीक्षक गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी धर्मराज निवासी टिकरा थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस आबकारी निरीक्षक प्रशान्त कुमार प्रवर्तन प्रथम प्रयागराज मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी संगीता देवी पत्नी रिन्कू हरिजन निवासी कुम्हियावां थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

कौशाम्बी। थाना सरायंअकिल पुलिस उप निरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी रामप्रसाद निवासी पिपरहटा थाना सराय अकिल जनपद जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

कौशाम्बी। थाना संदीपनघाट पुलिस उप निरीक्षक मुस्तफा खान मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी मनीष कुमार निवासी करबू का पूरा, काजीपुर थाना संदीपनघाट जनपद जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चो को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कौशाम्बी एवं प्रयागराज जी.टी. रोड बॉर्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज पुरामुफ्ती प्रयागराज के छात्र-छात्राओं ने इण्टर एवं हाईस्कूल में अधिकतम एवं सर्वाधिक अंक लाकर के छात्र एवं छात्राओं ने अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया इसी परिप्रेक्ष में विद्यालय के प्रबंधन तंत्र ने समस्त छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं जो में अध्यनरत थे जैसे ही यूपी बोर्ड द्वारा हाई स्कूल इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। परीक्षा परिणाम देखकर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्या एवं समस्त अध्यापकगण गर्वाणित महसूस कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष में आज विद्यालय परिसर में समस्त छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## वीबीपी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर बच्चों ने मचाया धमाल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर नर्सरी के बच्चों ने मलते सूरज के मुँह पे मलाई गीत पर शानदार डांस किया। इसमें शक्ति, अनन्या, नंदिनी, सोनाक्षी और काजल ने भाग लिया। वहीं ष्आज स्कूल नहीं जाना मांष् गीत पर अनमता, किंजल, ऋषिका, प्रिया, अनन्या, आस्था ने खूब सुंदर डांस किया। साथ यह भी कहा कि अब मेनू घर में नहि रहना, स्कूल जाना है माँ। बच्चों को खूब मजा आया। रोली पोली कविता पर दिव्या, सिद्धार्थ, तेजस, अवि, कार्तिक पटेल, दृष्टि, पुष्कर, श्रेयांश, अक्षत, पार्थ केसरवानी, संध्या और अनुभव ने अपनी तोतली आवाज में बहुत अच्छा किया। यह सब एक्टीविटी सुधा पाण्डेय ने कराया। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल हमेशा बच्चों के लिए कुछ प्रेरक करने वाली क्रिया हमेशा करवाता है। जिससे बच्चे पढ़ने के अलावा भी अपनी सक्रियता बनाएँ रखें। उत्थान संस्था के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार और सचिव डॉक्टर के के तिवारी ने नन्हें मुन्ने बच्चों को आगे बढ़ने का आशीष दिया। वहीं डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने कहा कि बच्चे पंद्रह दिन पहले स्कूल आने से डरते थे, वही इस तरह डांस और पोयम में शामिल होकर ये खूब खुश हैं। यही बच्चे आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल ने कहा कि डांस से बच्चों में नई स्फूर्ति आती है और स्कूल के प्रति आकर्षण बढ़ता है।

छोटे बच्चों में नया करने का मन करता है। वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय और पीटीआई नकुल तिवारी ने बच्चों में उत्साह भरा। इनके अलावा दीक्षा अग्रहरि, अभिनन्दन तिवारी और मनीष अग्रहरि आदि ने अपना सहयोग दिया।

## सपा प्रत्यासी पुष्पेंद्र सरोज ने बेरौचा गुरौली में किया जनसभा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**गुरौली, कनैली, कौशाम्बी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान सपा महासचिव इंद्रजीत सरोज ने कौशाम्बी लोकसभा 50 से सपा प्रत्यासी पुष्पेंद्र सरोज के पक्ष में ग्रामसभा बेरौंचा और गुरौली क्षेत्र के तराई में अपने पुत्र पुष्पेंद्र सरोज के पक्ष में मतदादाताओं सपा के पक्ष में वोट डालने को कहा वही भाजपा को देश विरोधी नीतियों की पार्टी बताया।बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी के साथ पार्टी की राष्ट्रीय सचिव महिला सभा सोनी चौधरी व गांव के प्रधान बेरौचा जय प्रकाश त्रिपाठी, सचिन त्रिपाठी, अंकित मिश्र, गंगा निषाद, निगम त्रिपाठी, तमाम लोग मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 06 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से 01, थाना महेवाघाट से 01,
थाना चरवा से 01, थाना संदीपनघाट से 01, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 01 कुल 06 आरोपों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## 18 मई की सायं 06 बजे से 20 मई की सायं 06 बजे मतदान समाप्ति तथा मतगणना दिवस 04 जून को आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की दुकानों को बन्द रखने के आदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार राय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड-(एक) में यथा उपबन्धित प्राविधानों के अन्तर्गत संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद कौशाम्बी में पंचम चरण की मतदान तिथि 20 मई 2024 से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति अर्थात-दिनांक 18 मई 2024 की सायं 06 बजे से दिनांक 20 मई 2024 की सायं 06 बजे मतदान समाप्ति तक तथा 04 जून 2024 मतगणना दिवस को आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की दुकानों यथा-देशी मदिरा, विदेशी मदिरा,

बीयर, एफ0एल0-1617 व भांग को बन्द रखने के आदेश दियें हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ व प्रयागराज की सीमा से सटें जनपद कौशाम्बी की सीमा के अन्दर 08 किमी की परिधि में पड़ने वाली समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की आबकारी दुकान दिनांक 23 मई 2024 की सायं 06 बजे से दिनांक 25 मई 2024 की सायं 06 बजे मतदान समाप्ति तक एवं 04 जून 2024 (मतगणना दिवस) को जनपद की समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की आबकारी दुकानें बन्द रखने के आदेश दियें हैं।

इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगा तथा मतदान एवं मतगणना दिवस के दौरान मादक वस्तुओं के उपभोग को नियंत्रित करने के लिए उसके कब्जे में रखे जाने की सीमा का प्राविधान भी लागू रहेंगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकाकरियां को आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें हैं।

## आज और कल होगा हजरत सैयद शहीद कमरुद्दीन शाह बाबा का उर्स

**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार व सोमवार को उर्स का आयोजन किया गया है। सालेपुर गांव स्थित हजरत सैयद शहीद कमरुद्दीन शाह बाबा का दरगाह बना है।साल में एक बार यहां उर्स का आयोजन किया जाता है। उर्स में देश के कोने कोने से कव्वाल बुलाए जाते हैं। उर्स के मौके पर मेला लगता है इसके साथ ही पूरा गांव जगमग रहता है। करारी क्षेत्र के सालेपुर गांव में इस बार 27वां उर्स का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक हजरत अजमल शाह वारसी ने बताया की रविवार को नातिया, मुशायरा, बाद नमाज, इशा, व सोमवार को गागर चादर महफिले समा, बाद नमाज इशा का आयोजन किया गया है। उर्स की जेरे सरपरस्ती दाइदे इस्लाम शैख अबु सईद मखदूम एहसान उल्लाह शाह सफवी अलमारूफ अबु मियां-सज्जादा नशीन खानकाहे आरफिया सैयद सरांवा शरीफ हैं। इसके बाद खानकाही कव्वाली के बादशाह मोईन, ताज, चिश्ती, उन्नावी, अब्दुल, हफीज, आरफी, हजरात महबूब, चिश्ती, अब्दुल कादिर मंझनपुरी, रिजवान कादरी इलाहाबादी, काजी जबीं वारसी बंधवा, गुलाम हुसैन चिश्ती मंझनपुरी, अब्दुल कय्यूम नारा, मोहम्मद शमीम करारवी तशरीफ ला रहें हैं। उन्होंने बताया की उर्स के मौके पर मेले का भी आयोजन किया जाता है। उर्स में आप-पास के ग्रामीणों के अलावा पड़ोसी जनपद के लोग भी शामिल होते हैं।

## सम्पादकीय

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था।भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है।ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा।इस मिसाइल पण्राली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं।यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है।हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा।अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। निस्संदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।




**मेष राशि:** आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

**वृष राशि:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आज आप किसी से बात करते वक्त संयम रखें। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की साहयता मांगेगा, जिसे आप असानी से पूरा करेंगे।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरुरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचना चाहिए। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। लवमेट से आज आपको उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब होगे।

**तुला राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज उच्च वर्ग के लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपने लक्ष्य के प्रति डेडीकेशन ही आपको सफल बनायेगा। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी। आज आपके दोस्त आपसे मुलाकात करने घर आ सकते हैं। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**धनु राशि:** आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन सकता है। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त दुरुस्त बना रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे।

**मकर राशि:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढेगा।

**कुंभ राशि:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपडा व्यापारियों को आज अच्छा धन लाभ होगा। आज आप अपनी माता की मनपसन्द चीज़ लाकर गिफ्ट देंगे।

**मीन राशि:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही द्वद्वंद्व पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थिति पहले से अनुकूल बनेगी। आज बेटे का रिजल्ट आ सकता है, रिजल्ट उनके पक्ष में होगा। आपके शत्रु परास्त्र होंगे। आज किसी कार्य में आपके विरोधी आपकी सलाह मागेंगे।

# क्यों श्रेष्ठ कॉलेज खोलें गांवों में स्कूल



**आर.के. सिन्हा**

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने ( शिक्षण संस्थान ) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा । बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है।दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैंम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्लाय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों।यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्षों में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश के कोने-कोने में खोले और सेवा भाव से चलाया7 सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डी0ए0वी0( पूरा नाम- दयानंद ऐंग्रो वेदिक स्कूल और कॉलेज समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है7अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा ( यूपीएससी ) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है।सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा।अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी। देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लुटे-पिटे आए लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थियों का इस अस्पताल ने श्रेष्ठ इलाज किया था। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं। स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं। चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था। ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने अपनी मां और समाज सेविका श्रीमती जानकी देवी जी के नाम पर 1959 में राजधानी में जानकी देवी कॉलेज स्थापित किया था। इस क़ॉलेज ने अब तक लाखों बेटियों को साक्षर बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। यहांइन्द्रप्रस्थ हिन्दू गर्ल्स स्कूल की चर्चा करना समीचीन होगा। राजधानी का यह कन्या विद्लाय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्लायों में से एक माना जाता है।कमला नेहरू, प्रख्यात सरोद वादिका शरण रानी बाकलीवाल, कपिला वात्सायन वगैरह ने इसी में शिक्षा ग्रहण की थी। इस स्कूल के प्रबंधन ने ही राजधानी में इन्द्रप्रस्थ कॉलेज खोला जिसने हाल ही में अपना 100 साल का सफर पूरा किया है।यह कैसे हो सकता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक रामजस कॉलेज के संस्थापक , शिक्षाविद और दानवीर राय केदारनाथ का उल्लेख रह जाए। उन्होंने अपने पिता लाला रामजस मल के नाम पर रामजस कॉलेज और अनेक स्कूल स्थापित किये। राय केदारनाथ दिल्ली के सेशन जज भी रहे। उन्होंने अपनी नौकरी को छोड़कर ज्ञान की रोशनी फैलाने में अपना जीवन लगा दिया।

कहते हैं कि वे अपने स्कूलों की इमारतों के निर्माण के समय खुद सिर पर ईंटे ढोया करते थे। रामजस कॉलेज और स्कूलों में देशभर के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। यहां दिल्ली विश्व विद्लाय की तरफ से भी एक स्कूल चलाया जाता है। यह विश्व विद्लाय कैंपस में ही है। उसने कुछ समय पहले अपनी 75वी वर्षगांठ मनाई। कितना अच्छा हो कि दिल्ली विश्व विद्लाय की तरफ से किसी ग्रामीण इलाके में स्कूल चलाया जाये।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# भारत के साथ व्यापार शुरू करने को आतुर पाकिस्तान



**अशोक भाटिया**

मीडिया समाचारों के अनुसार अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए पाकिस्तान लगातार हाथ पैर मार रहा है। अब पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार में विदेश मंत्री और नवाज शरीफ के समधि इशाक डार ने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने की बातचीत पर जोर दिया है। शहबाज शरीफ के मंत्री का यह बयान इस बात की तरफ इशारा कर रहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ फिर से व्यापारिक संबंधों की शुरुआत करने को आतुर है। बीते सालों में ऐसा देखा गया है पाकिस्तान के मंत्री अक्सर भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को शुरू करने के लिए जोर दे चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल में किसी अन्य देश में विदेश मंत्री एस जयशंकर को रोककर उनसे प्याज और टमाटर पाकिस्तान भेजने की गुहार लगा चुके हैं।गौरतलब है कि डार ने पहली बार पिछले महीने लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने की संभावना का संकेत दिया था। उनका विचार था कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापार संबंधों की बहाली चाहता है। उनके बयान की विपक्षी दलों और आलोचकों ने आलोचना की। हालांकि, डार ने गुरुवार को अपनी पिछली टिप्पणियों का बचाव करते हुए कहा कि कई व्यापारियों ने उन्हें बताया कि वे किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत से सामान आयात कर रहे थे, जिससे उन्हें अधिक लागत आती थी इसलिए वे दोनों देशों के बीच सीधे व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने के पक्ष में थे।पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने लंदन जाकर यह बयान ऐसे समय में दिया था जबकि भारत में आम चुनाव शुरू होने वाले थे । इसलिए चर्चा के लिए तो इस बयान का महत्व हो सकता है लेकिन वास्तविक महत्व तभी होगा जब भारत में नयी सरकार बन जाने के बाद इस पर बातचीत होगी। लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि क्या भारत को फिर से पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ता बहाल करना चाहिए? इस सवाल के जवाब में किसी भी राजनैतिक दल ने अपने मेनिफेस्टो में उल्लेख किया है न किसी जाहिर सभा में इसका जिक्र। ज्ञात हो कि जब अगस्त 2019 में भारत की केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया था । ये भारतीय संविधान का एक प्रावधान था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। धारा हटाते हुए सेंटर ने तर्क दिया कि इससे यह राज्य पूरे देश से जुड़ सकेगा। ऐसा हुआ भी। इसी बात पर पाकिस्तान परेशान हो उठा, और बौखलाकर भारत से अपने व्यापारिक रिश्ते निरस्त कर दिए। दूसरी ओर ये बात भी हो रही थी कि ट्रेड सस्पेंशन की बड़ी वजह कुछ और ही थी। असल में उसी साल भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का स्टेटस ले लिया और पाकिस्तानी इंपोर्ट पर टैरिफ 200 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। भारत ने यह कदम पुलवामा हमले के बाद लिया था, जिसे पाकिस्तानी टैरर गुट जैश-ए-मोहम्मद ने अंजाम दिया था। हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। अटैक के चौबीस घंटों के भीतर ही पाकिस्तान का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा हटा दिया गया। यहां बता दें कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का टैरिफ एंड ट्रेड एग्रीमेंट 1994 कहता है कि सारे सदस्य देश एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा दें, खासकर पड़ोसी देश ताकि फ्री टेड आसान हो सके। हालांकि ये कोई पक्का नियम नहीं। यही वजह है कि रिश्ते खराब होने पर देश सबसे पहले आपस में यही स्टेटस खत्म करते हैं ताकि नाराजगी का आर्थिक असर भी दिखे। भारत और पाकिस्तान साल 1996 से ही एक-दूसरे को मोस्ट-फेवर्ड नेशन मानते आए। इसके बाद भी पाकिस्तान ने लंबी लिस्ट बनाई, जिसमें वो आइटम थे, जो भारत से आयात नहीं किए जा सकते। ये उत्पाद एक-दो नहीं, बल्कि 12 सौ भी ज्यादा थे। उसका कहना था कि वो ये बैन अपने घरेलू उद्योगों को चलाए रखने के लिए लगाए हुए है। हालांकि पहले वो 2 हजार से भी ज्यादा उत्पादों को आयात की मंजूरी दे चुका था। निगेटिव-लिस्टिंग के बाद केवल 138 उत्पाद ही रहे, जो वो भारत से आयात कर रहा था। ध्यान रहे कि पाकिस्तान हमसे कपास, ऑर्गेनिक केमिकल, प्लास्टिक, न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर्स, मशीनरी और मैकेनिकल डिवाइस जैसी चीजें इंपोर्ट करता था। हम भी पाकिस्तान से कई चीजें आयात करते रहे, जैसे- फल और सूखे मेवे, नमक, सल्फर, पत्थर, कई तरह की धातुएं और चमड़ा आदि। ट्रेड सस्पेंड करने के बाद भी पाकिस्तान हालांकि दवाएं मंगाता रहा क्योंकि उसके तुरंत बाद ही कोविड 19 का दौर आ गया था। भारत ने तब उसकी खासी मदद की थी। बंद होने के बावजूद भारत-पाकिस्तान के बीच लेनदेन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था । मीडिया की एक रिपोर्ट में सरकारी हवाले से कहा गया है कि थोड़ा-बहुत व्यापार वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते हो रहा था, साथ ही कराची बंदरगाह के जरिए भी लेनदेन चलता रहा। लेकिन ये पहले से बहुत कम, लगभग नहीं जितना हो चुका था। पाकिस्तान हमसे सबसे ज्यादा कॉटन लिया करता था। अब वो इसके लिए ब्राजील और अमेरिका पर निर्भर है। लंबे रास्ते से आने वाले इन उत्पादों पर समय के साथ पैसे भी काफी खर्च हो रहे हैं। फिलहाल पाकिस्तान जिस आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है, दूरदराज के देशों से आयात उसपर और भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि उसके विदेश मंत्री ने ट्रेड की वापस बहाली की बात की। हालांकि ये बात उन्होंने सीधे-सीधे नहीं, बल्कि एक इंटरनेशनल मंच पर की। तो फिलहाल ये नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होगा। इसके अलावा भारत की मंजूरी भी जरूरी है।दरअसल भारत के लिए पाकिस्तान किसी अन्य देश जैसा ही नहीं है। पाकिस्तान का जन्म भारत को मजहबी हिंसा में झोंककर और लाखों लोगों की कुर्बानी तथा बर्बादी पर हुआ है। उसके साथ न भारत का रिश्ता कभी सहज रहा है और न रह सकता है। इसका कारण सिर्फ यह भर नहीं है कि पाकिस्तान पहले दिन से कश्मीर पर दावा किये बैठा है और उसे आतंकवाद के जरिए हासिल करना चाहता है। बल्कि जब जब भारत पाकिस्तान की ओर आगे बढेगा, उसके उन घावों से खून रिसने लगेगा जो पाकिस्तान ने अपने जन्म से अब तक भारत को दिए हैं।सर सैय्यद अहमद हों या फिर अल्लामा इकबाल या फिर मोहम्मद अली जिन्ना। किसी न किसी तरह से समय समय इन्होंने यही डर दिखाया था कि अंग्रेजों के जाने के बाद हिन्दू अक्सरियत में मुसलमान दब जाएगा। पाकिस्तान भले ही जिन्ना ने मांगा हो लेकिन अविभाजित पंजाब, सिन्ध से लेकर अविभाजित बंगाल तक मुस्लिमों ने अगर अलग पाकिस्तान का समर्थन किया तो उसके मूल में एक बड़ा कारण हिन्दू बनियों का व्यापार में वर्चस्व होना भी था।आज भी पाकिस्तान में हिन्दुओं की पहचान हिन्दू बनिया के रूप में की जाती है। उनके लिए व्यंग में एक कहावत वहां बहुत प्रचलित है कि हिन्दू वह बनिया है जिसके मुंह में राम और बगल में छूरी रहती है। इसलिए जब 1947 में भारत को काटकर पाकिस्तान बन रहा था तब वहां के मुस्लिम व्यापारियों ने इसे अपने लिए एक अवसर के रूप में देखा था। फिर वो सिन्ध के कारोबारी रहें हों या पंजाब के कारोबारी। उन्हें लगता था कि जो व्यापारिक संभावना हिन्दू बनिया छोड़कर जा रहा है वो उसे भुना लेंगे और आर्थिक रूप से समृद्ध हो जाएंगे।शुरुआत के दो दशक जब भारत और पाकिस्तान दोनों ही सोशलिस्ट नीति पर चल रहे थे तब पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति भारत से अच्छी थी। लेकिन बांग्लादेश के अलग होते ही पाकिस्तान ने जो मजहबी रफ्तार पकड़ी तो उसकी अर्थव्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती चली गयी। वैसे तो आर्थिक रूप से पाकिस्तान के बर्बाद होने के बहुत से कारण हैं लेकिन सबसे प्रमुख कारण भारत और हिन्दुओं से नफरत ही बनी रही। पाकिस्तान कभी अमेरिका की गोद में बैठा तो कभी चीन के आगे बिछ गया।

लेकिन जब जब हिन्दू बनिया से तिजारत ( व्यापार ) बढाने की बात आई तब तब वहां के मजहबी मुल्लाओं ने बांग दिया कि क्या पाकिस्तान हिन्दुओं से तिजारत करने और अच्छा रिश्ता रखने के लिए बना था?मुल्लाओं का तर्क अकाट्य है। यही कारण है कि जैसे जैसे पाकिस्तान सच्चे इस्लाम के रास्ते पर आगे बढता गया वहां के लोगों के मन में भारत को लेकर नफरत बढती गयी। जिया उल हक के जमाने से आज तक तमाम उतार चढाव के बावजूद वहां की आम अवाम ही इस बात के हक में नहीं रहती है कि भारत के साथ तिजारती रिश्ते बढाये जाएं। उनकी इस नफरत के बावजूद अगर पाकिस्तान ने भारत के साथ कुछ व्यापारिक रिश्ते रखे हैं तो उसका कारण अंतरराष्ट्रीय बाध्यता और उनकी अपनी आर्थिक मजबूरियां थीं।लेकिन इस दौरान भी पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद फैलाने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कश्मीर और पंजाब में ही नहीं मुंबई पर आतंकी हमला जैसा जघन्य कुकर्म पाकिस्तान के हुक्मरानों ने प्लान किया। एक ओर पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार करता रहा दूसरी ओर दो दशक तक देशभर में बम विस्फोट के जरिए हजारों लोगों की जान लेता रहा। एक दशक पहले तक टीवी पर बैठकर आईएसआई के चीफ रहे हामिद गुल जैसे हुक्मरान भारत के मुंबई या बंगलौर जैसे शहरों को बर्बाद करने की धमकी देते रहे। परमाणु बम की धमकी तो मानों उनके लिए कंचे गोली खेलने जैसा हो।2019 में ही सरकार में दोबारा आने के बाद जब मोदी सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म किया तब पाकिस्तान ने एकतरफा अपनी ओर से न केवल भारत से हाई कमिश्नर वापस बुला लिया बल्कि सभी प्रकार के व्यापारिक रिश्ते भी खत्म कर दिये। उस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि जब तक कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस नहीं लागू कर दिया जाता, भारत से कोई तिजारती रिश्ता कायम नहीं होगा।गौरतलब है कि देश को अरबों डॉलर के कर्ज के लिए अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आईएमएफ ) या सऊदी अरब और चीन जैसे मित्र देशों से संपर्क करना पड़ रहा है। भारत के साथ व्यापार बंद होने से दूर देशों से सामान आयात करने में बहुत ज्यादा विदेशी मुद्रा भंडार यूज करना पड़ रहा है, जो पहले से ही काफी कम है। इन वजहों से पाकिस्तान भारत संग व्यापार के लिए छटपटा रहा है। हालांकि, भारत का रुख एकदम साफ है कि जब तक आतंकवाद नहीं रुकेगा, पाकिस्तान संग बातचीत समेत रिश्ते सामान्य नहीं होंगे।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# दिल की बीमारी में मीठा खाना सही है या नहीं? कहीं हार्ट अटैक का खतरा तो नहीं बढ़ जाएगा



मीठा किसी भी लिहाज से सेहत के लिए ठीक नहीं है. कोई हेल्दी व्यक्ति खाएं या किसी बीमारी से पीड़ित मीठा खाना किसी के लिए ठीक नहीं होता है. ज्यादा मीठा खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ डिप्रेशन और स्किन से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. अगर आप मीठा खाने के शौकीन है तो एक सीमित मात्रा में खाएं. अगर आप किसी खास तरह की बीमारी से पीड़ित है तो डॉक्टर की सलाह पर ही मीठा खाएं.

हार्ट मरीजों को नहीं खाना चाहिए मीठा अगर कोई व्यक्ति हार्ट का मरीज है तो उसे मीठा खाने से पहले कई सारी सावधानी बरतनी चाहिए. कई हार्ट मरीज ऐसे होते हैं जो अपने खानपान का खास ख्याल नहीं रखते हैं. यहां तक कि वह काफी ज्यादा मीठा खाते हैं ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. हार्ट मरीजों की सेहत बिगड़ सकती है. साथ ही उन्हें कई सारी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट मरीजों को नुकसान हो सक ता है. ब ढ़ सकता है हार्ट डिजीज का खतरा हार्ट मरीज अंदर से काफी ज्याद कमजोर होते हैं. इस स्थिति में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट से जुड़ी दूसरी तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. ज्यादा चीनी खाने के कारण ट्राइग्लिसराइड्स का लेवल बढ़ जाता है. फैट धीरे-धीरे ब्लड स्ट्रीम में जम जाता है. जिसके कारण हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है.


**हाई बीपी की प्रॉब्लम**

दिल की बीमारी में ज्यादा मीठा खाने से हाई बीपी की बीमारी का रिस्क बढ़ जाता है. ज्यादा मीठा खाने से शरीर में पोटैशियम और सोडियम का नैचुरल बैलेंस बिगड़ जाता है. जिसके कारण बीपी का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है.

**शरीर में सूजन का खतरा**

हार्ट के मरीज अगर ज्यादा मीठा खाएंगे तो उनके शरीर में कई तरह के सूजन हो सकते हैं. बॉडी में क्रॉनिक इंफ्लेमेशन हो सकती है. इसे हार्ट डिजीज से जोड़कर देख सकते हैं. इसमें एथेरोस्क्लेरोसिस (आर्टरीज का सख्त होना) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज शामिल हैं.

# टमाटर का ऐसे करें उपयोग चेहरे पर आएगा इंस्टेंट ग्लो, दाग धब्बों से भी मिलेगा छुटकारा



चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए टमाटर बेस्ट ऑप्शन है. इसका उपयोग कर आप आसानी से अपने चेहरे को ग्लोइंग और मुलायम बना सकते हैं.टमाटर की मदद से आप अपने चेहरे को चमकदार और बेदाग बना सकते हैं.टमाटर हर घर के किचन में आसानी से मिल जाएगा लोग अक्सर इसका इस्तेमाल चटनी, सब्जी और सलाद के रूप में करते हैं. लेकिन इसका इस्तेमाल कर आप चेहरे को खूबसूरत बना सकते हैं. यह त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है. आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल के बारे में.टमाटर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं. आप टमाटर की मदद से फेस पैक बना सकते हैं. इसके लिए आपको टमाटर को पीसकर उसमें दही मिलना होगा. इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं, फिर धो लें.टमाटर और शहद का फेस पैक भी चेहरे के लिए फायदेमंद हो सकता है, इसके लिए आपको पिसे हुए टमाटर में शहद को मिलाकर पेस्ट बनाना होगा. इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं, फिर 20 मिनट के बाद इसे धो लें.आप ताजा टमाटर का रस निकालकर उसे सीधा चेहरे पर लगा सकते हैं, फिर 20 मिनट के बाद इसे धो ले. ऐसा करने से त्वचा हाइड्रेट रहेगी और चमकदार बनेगी. आप टमाटर की मदद से स्क्रब भी बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक टमाटर को पीसकर, उसमें एक चम्मच बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें.इस पेस्ट को 5 मिनट तक लगाकर मसाज करें. इससे चेहरे की डेड स्क्रीन निकलेगी और त्वचा पर निखार आएगा. इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इसके इस्तेमाल से एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले.

# यह चुनाव लोकतन्त्र को बचाने का चुनाव है- प्रमोद तिवारी

## इण्डिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के पक्ष में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ. एस. पी.सिंह पटेल जी के पक्ष में लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन हादीहाल में संपन्न हुआ प्रबुद्ध वर्ग समेलन में मुख्य अतिथि डिप्टी लीडर राज्यसभा प्रमोद तिवारी जी एवम विशिष्ठ अतिथि पट्टी विधायक राम सिंह पटेल व सदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह मुन्ना यादव रहे अध्यक्षता इण्डिया गठबन्धन के संयोजक महेन्द्र नाथ दूबे जी एवं संचालन सपा के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने किया मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि ये चुनाव लोकतन्त्र को बचाने का चुनाव है ये चुनाव देश को बचाने का चुनाव है, सभी प्रबुद्ध जन एकजुट होकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी के साथ जुट जाओ और तब तक न रुको जब तक जीत सुनिश्चित न हो जाए श्री तिवारी ने कहा कि देश में आज दो तरह की विचार धारा के लोग है, एक तो जो महात्मा गांधी को मानने वाले है दूसरा गांधी जी की हत्या करने वाले गोडसे की विचार धारा के लोग है तय आपको करना है कि किसके साथ जाना है श्री तिवारी ने कहा कि इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी डॉक्टर एस पी सिंह पटेल जी को प्रतापगढ़ से जीता कर आप भेजो। विकास का एक -एक रुपया प्रतापगढ़ को लाकर मैं दूंगा मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए श्री तिवारी जी ने कहा कि कहां है दो करोड़ रोजगार, कहां है 15 लाख लाख रुपए, महंगाई आज चरम सीमा पर है, मोदी सरकार में सिर्फ जुमला ही जुमला है, केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इनकी सरकार में चुनावी बांड घोटाले हुए, वहीं विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने संगम लाल पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनका नाम तो संगम है परंतु वह 5 वर्षों में किसी भी तरह से गंगा, यमुना, सरस्वती जी के संगम नहीं बन पाए, जिसकी वजह से आज प्रतापगढ़ विकास विहीन है और 5 वर्ष के कार्यकाल में खुद के प्रयास से जिले के विकास के लिए एक भी योजना ना ले आना असफलता दर्शाता है इस मौके पर समाजवादी पार्टी के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल ने प्रबुद्ध जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके मान-सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा, आप सबका सहयोग और आशीर्वाद मिला तो प्रतापगढ़ को विकास के चरम पर ले जाने का काम करूंगा द्य सबसे पहला कार्य युवाओं के लिए रोजगार सृजन का कार्य करुंगा,उद्योग धंधे एवं प्रतापगढ़ को प्रदेश में एक नई पहचान दिलाने का कार्य करुंगा इस मौके पर विधानसभा पट्टी के विधायक राम सिंह पटेल ने बताया कि इस समय हर किसान परेशान है, इन आवारा जानवरों से जिनके नाम पर बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा है और रोजगार की सुविधा किसी भी प्रकार से प्रतापगढ़ में नहीं है यहां के लोग बाहर के शहरों में कमाने के लिए जाते हैं द्य इस मौके पर पण्डित श्याम किशोर शुक्ला, डॉ.लालजी त्रिपाठी, कांग्रेस अध्यक्ष के जिला अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, सीपीएम के जिला सचिव राम बरन सिंह, सपा महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, डॉ.संजय कपूर, एडवोकेट आचार्य ओम प्रकाश मिश्रा, एडवोकेट पण्डित राधे श्याम शुक्ला, पूर्व प्रमुख सड़वा लाल बहादुर सिंह, काशी नारायन मिश्रा, विशाल नाथ तिवारी, श्री राम वर्मा,एडवोकेट, विजय शंकर त्रिपाठी, अश्वनी सोनी, मानिक चंद्र मिश्रा, सूर्यमणि तिवारी ,श्याम शंकर शुक्ला, श्याम जी, राम लवट यादव, जगदीश प्रसाद यादव, विपिन सरोज, डॉ. वी.के.सिंह,महेन्द्र शुक्ला, वेदान्त तिवारी,अशुतोष तिवारी, सुरेश मिश्रा, इम्तियाज अहमद,सूर्य प्रकाश शुक्ला, करुण पांडेय, मकरंद शुक्ला,नफीस खान, उत्सव भूषण पाल,राजेन्द्र वर्मा, प्रशान्त सिंह, दिलीप गौतम, हरीश चन्द्र सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, सुभाष तिवारी,विवेक पांडेय, मेराज अंसारी, मो यूसुफ, मो वसीम, सूबेदार यादव, मोनू मिश्रा, मो हुजैफ,बृजेश पांडेय, बैजनाथ यादव, मो असलम, फतेह बहादुर सिंह,रामरतन तिवारी,अभय किशोर त्रिपाठी, संजय इश्तियाक, बेलाल, जावेद, रामू पांडेय, सुधीर तिवारी, अवध राज यादव, जावेद अहमद, राधेश्याम दुबे, युनुस खान, सलमान खान, नूर आलम सहित हजारों लोग उपस्थित रहे

# नीतियों से भटक गई है बीजेपी-प्रथमेश

**महंगाई, बेरोजगारी जैसी मूलभूत समस्याओं की ओर उसका कोई ध्यान नहीं है, बसपा से ही जनता को उम्मीद**

**30 अप्रैल को प्रतापगढ़ आऊंगा और बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रचार शुरू करूंगा**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के घोषित प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र सेनानी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी उद्देश्यों से भटक गई है। बेरोजगारी और जनता से जुड़े मुद्दों की ओर उसका कोई ध्यान नहीं है। लोगों को गुमराह कर वह सत्ता में बने रहना चाहती है।उक्त बातें उन्होंने दूरभाष पर हुई वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहाकि देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों से भाजपा को सत्ता सौंपी थी। उसे लगा था कि जब भाजपा सत्ता में आएगी तो उसे महंगाई, बेरोजगारी, अपराधों जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। मगर हो रहा इसका ठीक उलटा है। यह सरकार न तो महंगाई पर लगाम लगा सकी और न ही बेरोजगारी पर। अपराध भी चरम पर है। उसकी इन कमियों की ओर जो लोग आवाज उठाते हैं उनके खिलाफ सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियां अभियान छेड़ देती हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस सरकार को अब सत्ता से बाहर कर लोकतंत्र की रक्षा की जाए।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहाकि वह बालिग हैं और अधिवक्ता हैं। अपना निर्णय लेने में वह खुद सक्षम हैं। उन्हें लगाकि देश में लोकतंत्र की रक्षा बहुजन समाज पार्टी ही कर सकती है। इसलिए उन्होंने बसपा का दामन थामा है। अगर जनता ने उनको मौका दिया तो वह प्रतापगढ़ में विकास को नई गति देंगे। पिता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी और माता श्रीमती सिंधुजा मिश्रा सेनानी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहाकि उन लोगों की राजनीति अलग है और मेरी राजनीति अलग। उन्हें भाजपा पर भरोसा है तो वे लोग उसी के साथ हैं। अपनी राजनीति के बारे में मैने उन लोगों से कोई सलाह भी नहीं ली। यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय है। बसपा नेता ने कहाकि वह 30 अप्रैल को प्रतापगढ़ आएंगे और लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### निमंत्रण से लौट रहे बाइक सवारों को डंफर ने मारी टक्कर,दो युवकों की मौत

**बिहार ,प्रतापगढ।** बाघराय थाना क्षेत्र के भटपुरवा भाव गांव निवासी शिवम शर्मा 23 वर्ष पुत्र कैलाशनाथ अपने मित्र आदर्श उर्फप्रिंस शर्मा 17 वर्ष पुत्र अजय के साथ बाइक से निमंत्रण लाई प्रयागराज गये हुए थे। देर रात लौटते समय बिहार पुलिस चौकी के पास सामने से आ रहे डंफर चालक ने जोरदार टक्कर मारी तथा भाग निकला। दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# ब्रम्हदेव जागरण मंच युवजन प्रकोष्ठ का किया गया गठन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय चौराहा स्थित श्री हनुमान मंदिर पर नगर अध्यक्ष पंडित राजेश नारायण मिश्र व नगर उपाध्यक्ष पंडित रमापति मिश्र की उपस्थिति में मण्डल अध्यक्ष युवजन प्रकोष्ठ पंडित रत्नेश शुक्ला अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ब्रह्मदेव जागरण मंच युवजन प्रकोष्ठ का गठन किया। इस अवसर पर पंडित राजेश कुमार तिवारी अध्यक्ष व पंडित नितेश त्रिपाठी को महामंत्री पूर्वी व पंडित आलोक मिश्र महामंत्री पश्चिमी मनोनीत किया गया । इसी क्रम में डॉक्टर संजय मिश्र युवजन जिला उपाध्यक्ष पंडित राहुल पाण्डेय युवजन जिला उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक शुक्ला युवजन जिला उपाध्यक्ष प्रभारी तहसील लालगंज पंडित सौरभ शुक्ला युवजन जिला उपाध्यक्ष प्रभारी तहसील सदर पंडित विमल कुमार तिवारी युवजन जिला उपाध्यक्ष प्रभारी तहसील पट्टी पंडित शिवा पाण्डेय युवजन जिला उपाध्यक्ष प्रभारी तहसील रानीगंज पंडित प्रशांत तिवारी युवजन जिला उपाध्यक्ष प्रभारी तहसील कुण्डापंडित अम्बरीष दुबे युवजन जिला संगठन मंत्री पंडित प्रदीप कुमार मिश्र युवजन जिला संगठन मंत्री पंडित आनन्द त्रिपाठी युवजन जिला मंत्री पंडित शिवा मिश्रा युवजन जिला संगठन मंत्री पंडित शिवम पाण्डेय युवजन जिला संगठन मंत्री पंडित देवेन्द्र कुमार पाण्डेय युवजन जिला मंत्री पंडित सूर्य प्रकाश तिवारी युवजन जिला मंत्री पंडित धीरेश त्रिपाठी जिला युवजन जिला प्रचार मंत्री पंडित अमित पाण्डेय जिला युवजन प्रचार मंत्री पंडित अमित शुक्ला जिला युवजन प्रचार मंत्री पंडित सौरभ पाण्डेय युवजन जिला मीडिया प्रभारी पंडित अमित पाण्डेय जिला युवजन कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया ।

### हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लालगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में आज दिनांक 27.04.2024 को थाना लालगंज के उ0नि0 श्री भुवाल सिंह यादव, उ0नि0 श्री विनोद कुमार चौरसिया मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 17,2024 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 332, 353, 307, 427, 341, 337, 336 भादवि व 7 सीएलए एक्ट के अभियोग से संबंधित 01. अभिषेक पटेल पुत्र नेकपाल उर्फ घनश्याम पटेल निवासी ग्राम कटरा दुग्धा(पुरवारा) थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में पाया गया कि विधानसभावार मतदान के दिन प्रयोग की जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की साफ-सफाई एवं टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा था। ईवीएम और वीवीपैट का रेंडमाइजेशन सोमवार तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट के रजिस्टरों को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने सुरक्षा कर्मियों को ईवीएम वेयरहाउस की कड़ी निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संतोषी माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर किया गया विशाल भंडारा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद के विकास खण्ड संडवा चंद्रिका के गौहानी पूरे मिश्रान में बने संतोषी माता के भव्य और दिव्य मंदिर के वार्षिकोत्सव पर उमा शंकर मिश्र उर्फ(भोला मिश्र) डॉ राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ सम्पन्न। जिसमें लगभग पांच हजार से अधिक लोग पहुंचे विशाल भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण जिले के हजारों सम्मानित लोगों ने पहुंच कर किया प्रसाद ग्रहण जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के राजगुरु और ब्राह्मण महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर तिवारी सोहगौरा, आचार्य बृजेश चंद्र द्विवेदी, हरिशंकर पांडेय, अच्छे लाल द्विवेदी, शिव कुमार द्विवेदी ,उदय राज मिश्रा, शीतला प्रसाद मिश्र , ओमप्रकाश पांडे, श्री कृष्णा तिवारी ,आचार्य कृपा शंकर पांडे लक्ष्मीकांत त्रिपाठी नरेंद्र मिश्रा अनिल मिश्रा रमाशंकर ओझा सहित अन्य समाज के हजारों की संख्या में महिलाएं एवं बच्चों हुए शामिल।

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफतार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी रानीगंज के नेतृत्व में जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री रोहित कुमार मय हमराह उ0नि0 श्री अमित कुमार सिंह,मुख्य आरक्षी अमरनाथ यादव,आरक्षी मनोज कुमार राय द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थानाक्षेत्र रानीगंज के ग्राम रैनी सतखरिया(नहर पुलिया) के पास से 01व्यक्ति विपिन मिश्रा सूत चौहरजा प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम रैनी सतखरिया थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को 1किलो 50 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 147,2024 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# मेधावी सम्मान समारोह में मतदाताओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पटटी,प्रतापगढ़।** वीणा पाणि शिक्षा मंदिर इंटर कालेज मुजाही बाजार पट्टी प्रतापगढ़ में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षकध्उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदार सिंह द्वारा सभी उपस्थित प्रधानाचार्यो, शिक्षकों,कर्मचारियों,अभिभावकों,गणमान्य नागरिकों को आगामी लोकसभा चुनाव लोकसभा क्षेत्र कौशांबी मतदान तिथि 20.05.2024 और लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ मतदान दिनांक 25.05.2024 को शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु अहवाहन किया।उन्होंने कहा कि कोई मतदाता छूटे नहीं मतदान करने से.इसलिए मतदान के दिन सभी मतदाता स्वयं भी मतदान करें और दूसरे मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें.।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों का आह्वाहन करते हुए कहा कि अपने परिवार,गांव,क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर ले जाकर मतदान करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।.मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित प्रधानाचार्यो, शिक्षकों,कर्मचारियों,विद्यार्थियों,अभिभावकों,गणमान्य नागरिकों आदि को मतदाता शपथ दिलाई।. इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह,विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष फतेह बहादुर सिंह,प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह,निदेशक सतीश कुमार सिंह,प्रधानाचार्य आरके सिंह सहित सभी विद्यालय परिवार के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भू माफियाओं ने साजिश कर लाखों का किया खेल

## सरकार के बुलडोजर का भी भू माफिया को डर नहीं रहा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**उदयपुर, प्रतापगढ।** पीड़ित अनुज कुमार शुक्ल पुत्र पारसनाथ शुक्ल निवासी पूरे राई रोखा डीह रायबरेली ने उदयपुर थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि चार अप्रैल को उमरार गांव निवासी अंकित पंडित उर्फ सूर्या पुत्र जगदीश मिश्रा ,रोहित पुत्र रमाशंकर पूरे मिश्रन उमरार ने गांव के ही विनोद कुमार मिश्र की जमीन दिखाकर दस लाख रुपए में तयकर पैसा ले लिया।जमीन मालिक विनोद कुमार को जब जानकारी हुई तो वह मेरे पास आकर बताए कि, जिस जमीन का बैनामा लिए हो वह मेरी जमीन है । मेरे नाम पर साजिश कर अपना नाम तथा फोटो हस्ताक्षर कर दिया है । जब अनुज, तथा रोहित के घर जानकारी करने गया तो दोनों घर से भाग गए हैं, ऐसी जानकारी मिली। पुलिस ने दोनों अरोपितों पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# कांग्रेसी स्व0 कपिल को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी

## जिलाध्यक्ष ने प्रियंका का संवेदना पत्र सौंपा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता मा.श्री प्रमोद तिवारी जी के एक दिवसीय प्रतापगढ़ नगर आगमन के दौरान कांग्रेस नेता स्व. कपिल द्विवेदी जी के असामयिक आकस्मिक निधन पर उनके विवेकनगर स्तिथ आवास पर पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जी का शोक संवेदना पत्र स्व. कपिल द्विवेदी जी के पिता शंभू नाथ द्विवेदी जी को सौंपा।

जहां प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने पत्र के माध्यम से उनके परिवारजनों से कहा कि उनके द्वारा पार्टी के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रमोद तिवारी जी ने कहा कि कपिल द्विवेदी मेरे परिवार के सदस्य थे और खाटी कांग्रेसी थे,उनका इतनी जल्दी हम सबको छोड़कर जाना प्रतापगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है स कपिल जी कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे ,हमेशा कांग्रेस के लिए जिए,कांग्रेस के लिए लड़े एवम कांग्रेस में ही रहते हुए मर गए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया कि स्व. कपिल द्विवेदी जी को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस भारी दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

शोक संवेदना में मुख्य रूप से पंडित श्याम किशोर शुक्ला, नगर अध्यक्ष इरफान अली, डा.लालजी त्रिपाठी, भगौती प्रसाद तिवारी,डॉ प्रशांत देव शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला,कोषाध्यक्षध्कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, प्रशान्त सिंह,राम रतन तिवारी,सूर्य प्रकाश शुक्ला,अजीत सिंह,विश्वास सिंह, रामू पाण्डे, मो हुजैफ, अशुतोष तिवारी,विश्वास सिंह,संजय इस्तियाक, बेलाल अहमद, जावेद अहमद,सलमान खघन, देवमणि पांडेय,आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधान का निधन व्यापारियों ने दुकानें बंद कर जताया शोक



**बिहार, प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार के ग्राम पंचायत मलाकतिलहाई के पूर्व प्रधान एवं आजाद नगर चौराहे के संस्थापक विन्देश्वरीप्रसाद यादव का बीमारी के चलते निधन हो गया। पूर्व प्रधान के निधन पर आजाद नगर चौराहे व आसपास की सभी दुकानें बंद रहीं। प्रधान घनश्याम यादव के पिता विन्देश्वरीप्रसाद यादव के निधन की सूचना पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक बाबागंज विनोद सरोज व पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रफुल्ल सिंह व पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुभव यादव व ब्लॉक प्रमुख पति सुशीला रामचंद्र सरोज व ब्लॉक जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी प्रदीप शुक्ला समेत अनेक जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया है।

# नौनिहालों ने पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने चुनाव से पूर्व शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दर्शाया गया कि सुनागरिक का चुनाव करके ही देश के विकास में एक अच्छी सहभागिता सुनिश्चित होगी।इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा वैष्णवी मिश्रा, अवनी राशि, नित्या , अदिति, आराध्या मौर्या, वैष्णवी पाल , समीक्षा, यशी, कृष्णा राज, आराध्या सिंह, श्रेया तथा छात्र शिवम, राज, निमिष, अग्रज आदि ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक पोस्टर और पेंटिंग बनाकर भावी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि इस जागरुकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि सभी लोग मतदान करें तथा उन्होंने अपने सम्बोधन में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

### तमंचा,कारतूस संग अभियुक्त गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कुण्डा के उ0नि0 श्री अंकित कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त मो0 मोईन उर्फ राजा पुत्र परमानन्द पाण्डेय निवासी गांधीनगर अनखोरिया, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ थानाक्षेत्र कुण्डा के मवई बाई पास के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना पट्टी पर मु0अ0सं0 118,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# मीरजापुर के पांच केन्द्रों पर 133 किसानों से 2590 क्विंटल तिलहन की खरीद

## एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल से अधिक नहीं होगी खरीद

## किसान ई-समृद्धि पोर्टल पर कराएं रजिस्ट्रेशन, फिर होगी खरीद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर,।** जनपद में कुल पांच केन्द्रों पर अबतक 133 किसानों से 2590 क्विंटल तिलहन की खरीद की जा चुकी है। फसल खरीद के लिए जिले की सदर मंडी में तीन और अहरौरा मंडी में दो क्रय केन्द्र बनाए गए हैं।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसान ई-समृद्धि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं, फिर खरीद होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन किसानों से खरीद की जा चुकी है, उनका भुगतान समय से कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसान-ई-समृद्धि पोर्टल पर अपने खसरा, खतौनी, आधार कार्ड व बैंक पासबुक का रजिस्ट्रेशन कराकर, समस्त की दो प्रति क्रय केन्द्र पर अवश्य जमा कर दें, इसके साथ अपने सरसों का सेम्पल भी क्रय केन्द्र पर ले आएं।उन्होंने कहा कि किसान स्वयं अथवा क्रय केन्द्र या क्रय केन्द्र प्रभारी अपने से सम्बंधित तहसील से प्रपत्रों का सत्यापन अवश्य करा लें। सत्यापन के उपरान्त क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा दी गई तिथि पर अपनी फसल लेकर आएं, उसी दिन उसकी खरीद की जाएगी। बताया कि एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल से अधिक खरीद नहीं की जाएगी।अपर जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों एवं पंजीकृत समितियों के सचिव, एआर कोआपरेटिव को निर्देशित किया कि केन्द्रों पर बोरा की उपलब्धता, सभी उपकरण की तैयारी अवश्य रखें। केन्द्र प्रति दिन सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे प्रत्येक दशा में खोला जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत सभी केन्द्रों पर पेयजल व छायादार बैठने की व्यवस्था अवश्य की जाए।एडीएम ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी किसाना को पंजीयन या बिक्री से सम्बंधित समस्या हो तो जिला प्रबन्धक पीसीयू 8115080525 या एडीओ कोआपरेटिव सिटी 6388410651 पर फोन कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

## मीरजापुर में तैनात सिपाही की बीमारी से मौत

**मीरजापुर,।** मीरजापुर पुलिस लाइन में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत आरक्षी की बीमारी से शुक्रवार को अचानक मौत हो गई। मृतक वाराणसी जनपद के कपसेठी थाना क्षेत्र अंतर्गत धवकलगंज पुलिस चौकी के दादूपुर (उगना) गांव का निवासी था।धवकलगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के दादुपुर उगना गांव निवासी सिपाही संजय सोनकर (32) मीरजापुर पुलिस लाइन में तैनात था। बुधवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हुई और उसी दिन वह अपने गांव चला गया। शुक्रवार की सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई।धवकलगंज चौकी प्रभारी गौरव उपाध्याय ने बताया कि संजय सोनकर की 2006 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर नियुक्ति हुई थी। वर्तमान समय में मीरजापुर पुलिस लाइन में तैनात था।

# विंध्याचल मंदिर मार्ग पर स्थाई रूप से बिछेगी मैटिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर,।** ग्रीष्म ऋतु को दृष्टि में रखते हुए विंध्य विकास परिषद ने स्थाई मैटिंग का प्रबंध करने का निर्णय लिया है।मां विंध्यवासिनी दरबार में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इन दिनों तेज धूप से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें रास्ते पर बिछे हुए कंक्रीट के कारण पैरों में छाले पड़ जा रहे हैं। जिलाप्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंदिर जाने वाले चारों प्रमुख मार्गो पर कुछ दूरी तक स्थाई रूप से मैट बिछाने का निर्णय लिया है । इस विषय में नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह ने बताया कि विन्ध्य विकास परिषद के कोष से चारों मार्गो पर बिछाए जाने के लिए आवश्यक मैट खरीदा जायेगा। चारों मार्गो कोतवाली, पक्का घाट , न्यू वीआईपी तथा पुरानी वीआईपी पर लगभग सौ सौ फीट जूट के मैट बिछाए जायेंगे जिसपर थोड़े थोड़े समय के अंतराल पर पानी का छिड़काव किया जाएगा । काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर आम दर्शनार्थियों की सुविधाओं के दृष्टिगत यह व्यवस्था की जायेगी । इस व्यवस्था से जलते हुए पत्थरों पर नंगे पांव आने जाने वाले दर्शनार्थियों को राहत मिलेगी।

# नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही आयोग को भेजी जाएगी नियमित रिपोर्ट - राजेश प्रसाद




**चित्रकूटः** बांदा चित्रकूट लोकसभा में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव आयोग द्वारा गठित विभिन्न समितियां सक्रिय हो गई हैं। जिसके तहत शनिवार को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक हुई।

चुनाव कंट्रोल रूम में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी भी अपना काम सक्रियता के साथ करेगी। जिसके तहत मीडिया प्रमाणन और अनवीक्षण समिति, पेड न्यूज, फेंक न्यूज, रेडियो एफएम, वीडियो प्रचार वाहनों की अनुमति, सोशल मीडिया प्रचार सामग्री तथा प्रिटिंग प्रचार सामग्री का परीक्षण करेगी। साथ ही दैनिक, साप्ताहिक रिपोर्ट आयोग मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेगी। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र के चुनाव में किसी प्रत्याशी द्वारा अखबार और इलेक्ट्रानिक मीडिया में जारी किए जाने वाले प्रस्तावित विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन पर विचार किया जाएगा। ऐसा कोई विज्ञापन प्रमाणित नहीं किया जाएगा, जिससे धर्म, नश्ल, भाषा, जाति, समुदाय, नश्लीय भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या अन्य किसी आधार पर शत्रुता या वैमनस्यता मिलने की सम्भावना हो। अपर जिलाधिकारी वि रा उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि चुनावी विज्ञापन, पम्पलेट आदि के प्रकाशन के लिए प्रकाशक के नाम और पते के साथ प्रिटंर का नाम व पता प्रिंट करना अनिवार्य होगा। डिप्टी कलेक्टर आलोक सिंह ने कहा कि द्वेष भावना से और किसी प्रत्याशी को लाभ या हानि पहुंचाने के उद्देश्य से प्रकाशित समाचारों का संज्ञान में लेकर समिति विचार करेगी। साथ ही विचारण के बाद पेड न्यूज साबित होने पर नियमानुसार सम्बन्धित प्रत्याशी के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाएगा। बैठक में उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर अग्रवाल, विजय दीक्षित, अखिलेश सोनकर, रतन पटेल व अनुज हनुमत आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 102 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

बरगढ़ थाना के उप निरीक्षक पवन कुमार प्रधान तथा उनकी टीम द्वारा ननकू निवासी कटैया डांडी को 55 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा महेश प्रजापति निवासी कहेटामाफी को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। राजापुर थाना के उप निरीक्षक इमरान खान तथा उनके हमराही द्वारा बालकेश सोनकर निवासी गोस्वामी नगर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी व व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों की ली बैठक



**चित्रकूटः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 48-लोकसभा बांदा चित्रकूट व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने शनिवार को कलेक्टरेट सभागार में निर्वाचन को लेकर गठित उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो सर्विलेंस टीम, मीडिया प्रमाणन टीम तथा व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने उड़न दस्ता टीम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर आने-जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के साथ ही सी विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी सुनिश्चित करें। स्थैतिक निगरानी टीम को निर्देश दिए कि चिन्हित चेक पॉइंट्स, बैरियर पर आने जाने वाले वाहनों की जांच करने के साथ क्षेत्र में भी भ्रमण कर आकस्मिक वाहनों की जांच करें। जांच के दौरान नगदी, शराब, आभूषण तथा अन्य सामग्री पाए जाने पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिस टीम को जिस पॉइंट पर लगाया गया है, वह टीम वहां उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान इसकी आकस्मिक जांच भी की जाएगी। कहा कि अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट पर अच्छी तरह से वाहनों की जांच कराई जाए। उन्होंने सभी टीमों के अधिकारियों से अभी तक हुई कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एमसीएमसी टीम से कहा कि प्रतिदिन पैड न्यूज चैनल, सोसल मीडिया आदि पर लगातार निगरानी करते रहे। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि गत तीन माह के अंदर कितनी शराब की बिक्री और इस समय की स्थिति के बारे में जानकारी की। उन्होंने सभी टीमों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं, उसका सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, सतीश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## उम्मीद से मिलती निराशा, कर्म में करें विश्वासः नवलेश



**चित्रकूटः** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने श्रोताओं को जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई।धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत पीठ धर्मार्थ सेवा संस्थान से पधारे कथा व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। वही बच्चे सम्मान के योग्य होते हैं जिसम शालीनता होती है। वह माता, पिता और वंश के उज्जवल दीपक होते हैं। ध्रुव, प्रहलाद की कथा यही शिक्षा देती है। गुरु कृपा जैसी कोई संपत्ति नहीं है। बस सद्गुरु पर समर्पित हो जाए। गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक हर प्रकार के अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते वह कान सचमुच बहरे हैं। भागवत के चतुर्थ स्कंद की कथा सुनाते हुए कहा कि मधुर वचन पुष्प के समान प्रिय होते हैं। जबकि कटु वचन कांटों के समान हृदय में चुभ जाते हैं। इसलिए जीवन में हमेशा मीठे मधुर वचन ही बोले। भागवत की कथा केवल कहानी नहीं जीवन जीने की कला हैं। बामन चरित्र की कथा तन, मन, धन के साथ स्वयं को अर्पण करने की कथा है। जड़ भरत की कथा सुनाते हुए जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव, कष्ट, सुख, दुःख का मार्मिक वर्णन किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। बताया कि जड़ भरत कहते हैं कि जब तक महापुरुषों के चरणों की रज माथे में नहीं लगाएंगें तब तक जीवन में कुछ मिलने वाला नही है। जितनी अधिक उम्मीद करेंगें उतना ही निराशा मिलेगी। इसलिए इस संसार में उम्मीद ज्यादा नहीं करना चाहिए। कर्म में विश्वास करें, अपेक्षा से अधिक मिलता है।

# जिलाधिकारी ने किया मतदाता जागरूकता रैली का शुभारम्भ




**चित्रकूटः** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में आपूर्ति विभाग ने गैस एजेन्सी संचालकों के साथ मतदाता जागरूकता रैली पाठा जलकल से शुरू कराई। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने कहा कि 20 मई को मतदान केन्द्रों में प्रतिशत बढाने को रैली निकाली जा रही है, ताकि लोग जागरूक होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। जिला पूर्ति अधिकारी की मतदाता जागरूकता बाबत रैली में तीन दर्जन वाहनों पर बैनर व रंगीन गुब्बारे से सजे थे। मतदाताओं को जागरूक करने को आकर्षक नारे के साथ लाउडस्पीकर से प्रचार भी किया। रैली पाठा जलकल से शुरू होकर गंगाजी रोड होते हुए चकरेही चौराहा पहुंची। आम जनता ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। चकरेही चौराहा से धनुष चौराहा, पटेल चौराहा, एलआईसी चौराहा से मिशन रोड होते हुए धुस मैदान से गुजरकर पाठा जलकल में समापन हुआ। समापन पर जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह समेत गैस डिलीवरी वाहन चालक, डिलीवरी मैनों से कहा कि प्रत्येक सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर ही सिलेण्डर की डिलीवरी करें।

इस मौके पर एसडीएम आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक मऊ अनुज कुमार पटेल, पूर्ति निरीक्षक मानिकपुर प्रदीप त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक राजापुर कृपाशंकर द्विवेदी, अरविन्द कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाहा, स्वीप सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## मिट्टी के तेल से भरी चिमनी गिरने से जिन्दा जला अधेड़, मौत

**मीरजापुर,।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के कुडी गांव में शुक्रवार की रात मिट्टी के तेल से भरी चिमनी ऊपर गिरने से अधेड़ गम्भीर रूप से झुलस गया। मंडलीय चिकत्सालय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।कुडी गांव निवासी बृजेश विश्वकर्मा उर्फ डॉक्टर (45) पुत्र सोमारू के ऊपर शुक्रवार की रात मिट्टी के तेल से भरी चिमनी गिर गई और उनका शरीर जल गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने किसी तरह जल रहे अधेड़ को आग से बचाया और तत्काल उसे सीएचसी राजगढ़ ले गए। गम्भीर रूप से जले अधेड़ का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक ने उसे मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम को भेजा।

## तहसील कुण्डा के सीमांकन से सम्बन्धित धारा-24 के 46 वादों किया गया निस्तारण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** शासन एवं राजस्व परिषद द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देश के क्रम में सीमांकन से सम्बन्धित धारा-24 उ0प्र0 राजस्व संहिता के अन्तर्गत तहसीलों में 03 माह से 05 वर्ष तक के अधिक पुराने लम्बित वादों की समीक्षा के तहत जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा तहसील कुण्डा के 03 माह से 05 वर्ष तक के अधिक पुराने लम्बित वादों की समीक्षा की गयी, समीक्षा में पाया गया कि धारा-24 में कुल 81 लम्बित वाद है जिनमें एक सप्ताह के अन्दर 46 वाद निस्तारित किये गये, आख्या प्राप्त 27 वाद में आदेश होना एवं 08 का सीमांकन होना है। जिलाधिकारी ने उपरोक्तोल्लिखित सभी लम्बित पत्रावलियों को एक-एक करके चेक भी किया तथा समीक्षा में पाया गया कि अभियान के तहत एक सप्ताह में अच्छा निस्तारण हुआ है। लम्बित वादों को 15 दिवस में निस्तारित करने का आदेश जिलाधिकारी ने दिया है। जिलाधिकारी द्वारा आर0सी0सी0एम0एस0 पोर्टल पर प्रदर्शित पुरानों वादों की समीक्षा रोस्टर के अनुसार की जा रही है तथा न्यायालय की पुरानी वाद पत्रावलियों का अवलोकन किया जा रहा है।

### सेवानिवृत शिक्षिका दिद्दा का निधन

कुंडा- प्रतापगढ़। बिहार विकासखंड की ग्राम पंचायत रामपुर कोटवा व सेवानिवृत शिक्षिका श्यामा देवी उर्फ दिद्दा पत्नी स्वर्गीय रणधीर सिंह गौतम का इलाज के दौरान बनारस के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पुत्रवधू सरोज सिंह, पौत्र राहुल सिंह समेत वह पूरा परिवार छोड़कर स्वर्गवासी हो गई। विद्यालय से सेवानिवृत होने के बाद सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेती रही है। उनके निधन की खबर से शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का घर पर तांता लग गया।

## मताधिकार प्रयोग को लेकर दिलाई गई शपथ



**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज के जोगापुर स्थित वाणिज्य- संकाय में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे ने सभी को शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं स्वयं तो अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें साथ ही आसपास के लोगों को भी हर हाल में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में डॉ बलराज मिश्र, आकांक्षा मिश्रा,सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी सहित बड़ी संख्या में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के गोगहर वार्ड स्थित संविलियन विद्यालय गोगहर के चार बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा में सफलता अर्जित की है। शनिवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज व सभासद प्रतिनिधि विनोद यादव ने चयनित बच्चों युवराज गुप्ता, नितिन सरोज, अर्पिता यादव, अदिति यादव को सम्मानित कर पुरस्कृत किया। चयनित बच्चों को इस परीक्षा की अलग से तैयारी कराने वाले शिक्षक दिनेश तिवारी को भी रामचरितमानस व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए विनोद यादव ने कहाकि शिक्षा से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की भी प्रशंसा की। इस दौरान वार्ड सभासद उर्मिला यादव,प्रधानाध्यापक कमलेश शुक्ला, शिक्षक राजेश्वरी त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, सजनलाल, अनीता देवी, शिक्षामित्र शोभा देवी व प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवा सपा नेता की मौत पर पार्टी ने आर्थिक सहयोग कर पोंछा आसू

**कुंडा-प्रतापगढ़।** युवा सपा नेता की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुलशन यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक आकाश यादव के पैतृक गांव कियावां पहुंचा। वहां परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अमित आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन व्रत रखा। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराकर दुख की इस घड़ी में परिजनों के आंसू पोंछे। प्रत्येक मंडल ने परिजनों को आश्वास्त किया कि समाजवादी पार्टी परिवार के हर एक सुख दुख में साथ खड़ी है तथा भविष्य में यथा संभव मदद का भरोसा दिलाया है। बता दें कि वैवाहिक समारोह से लौटते समय मौली गांव के समीप दूर नदी के पास बाइक सवार सपा युवा नेता आकाश यादव की दर्दनाक मौत हो गई थी।

इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष धीरज यादव , अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रदीप सरोज, कुंडा विधानसभा अध्यक्ष केशव यादव , अतहर मिर्जा ऊर्फ सब्बू भाई, बादल गौतम, केदारनाथ यादव, हरिश्चंद्र सरोज ,राज बहादुर यादव , पुरुषोत्तम यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दो बाइको की भिड़ंत में तीन जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

***सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू में रेलवे ओवरब्रिज पर दो बाईकों की भिडंत में तीन लोग जख्मी हो गए हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज के पास दो बाईकों की आपस में हुई भिड़ंत में दोनों बाइक चालक समेत तीन लोग घायल हो गए । हादसा देख राहगीरों ने घायलों को कस्बे के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया।शनिवार को सिराथू रेलवे ओवरब्रिज के पास शाम करीब आठ बजे दो बाइक सवार आपस में भिड़ गये। जिसमें बाइक चालक चित्रकूट जनपद के रैपुरा गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र अशोक कुमार के साथ व कीडगंज प्रयागराज निवासी अनुभव केसरवानी पुत्र सुनील केसरवानी घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद राहगीरों ने कस्बे के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया।

## विद्यालय में मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

**कुंडा, प्रतापगढ़।** बिहार रोड़ स्थित भगवत प्रसाद इंटर कॉलेज में हाल ही में आए हाईस्कूल एवं इंटर के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र तथा छात्राओं का अच्छा प्रदर्शन रहा। जिनको प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जन भर से अधिक छात्र तथा छात्राओं को फूल माला तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों में बालिकाओं की संख्या इस बार अधिक रहीं है। बोर्ड परीक्षाओं में हमारे अध्यापकों ने बखूबी विद्यार्थियों को तरासा हैं । जिसको हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने सही साबित करते हुए अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर अध्यापक मनोज कुमार सिंह,विजय करण यादव,अनिल त्रिपाठी,शशिकांत त्रिपाठी,पवन कुमार यादव,मनोज कुमार पांडेय,शिव भवन,अरुण सिंह,अनिल यादव,प्रभाकर गुप्ता,विपिन कुमार शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहें।

## आवारा पशुओं को बचाने में दो घायल

बिहार,प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के भिठारा गांव निवासी रामनरायण यादव 23 वर्ष पुत्र जयराम यादव बाइक से लल्लू विश्वकर्मा को साथ लेकर जलालपुर गांव आज दोपहर में जा रहे थे। रास्ते में भैसासुर धाम कहैयानगर के पास आवारा पशुओं के झुंड को बचाने के चक्कर में बाइक सहित दूर जाकर खड्ड में गिर गये। आनन फनन में परिजन उन्हें इलाज हेतु सीएचसी बाघराय ले गए, जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद रामनरायण यादव को जिला चिकित्सालय रेफर

## पांच देशी बम समेत युवक गिरफ्तार

**उदयपुर, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने मय हमराह उप निरीक्षक अजीत यादव, सिपाही राममिलन यादव,राहुल प्रताप सिंह शनिवार को सुबह लगभग साढ़े पांच बजे चेकिंग पर थे। उसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दिया कि कटरिया नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है और कहीं निकलने की फिराक में है जिसको अभी पकड़ा जा सकता है स उसी समय चारों तरफ से घेरकर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूंछ तांछ में अपना नाम जाबाज कुरैशी पुत्र वकील अहमद निवासी ग्राम अठेहा बताया स तलासी में पांच देसी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# एमएलकेपीजी कॉलेज में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोधार्थी सम्मेलन शुरू





**बलरामपुर।** शनिवार को एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में जीवशास्त्र संकाय व एबी आर एफ (एशियन बायोलॉजिकल रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान व सीएसटी , यूपी (कॉउन्सिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उत्तर प्रदेश )से प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश- विदेश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षाविदों व शोधार्थियों द्वारा जीव विज्ञान और अनुप्रयुक्त विज्ञान, अन्तर्सम्बन्ध विषयों में सतत विकास के परिप्रेक्ष्य विषय पर विस्तृत चर्चा की।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उदघाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ अशोक कुमार वर्मा,विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक बांग्लादेश विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विनय चक्रवर्ती, कीनोट स्पीकर नेपाल विश्वविद्यालय के प्रो0 दिलीप झा ,क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर प्रो0 अश्वनी मिश्र,सम्मेलन के सह सरंक्षक व सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता , सम्मेलन के अध्यक्ष व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय,संयोजक व विभागाध्यक्ष प्राणी विज्ञान प्रो0 अशोक कुमार, समन्वयक डॉ सद्गुरु प्रकाश व आयोजन सचिव व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग डॉ अशोक वर्मा ने कहा कि ईश्वर की सर्वोत्कृष्ट रचना है मानव । ज्ञान का प्रमुख उद्देश्य है कि अंधाधुंध मानव जनित प्रक्रियाओं से दूर रहें और मानवीय मूल्यों का उन्नयन करें। उन्होंने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दूरदृष्टि, पक्का इरादा, निश्चित लक्ष्य ,कड़ी मेहनत व अनुशासन के बलबूते पर बड़ी से बड़ी सफलता अर्जित की जा सकती है। बांग्लादेश से आये प्रोफेसर विनय चक्रवर्ती ने कहा कि आज की पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के विषयों का मिश्रण आवश्यक हो गया है। हम तेजी से मानवजनित पर्यावरणीय परिवर्तनों वाली दुनिया में जकड़ते जा रहे हैं। कीनोट स्पीकर नेपाल के प्रोफेसर प्रो0 दिलीप झा ने एशियन बायोलॉजिकल रिसर्च फाउंडेशन के कार्य वृत एवं उद्देश्य पर विधिवत जानकारी दी। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर प्रो0 अश्वनी मिश्र ने कहा कि विद्या विनय प्रदान करती है। शिक्षा ज्ञान प्राप्ति का माध्यम है और ज्ञान से सुख व शांति की अभिलाषा की जाती है। बदले परिदृश्य में शिक्षा की अवधारणा बदल गई जिससे कई समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल मोहन्ता ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है कि ऐसे सम्मेलन का आयोजन किया है जिसमें पहली बार दो देशों के प्रतिनिधि भौतिक रूप से जबकि 04 देशों के प्रतिनिधि ऑनलाइन अपना विचार रखेंगे। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हमें पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने में मदद करेगा और इतना ही नहीं हम सतत विकास से सम्बंधित कुछ मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। समन्वयक डॉ सद्गुरु प्रकाश ने सम्मेलन के थीम पर अपना विचार प्रस्तुत किया। आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और दो दिनों तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पूर्णता के लिए शोधार्थियों का आह्वान किया। समारोह का सफल संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इस दौरान अतिथियों ने देश-विदेश के शिक्षाविदों व शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत एब्सट्रेक्ट के प्रकाशित सोविनियर का विमोचन किया गया। इसके पूर्व समारोह की औपचारिक शुरुआत सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के कुलगीत से हुआ। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सचिव ,प्राचार्य व आयोजन सचिब द्वारा मुख्य अतिथि डॉ अशोक वर्मा को उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी की घटती संख्या पर उन्हें बढ़ावा देने के लिए सारस का जोड़ा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं जी ई एस ए (जीसा) संस्था से शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए एम एल के महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय को मुख्य अतिथि ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी सम्मानित अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र तथा क्रम्म द्वारा बांग्लादेश के प्रो0 विनय चक्रवर्ती व नेपाल के प्रो0 दिलीप झा को ग्लोबल रेकोगिनिशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कई अन्य शिक्षाविदों को लाइफ टाइम अचीवमेंट, पर्यावरण श्री सम्मान सहित कई पुरस्कार प्रदान किया गया इस अवसर पर देश के कई विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षाविद व शोधार्थी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ आज

## भारत सहित 06 देशों व 14 राज्यों के प्रतिनिधि होंगे सम्मिलित



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में शनिवार को वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ होगा। सम्मेलन में देश-विदेश प्रतिनिधि सम्मिलित होकर जीव विज्ञान और अनुप्रयुक्त विज्ञान ,अन्तर्सम्बन्ध विषयों में सतत विकास के परिप्रेक्ष्य पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

यह जानकारी शुक्रवार को महाविद्यालय के पुस्तकालय सभागार में आयोजित तैयारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य व सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने कही। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा लगातार दूसरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पिछले वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन विभाग द्वारा किया जा चुका है और इस सत्र में 27 व 28 अप्रैल को विभाग द्वारा जीव विज्ञान और अनुप्रयुक्त विज्ञान, अन्तर्सम्बन्ध विषयों में सतत विकास के परिप्रेक्ष्य विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने सम्मेलन के तैयारी का ब्यौरा देते हुए बताया कि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसके लिए अलग अलग समिति बनाई गई है जो सभी संबंधित कार्यों पर नज़र रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत ,नेपाल, चीन,दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका व बांग्लादेश के प्रतिनिधि विषय पर अपनी राय साझा करेंगे।

इसके साथ ही देश के केरल,उड़ीसा, पंजाब,हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, दिल्ली व उत्तर प्रदेश सहित कुल 14 राज्यों के विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के शोधार्थी व पी जी छात्र सहित लगभग 400 से अधिक प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने की संभावना है। 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ ए के वर्मा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। उदघाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि बांग्लादेश के प्रो0 विनय चक्रवर्ती, नेपाल के प्रो0 दिलीप झा,क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर प्रो0 अश्विनी मिश्र,उच्च शिक्षा अधिकारी लखनऊ प्रो0 सुधीर कुमार व महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव तथा सम्मेलन के सह सरंक्षक लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता की गौरवमयी उपस्थिति में सम्मेलन का शुभारंभ होगा। सम्मेलन का समापन रविवार को होगा। इस दौरान देश-विदेश के कई प्रतिनिधि ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यमों से अपने अपने विचार व्यक्त करेंगे।

बैठक में सम्मेलन के संयोजक प्रो0 अशोक कुमार, सह संयोजक डॉ शिव महेन्द्र सिंह, समन्वयक डॉ सद्गुरु प्रकाश व सह आयोजन सचिव डॉ मोहम्मद अकमल सहित सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सत प्रतिशत मतदान स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान- विकास सिंह

## सनबीम्स पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता पर आयोजित हुए कार्यक्रम



**बलरामपुर।** मुख्यालय के सिविल लाइंस में संचालित सनबीम्स पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों ने मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान के लिए पोस्टर स्लोगन वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह राठौर ने किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के उत्सव में प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य की वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि जिले की मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने मतदाताओं को मतदान के लिए छोटी पहल की है इसमें पोस्टर स्लोगन एवं वाद विवाद के माध्यम से अपनी भावनाओं को रखते हुए सभी से मतदान के लिए प्रेरित किया है मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों ने जागरूकता अभियान चलाया है जिसमें विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता में अनमोल तेजस्वी रिद्धि श्रद्धा आराध्या छाया रिया देवांश एवं स्लोगन प्रतियोगिता में सौम्या अनुष्का अपूर्व अथर्व आदि शामिल रहे हैं विद्यालय के बच्चों ने भिन्न स्लोगन सत् प्रतिशत मतदान स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान, मम्मी पापा जल्दी जाओ मतदान करके आओ, आधी रोटी खाएंगे मतदान करने जाएंगे,, आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया है प्रतियोगिता में सफल छात्रों को आगामी वार्षिक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा विद्यालय प्रबंध निदेशक ने शिक्षकों के साथ बच्चों को परिवार में अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है वही विद्यालय संस्थापक साधना सिंह ने भी अभिभावकों को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया है इस अवसर पर नीतू वंदना कोमल मानसी अंजलि सना रामनरेश रिया एवं रितु आदि अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा है।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र की बारीकियों को बताकर क्षेत्र की जनता को करें जागरूक-अभिषेक सिंह




**सुल्तानपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शनिवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। लोकसभा कोऑर्डिनेटर मुन्ना सिंह त्रिशुंडी की उपस्थिति एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और समस्त ब्लॉक अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बैठक मे कांग्रेस द्वारा घोषित घोषणा पत्र की प्रति जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीयों को वितरित कर जन-जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि आप लोग कांग्रेस के वफादार सिपाही है, पार्टी द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया जाता है आप लोग उसे शत प्रतिशत अनुपालन करते हैं। अब 25 दिन आप लोग अपने सारे काम का छोड़कर पार्टी के लिए कम करें कांग्रेस द्वारा घोषित घोषणा पत्र की कॉपी को जिले के आम नागरिकों के बीच वितरित कर उन्हें घोषणा पत्र की बारीकियो को बताएँ उन्हें जागरूक करें, घर-घर जाएं और पूर्व में यूपीए सरकार द्वारा किसानों के 75 हजार करोड़ कर्ज माफ किये जाने, राजीव गांधी विद्युत योजना, मनरेगा, खाद्यय सुरक्षा बिल,आरटीआई जैसी कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को अवश्य बताएं, सरकार बनने पर पार्टी के घोषणा पत्र में दी गयी सभी गारंटी को पूरा करने का विश्वास दिलाते हुए ज्यादा से ज्यादा गठबंधन प्रत्याशी को वोट करने की अपील करें, जिससे देश के संविधान और लोकतंत्र की हिफाजत हो सके। वहीं उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने सिर्फ देश की जनता को ठगने का काम किया है, आज देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है, महंगाई आसमान छू रही है,

कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है, देश के युवा रोजगार के लिए दर दर की ठोकरे खा रहा हैं, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मुद्दों को जनता बताकर उनकी नाकामियां उजागर करना है, आज देश के प्रधानमंत्री ने जमीनी स्तर पर काम किया होता तो कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र ना करके वह अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की कामयाबी के बारे में देश की जनता से बात करते, उन्हें खुद पता है कि उन्होंने चंद उद्योगपतियों के लिए कार्य किया है न कि देश की जनता के लिए। इस बार देश की जनता इन्हें वोट की चोट से सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। लोकसभा कोऑर्डिनेटर मुन्ना सिंह त्रिशुंडी ने कहा कि समय बहुत कम है हमें और आपको पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी के इस घोषणा पत्र को लेकर जनता के की जाकर उन्हे बताना है जिससे जनपद के आम नागरिकों का मत इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिले, और देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बने। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता नफीस फारूकी ने किया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, प्रवक्ता अमोल बाजपेई, मिर्जा अकरम बेग, महेंद्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, रामचंद्र कोरी,अरशद पवार, हर्ष नारायण मिश्रा जयप्रकाश पाठक समीर मिश्रा,सुनील शर्मा, अनवर अंसारी, अब्दुल गफ्फार खान, जनेश्वर उपाध्याय, आवेश अहमद, मो कमर खान, ओमप्रकाश त्रिपाठी चौटाला, नितिन मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, सुशील कुमार मिश्रा, पवन मिश्रा नन्हे, तेज बहादुर पाठक,सुब्रत सिंह सनी, जूनूर अहमद, लालता पाठक, देवेंद्र तिवारी, मनीष तिवारी, नफीस पठान,मनोज कुमार तिवारी, राजकुमार पाल, सुनील शर्मा, विभू पांडे, मो इमरान, जफीर अहमद, जमीदार यादव, धर्मराज मिश्रा, राजेश ओझा, समीर मिश्रा, अहमद रजा, राहुल मिश्रा, नंदलाल मौर्य, चंद्रभान सिंह, इमरान मोनू, हरिश्चंद्र गौतम, शंभू लाल गौतम, प्रदीप सिंह, शिवनाथ मिश्रा, जैद खान, शक्ति प्रसाद तिवारी,विनोद पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेना के सूबेदार की करंट लगने से मौत, चार दिन पूर्व ही आए थे घर


फाइल फोटो

**सुल्तानपुर ।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णानगर गांव में छुट्टी पर घर आए सेना के सूबेदार की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्च्युरि में रखवाकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत अन्नपूर्णानगर निवासी प्रदीप पाण्डेय (41)पुत्र जनार्दन पाण्डेय मेरठ में सूबेदार पद पर सेना में तैनात थे। वह चार दिन पूर्व छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। अन्नपूर्णानगर गांव स्थित घर मे दीवाल प्लास्टर का कार्य चल रहा था। शुक्रवार शाम पांच बजे इनवर्टर का प्लग बोर्ड में लगाते समय वह करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन- फानन में उन्हें सुलतानपुर मेडिकल कालेज ले गए। जहां डॉक्टर ने प्रदीप पाण्डेय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली की पुलिस ने शव को मर्च्युरि में रखवाया है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। प्रदीप की मौत से माता-पिता के साथ पत्नी और दो बेटो को रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया सूचना नही मिली है। प्रार्थना पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बर्थडे पार्टी में गए किशोर का फंदे से लटका मिला शव

**सुल्तानपुर।** गोसाईगंज थाना अंतर्गत अंधियारा बाग गांव में एक व्यक्ति के घर में किशोर की फांसी के फंदे से लटकती लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक किशोर की मां ने हत्या कर शव लटकने का आरोप लगाया है। घर से पांच किमी दूर घटना अंजाम होने पर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की सही वजह सामने आ सकती है।जानकारी के अनुसार गोसाईगंज थानाक्षेत्र के फतेहपुर संगत निवासी नितिन कुमार (14वर्ष) पुत्र स्व. मनोज निषाद गोसाईगंज कस्बे में एक आरओ प्लांट पर नौकरी करता था। वहां से फुरसत पाकर वो शुभम के घर पर आयोजित बर्थ डे कार्यक्रम में गया। उसी गांव में आर्केस्ट्रा प्रोगाम चल रहा था जिसे वो देखने लगा और घर नहीं पहुंचा। शनिवार सुबह इसी गांव के मंगरू निषाद के घर में आज उसकी लाश संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटकती पाई गई। जिससे गांव में सनसनी फैल गई।वही मृतक के चचेरे भाई अवधेश कुमार ने बताया कि मेरे भाई को मारकर टांगा गया है। इस मामले में सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। प्रथम दृश्या फांसी का मामला समझ में आ रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी।बता दें कि मृतक की तीन बहनें लक्ष्मी (22), साक्षी (20), सोनाक्षी (8 वर्ष) और चार भाई विकास (19), नितिन (14) और निखिल (4 वर्ष) है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सरिस पटेल व सूर्याश बंका ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

## नगर के सिग्मा ट्यूटोरियल्स के छात्र रहे दोनों छात्र





**अम्बेडकरनगर।** जारी हुई जेईई मेन्स 2024 के परिणामों मे नगर के सिग्मा ट्यूटोरियल्स के छात्रों ने एक बार फिर से जिले का नाम रोशन किया है। संस्था के छात्र एरिस पटेल पुत्र रामजी वर्मा निवासी पयागपुर ने 99.19 परसेंटाइल एवं सूर्याश बंका पुत्र पीयूष बंका निवासी शहजादपुर सेव 98.59 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, अपनी संस्था एंव अपने शिक्षकों को दिया। संस्था के शिक्षकों ने छात्रों की सफलता पर अपार हर्ष एव शुभकामनाएं व्यक्त किए। संस्था के प्रबंधक संतोष चौधरी ने छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि सफलता कभी संसाधनों की मोहताज नहीं बल्कि सफलता केवल सही दिशा में निरंतर किए गये मेहनत का परिणाम है। संस्था ने एक बार फिर अपने वादे को पूरा किया एवं अप्रत्याशित सफलता अर्जित की है। उन्होंने संस्था के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया एवं छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधि का विकास जरूरी-डॉ रजनी

## ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में आर्ट कंपटीशन संपन्न




**अम्बेडकरनगर।** जिले के ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आर्ट कम्पटीशन- %आर्टि ट्रेल्स% का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सभी छात्र एवं छात्राओं ने हर वर्ग के अनुसार थीम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाया तथा पेंट, ब्रश और क्रेयॉन के साथ छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने सुंदर एवं मनमोहक दृश्यों का चित्रण किया।विद्यालय के डायरेक्टर डॉ जी डी वर्मा , चेयरपर्सन डॉ रजनी चौधरी तथा वाईस प्रिंसिपल वर्तिका नागर ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की तारीफ की तथा प्रतियोगिता में हर कक्षा में से प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, 6 घायल

## बिहार से अयोध्या दर्शन करने जा रहा था परिवार



**सुल्तानपुर ।** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। आधा दर्जन कार सवार श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत का एक परिवार कार से अयोध्या दर्शन करने के लिए आ रहा था। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कूरेभार थानाक्षेत्र के पुरखीपुर चौराहे के पास पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। ऐसे में कार अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराई।

टक्कर से कार के जहां परखच्चे उड़ गए वही उस पर सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में इलाज के लिए लाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों एयर बैग खुल जाने से लोगों की जान बच गई है। घायलों में अभिषेक कुमार (38वर्ष) पुत्र अरुण कुमार निवासी पिपरी थाना मधुबनी बिहार, कृष्णा (45वर्ष) पत्नी रवींद्र कुमार,

आस्था (26वर्ष) पुत्री रवींद्र कुमार, रूबी (40 वर्ष) पुत्री अभिषेक, सविता पत्नी राम प्रकाश डेंगू सराय बिहार, विकलेश कुमार पुत्र राम प्रकाश, अर्जून टोला क्षेरिया बरियारपुर ड़ेंगू सराय शामिल हैं।

# स्वच्छ पानी के साथ मौसमी फलों का सेवन जरूरी- डॉ जीडी वर्मा



**अम्बेडकरनगर।** ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल बिहरोजपुर टांडा में गुरुवार को हेल्थ कैंप आयोजन हुआ। सर्वश्रेष्ठ डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ जीडी वर्मा बच्चों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए।विद्यालय के कक्षा तीन से पांच तक बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए कहा कि हेल्थ चेकअप का उद्देश्य स्किन, हेयर एवं पर्सनल हाइजीन की जानकारी लेना है। विद्यालय के प्रबंधक डॉ जीडी वर्मा ने सभी छात्र एवं छात्राओं को जांच के अनुरूप मेडिकल सहायता लेने की सलाह दी। उन्होंने भीषण गर्मी में दिन में कम से कम तीन लीटर पानी और मौसमी फलों का सेवन करने के फायदे भी बताए।

त्वचा में खुश्की दूर करने के लिए नियमित रूप से नारियल का तेल प्रयोग करने की भी सलाह दी। मौके पर चेयरपर्सन डॉ रजनी चौधरी एवं उप प्रधानाचार्या वर्तिका नागर ने सभी बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी।

# मीरजापुर के पांच केन्द्रों पर 133 किसानों से 2590 क्विंटल तिलहन की खरीद

## एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल से अधिक नहीं होगी खरीद

## किसान ई-समृद्धि पोर्टल पर कराएं रजिस्ट्रेशन, फिर होगी खरीद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर,।** जनपद में कुल पांच केन्द्रों पर अबतक 133 किसानों से 2590 क्विंटल तिलहन की खरीद की जा चुकी है। फसल खरीद के लिए जिले की सदर मंडी में तीन और अहरौरा मंडी में दो क्रय केन्द्र बनाए गए हैं।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसान ई-समृद्धि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं, फिर खरीद होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन किसानों से खरीद की जा चुकी है, उनका भुगतान समय से कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसान-ई-समृद्धि पोर्टल पर अपने खसरा, खतौनी, आधार कार्ड व बैंक पासबुक का रजिस्ट्रेशन कराकर, समस्त की दो प्रति क्रय केन्द्र पर अवश्य जमा कर दें, इसके साथ अपने सरसों का सेम्पल भी क्रय केन्द्र पर ले आएं।उन्होंने कहा कि किसान स्वयं अथवा क्रय केन्द्र या क्रय केन्द्र प्रभारी अपने से सम्बंधित तहसील से प्रपत्रों का सत्यापन अवश्य करा लें। सत्यापन के उपरान्त क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा दी गई तिथि पर अपनी फसल लेकर आएं, उसी दिन उसकी खरीद की जाएगी। बताया कि एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल से अधिक खरीद नहीं की जाएगी।अपर जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों एवं पंजीकृत समितियों के सचिव, एआर कोआपरेटिव को निर्देशित किया कि केन्द्रों पर बोरा की उपलब्धता, सभी उपकरण की तैयारी अवश्य रखें। केन्द्र प्रति दिन सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे प्रत्येक दशा में खोला जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत सभी केन्द्रों पर पेयजल व छायादार बैठने की व्यवस्था अवश्य की जाए।एडीएम ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी किसाना को पंजीयन या बिक्री से सम्बंधित समस्या हो तो जिला प्रबन्धक पीसीयू 8115080525 या एडीओ कोआपरेटिव सिटी 6388410651 पर फोन कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

# मीरजापुर में तैनात सिपाही की बीमारी से मौत

**मीरजापुर,।** मीरजापुर पुलिस लाइन में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत आरक्षी की बीमारी से शुक्रवार को अचानक मौत हो गई। मृतक वाराणसी जनपद के कपसेठी थाना क्षेत्र अंतर्गत धवकलगंज पुलिस चौकी के दादूपुर (उगना) गांव का निवासी था।धवकलगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के दादुपुर उगना गांव निवासी सिपाही संजय सोनकर (32) मीरजापुर पुलिस लाइन में तैनात था। बुधवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हुई और उसी दिन वह अपने गांव चला गया। शुक्रवार की सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई।धवकलगंज चौकी प्रभारी गौरव उपाध्याय ने बताया कि संजय सोनकर की 2006 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर नियुक्ति हुई थी। वर्तमान समय में मीरजापुर पुलिस लाइन में तैनात था।

# विंध्याचल मंदिर मार्ग पर स्थाई रूप से बिछेगी मैटिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर,।** ग्रीष्म ऋतु को दृष्टि में रखते हुए विंध्य विकास परिषद ने स्थाई मैटिंग का प्रबंध करने का निर्णय लिया है।मां विंध्यवासिनी दरबार में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इन दिनों तेज धूप से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें रास्ते पर बिछे हुए कंक्रीट के कारण पैरों में छाले पड़ जा रहे हैं। जिलाप्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंदिर जाने वाले चारों प्रमुख मार्गो पर कुछ दूरी तक स्थाई रूप से मैट बिछाने का निर्णय लिया है । इस विषय में नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह ने बताया कि विन्ध्य विकास परिषद के कोष से चारों मार्गो पर बिछाए जाने के लिए आवश्यक मैट खरीदा जायेगा। चारों मार्गो कोतवाली, पक्का घाट , न्यू वीआईपी तथा पुरानी वीआईपी पर लगभग सौ सौ फीट जूट के मैट बिछाए जायेंगे जिसपर थोड़े थोड़े समय के अंतराल पर पानी का छिड़काव किया जाएगा । काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर आम दर्शनार्थियों की सुविधाओं के दृष्टिगत यह व्यवस्था की जायेगी । इस व्यवस्था से जलते हुए पत्थरों पर नंगे पांव आने जाने वाले दर्शनार्थियों को राहत मिलेगी।

# नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही आयोग को भेजी जाएगी नियमित रिपोर्ट - राजेश प्रसाद




**चित्रकूट:** बांदा चित्रकूट लोकसभा में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव आयोग द्वारा गठित विभिन्न समितियां सक्रिय हो गई हैं। जिसके तहत शनिवार को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक हुई।

चुनाव कंट्रोल रूम में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी भी अपना काम सक्रियता के साथ करेगी। जिसके तहत मीडिया प्रमाणन और अनवीक्षण समिति, पेड न्यूज, फेंक न्यूज, रेडियो एफएम, वीडियो प्रचार वाहनों की अनुमति, सोशल मीडिया प्रचार सामग्री तथा प्रिटिंग प्रचार सामग्री का परीक्षण करेगी। साथ ही दैनिक, साप्ताहिक रिपोर्ट आयोग मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेगी। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र के चुनाव में किसी प्रत्याशी द्वारा अखबार और इलेक्ट्रानिक मीडिया में जारी किए जाने वाले प्रस्तावित विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन पर विचार किया जाएगा। ऐसा कोई विज्ञापन प्रमाणित नहीं किया जाएगा, जिससे धर्म, नश्ल, भाषा, जाति, समुदाय, नश्लीय भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या अन्य किसी आधार पर शत्रुता या वैमनस्यता मिलने की सम्भावना हो। अपर जिलाधिकारी वि रा उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि चुनावी विज्ञापन, पम्पलेट आदि के प्रकाशन के लिए प्रकाशक के नाम और पते के साथ प्रिटंर का नाम व पता प्रिंट करना अनिवार्य होगा। डिप्टी कलेक्टर आलोक सिंह ने कहा कि द्वेष भावना से और किसी प्रत्याशी को लाभ या हानि पहुंचाने के उद्देश्य से प्रकाशित समाचारों का संज्ञान में लेकर समिति विचार करेगी। साथ ही विचारण के बाद पेड न्यूज साबित होने पर नियमानुसार सम्बन्धित प्रत्याशी के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाएगा। बैठक में उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर अग्रवाल, विजय दीक्षित, अखिलेश सोनकर, रतन पटेल व अनुज हनुमत आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 102 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

बरगढ़ थाना के उप निरीक्षक पवन कुमार प्रधान तथा उनकी टीम द्वारा ननकू निवासी कटैया डांडी को 55 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा महेश प्रजापति निवासी कहेटामाफी को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। राजापुर थाना के उप निरीक्षक इमरान खान तथा उनके हमराही द्वारा बालकेश सोनकर निवासी गोस्वामी नगर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी व व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों की ली बैठक



**चित्रकूट:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 48-लोकसभा बांदा चित्रकूट व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने शनिवार को कलेक्टरेट सभागार में निर्वाचन को लेकर गठित उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो सर्विलेंस टीम, मीडिया प्रमाणन टीम तथा व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर अब तक किए गए कार्यो की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने उड़न दस्ता टीम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर आने-जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के साथ ही सी विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी सुनिश्चित करें। स्थैतिक निगरानी टीम को निर्देश दिए कि चिन्हित चेक पॉइंट्स, बैरियर पर आने जाने वाले वाहनों की जांच करने के साथ क्षेत्र में भी भ्रमण कर आकस्मिक वाहनों की जांच करें। जांच के दौरान नगदी, शराब, आभूषण तथा अन्य सामग्री पाए जाने पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिस टीम को जिस पॉइंट पर लगाया गया है, वह टीम वहां उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान इसकी आकस्मिक जांच भी की जाएगी। कहा कि अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट पर अच्छी तरह से वाहनों की जांच कराई जाए। उन्होंने सभी टीमों के अधिकारियों से अभी तक हुई कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एमसीएमसी टीम से कहा कि प्रतिदिन पैड न्यूज चैनल, सोसल मीडिया आदि पर लगातार निगरानी करते रहे। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि गत तीन माह के अंदर कितनी शराब की बिक्री और इस समय की स्थिति के बारे में जानकारी की। उन्होंने सभी टीमों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं, उसका सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, सतीश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# उम्मीद से मिलती निराशा, कर्म में करें विश्वासः नवलेश



**चित्रकूट:** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने श्रोताओं को जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई।धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत पीठ धर्मार्थ सेवा संस्थान से पधारे कथा व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। वही बच्चे सम्मान के योग्य होते हैं जिसम शालीनता होती है। वह माता, पिता और वंश के उज्जवल दीपक होते हैं। ध्रुव, प्रहलाद की कथा यही शिक्षा देती है। गुरु कृपा जैसी कोई संपत्ति नहीं है। बस सद्गुरु पर समर्पित हो जाए। गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक हर प्रकार के अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते वह कान सचमुच बहरे हैं। भागवत के चतुर्थ स्कंद की कथा सुनाते हुए कहा कि मधुर वचन पुष्प के समान प्रिय होते हैं। जबकि कटु वचन कांटों के समान हृदय में चुभ जाते हैं। इसलिए जीवन में हमेशा मीठे मधुर वचन ही बोले। भागवत की कथा केवल कहानी नहीं जीवन जीने की कला हैं। बामन चरित्र की कथा तन, मन, धन के साथ स्वयं को अर्पण करने की कथा है। जड़ भरत की कथा सुनाते हुए जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव, कष्ट, सुख, दुःख का मार्मिक वर्णन किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। बताया कि जड़ भरत कहते हैं कि जब तक महापुरुषों के चरणों की रज माथे में नहीं लगाएंगें तब तक जीवन में कुछ मिलने वाला नही है। जितनी अधिक उम्मीद करेंगें उतना ही निराशा मिलेगी। इसलिए इस संसार में उम्मीद ज्यादा नहीं करना चाहिए। कर्म में विश्वास करें, अपेक्षा से अधिक मिलता है।

# जिलाधिकारी ने किया मतदाता जागरूकता रैली का शुभारम्भ




**चित्रकूट:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में आपूर्ति विभाग ने गैस एजेन्सी संचालकों के साथ मतदाता जागरूकता रैली पाठा जलकल से शुरू कराई। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने कहा कि 20 मई को मतदान केन्द्रों में प्रतिशत बढाने को रैली निकाली जा रही है, ताकि लोग जागरूक होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। जिला पूर्ति अधिकारी की मतदाता जागरूकता बाबत रैली में तीन दर्जन वाहनों पर बैनर व रंगीन गुब्बारे से सजे थे। मतदाताओं को जागरूक करने को आकर्षक नारे के साथ लाउडस्पीकर से प्रचार भी किया। रैली पाठा जलकल से शुरू होकर गंगाजी रोड होते हुए चकरेही चौराहा पहुंची। आम जनता ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। चकरेही चौराहा से धनुष चौराहा, पटेल चौराहा, एलआईसी चौराहा से मिशन रोड होते हुए धुस मैदान से गुजरकर पाठा जलकल में समापन हुआ। समापन पर जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह समेत गैस डिलीवरी वाहन चालक, डिलीवरी मैनों से कहा कि प्रत्येक सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर ही सिलेण्डर की डिलीवरी करें।

इस मौके पर एसडीएम आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक मऊ अनुज कुमार पटेल, पूर्ति निरीक्षक मानिकपुर प्रदीप त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक राजापुर कृपाशंकर द्विवेदी, अरविन्द कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाहा, स्वीप सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मिट्टी के तेल से भरी चिमनी गिरने से जिन्दा जला अधेड़, मौत

**मीरजापुर,।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के कुडी गांव में शुक्रवार की रात मिट्टी के तेल से भरी चिमनी ऊपर गिरने से अधेड़ गम्भीर रूप से झुलस गया। मंडलीय चिकत्सालय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।कुडी गांव निवासी बृजेश विश्वकर्मा उर्फ डॉक्टर (45) पुत्र सोमारू के ऊपर शुक्रवार की रात मिट्टी के तेल से भरी चिमनी गिर गई और उनका शरीर जल गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने किसी तरह जल रहे अधेड़ को आग से बचाया और तत्काल उसे सीएचसी राजगढ़ ले गए। गम्भीर रूप से जले अधेड़ का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक ने उसे मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम को भेजा।

# मतदान से 48 घण्टे पहले से बंद रहेंगी शराब दुकानें - डीएम

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र व उप्र शासन आबकारी अनुभाग के निर्देशों में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व निर्विघ्न चुनाव संचालन को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से सम्बन्धित क्षेत्रों में आबकारी की सभी दुकानों में बिक्री बन्द रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार की शराब दुकानें, होटल, रेस्त्रां, क्लब व शराब बेचने व बांटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लोकसभा चुनाव मतदान व मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित कर शांति बनाये रखने व स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की गरज से संयुक्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 में दिये अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्टेऊ्ट के आदेश हैं कि सम्बन्धित क्षेत्र में जिले के सभी देशी, विदेशी शराब, मदिरा, बियर मॉडल शॉप, भांग की थोक व फुटकर दुकाने बंद रहेंगी। जिले की सीमा में आठ किमी परिधि की प्रयागराज व मप्र के रीवा-सतना की भी दुकानें 18 मई को शाम छह बजे से 20 मई शाम छह बजे तक मतदान समाप्ति तक षष्टम चरण 25 मई को प्रयागराज की सीमा से आठ किमी परिधि में जिले की सभी शराब दुकानें ओबरी, मुर्का 23 मई को शाम छह बजे से 25 मई छह बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसी प्रकार चार जून मतगणना के दौरान जिले की सभी दुकानें पूरे दिन बन्द रहेंगी। बंदी का कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के मादक पदार्थों का न संचय करेगा न वितरण करेगा और न लेकर चलेगा। उल्लंघन की दशा में ठेकेदारों व दोषी लोगों पर आबकारी अधिनियम व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# मताधिकार प्रयोग को लेकर दिलाई गई शपथ



**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज के जोगापुर स्थित वाणिज्य- संकाय में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे ने सभी को शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं स्वयं तो अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें साथ ही आसपास के लोगों को भी हर हाल में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में डॉ बलराज मिश्र, आकांक्षा मिश्रा,सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी सहित बड़ी संख्या में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के गोगहर वार्ड स्थित संविलियन विद्यालय गोगहर के चार बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा में सफलता अर्जित की है। शनिवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज व सभासद प्रतिनिधि विनोद यादव ने चयनित बच्चों युवराज गुप्ता, नितिन सरोज, अर्पिता यादव, अदिति यादव को सम्मानित कर पुरस्कृत किया। चयनित बच्चों को इस परीक्षा की अलग से तैयारी कराने वाले शिक्षक दिनेश तिवारी को भी रामचरितमानस व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए विनोद यादव ने कहाकि शिक्षा से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की भी प्रशंसा की। इस दौरान वार्ड सभासद उर्मिला यादव,प्रधानाध्यापक कमलेश शुक्ला, शिक्षक राजेश्वरी त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, सजनलाल, अनीता देवी, शिक्षामित्र शोभा देवी व प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवा सपा नेता की मौत पर पार्टी ने आर्थिक सहयोग कर पोंछा आसू

**कुंडा-प्रतापगढ़।** युवा सपा नेता की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुलशन यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक आकाश यादव के पैतृक गांव कियावां पहुंचा। वहां परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अमित आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन व्रत रखा। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराकर दुख की इस घड़ी में परिजनों के आंसू पोंछे। प्रत्येक मंडल ने परिजनों को आश्वास्त किया कि समाजवादी पार्टी परिवार के हर एक सुख दुख में साथ खड़ी है तथा भविष्य में यथा संभव मदद का भरोसा दिलाया है। बता दें कि वैवाहिक समारोह से लौटते समय मौली गांव के समीप दूर नदी के पास बाइक सवार सपा युवा नेता आकाश यादव की दर्दनाक मौत हो गई थी।

इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष धीरज यादव , अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रदीप सरोज, कुंडा विधानसभा अध्यक्ष केशव यादव , अतहर मिर्जा ऊर्फ सब्बू भाई, बादल गौतम, केदारनाथ यादव, हरिश्चंद्र सरोज ,राज बहादुर यादव , पुरुषोत्तम यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दो बाइको की भिड़ंत में तीन जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

***सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू में रेलवे ओवरब्रिज पर दो बाईकों की भिडंत में तीन लोग जख्मी हो गए हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज के पास दो बाईकों की आपस में हुई भिड़ंत में दोनों बाइक चालक समेत तीन लोग घायल हो गए । हादसा देख राहगीरों ने घायलों को कस्बे के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया।शनिवार को सिराथू रेलवे ओवरब्रिज के पास शाम करीब आठ बजे दो बाइक सवार आपस में भिड़ गये। जिसमें बाइक चालक चित्रकूट जनपद के रैपुरा गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र अशोक कुमार के साथ व कीडगंज प्रयागराज निवासी अनुभव केसरवानी पुत्र सुनील केसरवानी घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद राहगीरों ने कस्बे के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया।

# गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन



**चित्रकूट:** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी तथा कैरियर गाइडेंस सेल के तत्वातवधान में कैरियर काउंसलिंग तथा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कामदमगिरि साफ्टवेयर सॉल्यूरसन प्राईवेट लिमिटेड की ओर से एचआर मैनेजर अर्तिका पाण्डेय तथा साफ्टवेयर इंजीनियर अमित कुमार जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग सम्बन्धी जानकारी दी। साथ ही प्लेसमेंट के लिए ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया। इसके बाद उनमें से चयनित विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ विनय कुमार चौधरी ने कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव जैसे कार्यक्रमों की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को अपने कैरियर को साकार रूप देने के लिए पूरी मेहनत और लगन से प्रतियोगी परिवेश के अनुरूप अपने आप को ढालने तथा इस तरह की गतिविधियों को बढ-चढ कर प्रतिभाग करके अपने प्रतिभा को और निखारने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीरज गुप्ता ने किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ रामनरेश यादव, नैक प्रभारी डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ सीमा कुमारी, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ रचित जायसवाल, डॉ गजेन्द्र सिंह, डॉ सिद्धान्त चतुर्वेदी, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# गौरा ब्लॉक के सेवानिवृत्ति शिक्षकों का आरएसएम ने किया सम्मान

## दीनशाह गौरा के शिक्षकों का हुआ सम्मान, बीएसए ने किया सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ब्लाक सभागार दीनशाह गौरा में शनिवार को आयोजित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की शाखा दीनशाह गौरा द्वारा किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शंकर सिंह प्रान्तीय संगठन मंत्री ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी एके सचान, खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना से किया गया। दोनों कार्यक्रमों को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिन्नवा की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। ब्लाक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह वर्ष 2020 से मो . अख्तर, मो. मुईनुद्दीन, लक्ष्मीकांत, रामबहादुर यादव, रामकली मिश्रा, वर्ष 2021 से राम प्रताप शुक्ला, सुरेश चन्द्र यादव,



रती पाल, पवन कुमार अग्निहोत्री, वर्ष 2022 से विजय सिंह, मो. कयामुद्दीन, वर्ष 2023 से सुरेश सिंह यादव , राजेन्द्र प्रसाद बाजपेयी, वर्ष 2024 से रामकिशुन यादव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आप लोगों ने अध्यापन के क्षेत्र में बेहतर कार्य अपने दौर में किया है। तभी आपका नाम हजारो लाखों की भीड में हो रहा है। उन्होंने सेवानिवृत शिक्षकों को अनुभव के आधार पर अपना बेहतर योगदान देने की बात कहीं। बीएसए ने आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई और सभी से अपील की निर्भीक होकर मतदान करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी दीन शाह गौरा सत्य प्रकाश सिंह ने शिक्षको को सम्मानित करते हुए कहा कि आप सभी अपने काल खन्ड के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक रहे हैं। आप सभी अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए सदैव जाने जायेंगे। प्रान्तीय संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का कार्य सदैव याद किया जायेगा। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता है। शिक्षक अपने समाज का दर्पण होता है। डायट मेन्टर धर्मेन्द्र सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सबने अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक रहे हैं आप सभी को ये समाज सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम का संचालन रमन सिंह, चन्द्रशेखर, उमेश वर्मा तथा व्यवस्थापक के रूप में हरिमोहन यादव , सौरभ सिंह , ब्रजेन्द्र सिंह प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, एसआरजी सुनील यादव, शिक्षक नेता शैलेश पांडेय, संजय कनौजिया, धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, जंग बहादुर गौतम, धर्मेंद्र बहादुर सिंह, अरविंद कुमार यादव, अखिलेश बाजपेई, अनूप कुमार सिंह, संजीव मौर्य, ममता देवी दिनेश चंद्र रमन सिंह अश्विनी, मनोज, सरोज यादव, अलका विक्रम सिंह, शैलेंद्र दिवाकर, संतोष राजभर, राजकुमार सिंह, अरबाब हैदर, रविंद्र सिंह, नितेश, संजय सिंह, राजेश द्विवेदी, श्याम शंकर त्रिवेदी रामेंद्र सिंह सौरभ कुमार सिंह,हेमंत सिंह, श्रीपाल धर्मेंद्र कुमार सुभाशीष वर्षा श्रीवास्तव , रंजनावर्मा, दिनेशपाल, रंजीत कुमार, मनोज मौर्या, अखिलेश चौरसिया, लोकतंत्र शुक्ला, अनूप चौरसिया, श्रीकांत, विमलेश त्रिवेदी, मनोज मौर्या, वेद कुमार सिंह, रामकृपाल यादव, महामंत्री संजय कनौजिया, मधुकर सिंह, बृजेन्द सिंह, रामेश्वर प्रसाद, रण विजय सिंह, प्रवेश यादव, अनुराग मिश्रा, हरिबंश सिंह, आशुतोष मौर्य, धीरेन्द्र सिंह, अनूप सिंह हरचंदपुर, संजय सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की होगी दस्तक तो भाजपा दिखाएगी दमखम

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव को लेकर आज या कल प्रियंका गांधी का जिले में आमद की तैयारी जिले के पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच अंदरोनी हो रही है जिसको लेकर पोस्टर वार तक प्रियंका गांधी की मांग को लेकर शनिवार के दिन किया जा रहा है हलाकि ये तो वक्त बताएगा कौन प्रत्याशी होगा तो वहीं भाजपा पार्टी भी कांग्रेस के गढ़ को फतेह करने के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार के बाद अपना होमवर्क करके प्रत्याशी मैदान में उतारने के लिए अंदरोनी तैयारी चल रही है। जबकि बसपा ने अपना उम्मीदवार उतारने के बाद वे अपनी पैठ बनाने के लिए जनता के बीच नेटवर्क साधने में जुट गए है तो वहीं कई निर्दलीय प्रत्याशी तक दमखम दिखाने के लिए मतदाताओं को अपनी वाह वाही गिनाकर उनको संजोने में लग गए है।हलाकि 20 मई को मतदान के बाद 4 जून को मतगणना के बाद तहहकीकत पता चलेगा।

# नन्हे मुन्नों ने दी गर्मी को मात



**रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक सलोन में आज नर्सरी से कक्षा दो तक के नन्हे-मुन्ने बच्चो के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस पूल पार्टी में बच्चो ने खूब मस्ती और धमाल किया। इस पार्टी में बच्चो के लिए कृत्रिम पूल का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो ने खूब मस्ती की। साथ ही साथ बच्चो के लिए कई सारे स्विमिग पूल खेलों का आयोजन भी किया गया। नन्हे बच्चो को तीन (रेड, येलो, ग्रीन) हाउस में विभाजित किया गया था, जहा बच्चो ने खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। साथ ही साथ बच्चो के लिए रिफ्रेशमेंट का आयोजन भी किया गया था जिसका बच्चो ने खूब लुफ्त उठाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अनुज सिंह व सहप्रबंधिका प्रियंका सिंह ने भी नन्हे- मुन्नों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चो की शारीरिक व मानसिक क्षमता को विकसित करते है विद्यालय ऐसे आयोजनों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा। पूल पार्टी के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चो को सुव्यवस्थित व संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते है वही इस पूल पार्टी को सफल बनाने में वंदना श्रीवास्तव, संध्या सिंह, शिवानी सिंह, शालिया, ज्योति शुक्ला, साक्षी श्रीवास्तव, सतीश यादव का सहयोग रहा।


# गौरा ब्लॉक के सेवानिवृत्ति शिक्षकों का आरएसएम ने किया सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ब्लाक सभागार दीनशाह गौरा में शनिवार को आयोजित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की शाखा दीनशाह गौरा द्वारा किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शंकर सिंह प्रान्तीय संगठन मंत्री ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी एके सचान, खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना से किया गया। दोनों कार्यक्रमों को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिन्नवा की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। ब्लाक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह वर्ष 2020 से मो . अख्तर, मो. मुईनुद्दीन, लक्ष्मीकांत, रामबहादुर यादव, रामकली मिश्रा, वर्ष 2021 से राम प्रताप शुक्ला, सुरेश चन्द्र यादव, रती पाल, पवन कुमार अग्निहोत्री, वर्ष 2022 से विजय सिंह, मो. कयामुद्दीन, वर्ष 2023 से सुरेश सिंह यादव, राजेन्द्र प्रसाद बाजपेयी, वर्ष 2024 से रामकिशुन यादव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आप लोगों ने अध्यापन के क्षेत्र में बेहतर कार्य अपने दौर में किया है। तभी आपका नाम हजारो लाखों की भीड में हो रहा है। उन्होंने सेवानिवृत शिक्षकों को अनुभव के आधार पर अपना बेहतर योगदान देने की बात कहीं। बीएसए ने आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई और सभी से अपील की निर्भीक होकर मतदान करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी दीन शाह गौरा सत्य प्रकाश सिंह ने शिक्षको को सम्मानित करते हुए कहा कि आप सभी अपने काल खन्ड के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक रहे हैं। आप सभी अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए सदैव जाने जायेंगे। प्रान्तीय संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का कार्य सदैव याद किया जायेगा। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता है। शिक्षक अपने समाज का दर्पण होता है। डायट मेन्टर धर्मेन्द्र सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सबने अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक रहे हैं आप सभी को ये समाज सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम का संचालन रमन सिंह, चन्द्रशेखर, उमेश वर्मा तथा व्यवस्थापक के रूप में हरिमोहन यादव, सौरभ सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह प्रमुख भूमिका रही।


# मई व जून के महीने में न्यायालय सुबह 07 बजे से 01 बजे तक - जिला जज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मा0 न्यायालय के अनुसार, प्रत्येक वर्ष मई और जून के महीने के दौरान न्यायालय सुबह 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित किया जायेगा। जिला न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया है कि 01 मई से 30 जून तक अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह 06:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक न्यायालय कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया है कि न्यायालय का समय सुबह 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक होगा एवं 10:30 बजे से 11:00 बजे तक लंच ब्रेक रहेगा।

# भाकपा (माले) का भाजपा हराओ देश बचाओ गांव से शहर तक चल रहा अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भाकपा (माले) का भाजपा हराओ देश बचाओ अभियान गांव से शहर तक चल रहा है। माले के कार्यकर्ता भाजपा को चुनाव में शिकस्त देने की अपील वितरित कर रहे है। आज शहर में मलिक मऊ से लेकर कैपरगंज होते हुए कहारो के अड्डे तक सघन अभियान चला कर लोगो में पर्चा वितरित किया गया और देश की आजादी ,लोकतंत्र और संविधान की हिफाजत के लिए भाजपा के विरुद्ध आगामी चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया गया। भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य कामरेड विजय विद्रोही ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के संबौधनिक ढांचे को तहस नहस कर दिया है। देश मानोगत ढंग से चलाया जा रहा है और अपने लोकतंत्र विरोधी, जनविरोधी कृत्यों को बातो की मुलम्मेबाजी से सही ठहराने




के लिए लोकप्रियतावाद का सहारा लिया जा रहा है। एक ओर देश की सार्वजनिक संपत्तियों की तबाही, बर्बादी और उनकी बिक्री के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंककर उनका याराना हस्तांतरण तथा दूसरी ओर बढ़ती गरीबी, सिमटते रोजगार के अवसर, घटता वेतन, सरकारी क्षेत्र में नौकरियों पर रोक और चारों तरफ कंपनी राज के तहत आउट सोर्सिंग और ठेका प्रथा के जरिए श्रम की लूट का इतना बेहयाई पूर्ण समय इतिहास में कभी नही रहा। श्रम कानूनों का खात्मा, संविधान में मौलिक अधिकारों को सीमित करने के लिए मनचाहे संशोधन और अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करने के सुविचारित उपाय , देश के नागरिकों में विभेद आने वाले भयानक समय की बानगी भर हैं। महिलाएं, मजदूर ,किसान ,नौजवान ,आदिवासी अल्पसंख्यक इनके सर्वाधिक निशाने पर हैं। इसलिए आज इन्हे सत्ता से बेदखल करना समय की ऐतिहासिक मांग है। भाकपा( माले) गांव गली, शहर भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यो को बेनकाब करते हुए इसे आगामी चुनाव में दंडित करने के लिए जनता की अदालत में फरियाद कर रही है। कामरेड विद्रोही ने कहा कि जनता इस चुनाव में निश्चय इस मुल्क के भाग्य का फैसला करते हुए आजादी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करेगी ,तथा विभाजनकारी, जनविरोधी भाजपा को करारा सबक देते हुए सत्ता से बेदखल करेगी।

# स्वामी सत्यमित्रानंद संस्कार शाला का शुभारम्भ और सावित्री देवी सरयू प्रसाद बाजपेयी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** स्वामी सत्यमित्रानंद संस्कार शाला का शुभारम्भ और सावित्री देवी सरयू प्रसाद बाजपेयी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ समारोह के मुख्य अतिथि श्री निवास शुक्ल संरक्षक प्रधानाचार्य परिषद थे और अध्यक्षता मुरली धर बाजपेयी (अधिवक्ता मा. उच्च न्यायलय लखनऊ बेंच की। सत्य मित्रानंद महाविद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बाजपेयी के संयोजन में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 आदर्श शुक्ल, रविंद्र त्रिपाठी, डॉ0 विरेंद्र त्रिपाठी इंजी0 अखिलेश्वर नाथ सिंह उपस्थित थे। समारोह का डॉ0 संतलाल ने किया। अपने स्वागत भाषण में प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बाजपेयी ने कहा शिक्षा के साथ-साथ




विद्यार्थियों मे संस्कार होना आवश्यक है। इस नाते मेरे मन में संस्कार शाला चलाने की बात आई है। मुख्य अतिथि श्री निवास शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से भारतीय संस्कार कमजोर पड़ रहे है। अध्यक्ष मुरली धर बाजपेयी ने समाज में वृद्धाश्रमो की संख्या पर चिंता व्यक्त की और कहा हम संस्कारों के द्वारा ही भारतीय संस्कृति की रक्षा कर सकते है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान प्रतीक चिन्ह और शॉल देकर किया गया छात्रों ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत करके समा बांध दिया। डॉ0 रबि प्रताप सिंह, भगवान कुमार अवस्थी, वी वी अवस्थी आदि ने समारोह को सम्बोधित किया। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया- अन्त में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सन्तोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विजयशंकर अग्निहोत्री, श्रीधर सिंह, डॉ. अतुल कुमार बाजपेयी, विवेक बाजपेयी, राहुल पाल, अमर कुमार शर्मा, कविता अवस्थी, प्रीतिसिंह, प्रिया गौड, वंदना श्रीवास्तव, डॉ. प्रिया मिश्रा जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिला व उसके पति की पिटाई का वीडीओ वायरल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सलोन थाना के गांव सूची में गर्भवती महिला व उसके पति को बेरहमी से पिटाई किया जा रहा था जिसमे महिला का बाल नोच नोचकर मारपीट तो पति को गिरा गिराकर पीटा जाता था। जिसके वीडीओ बनाकर वायरल सोशल मीडिया में कर दिया गया।जिसमें गर्भवती महिला कराह रही थी लेकिन कोई रहम नही खाया यहां तक की गांव के लोग तक तमाशबीन बने हुए थे।उधर सीओ ने बताया कि वायरल वीडीओ के आधार पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण हेतु वितरित की वर्कशीट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई के द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र अमावां में वर्कशीट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विकास खण्ड अमावां के प्रत्येक न्यायपंचायत के विद्यालयों के शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यकम का व्यवस्थापन विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव व मीना वर्मा ने किया। विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के द्वारा दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण के लिए अक्सर नवाचार किये जाते हैं जिसके अंतर्गत वर्कशीट एक बहुत सफल प्रयोग साबित हुआ है। वर्कशीट दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण की दिशा में एक सुगम पहल है।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके अध्यन को और भी रुचिकर बनाने के लिए तथा बच्चों की प्रतिक्रिया लेने के लिए यह एक बेहतर विकल्प है जिससे उनका अध्ययन और भी अधिक रुचिकर है बन जाता है।

# बूथ जीतो अभियान को लेकर भाजपा की शक्ति केंद्र बैठक और नुक्कड़ सभा हुई सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** भारतीय जनता पार्टी के सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बेहटा कला, मदुरी ,धूरेमऊ,पहुरी,पल्टीखेड़ा, वाजपेई पुर उत्तरा गौरी के शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया और कहा कि मोदी आज सब की जरूरत बन गए हैं । भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए केंद्र में भाजपा की सरकार और नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना बहुत ही आवश्यक है। वही नुक्कड़ सभा में सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं और जनता में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जन जन के नेता



है। घर-घर मोदी की योजना पहुंची है। पूरा भारत मोदी मय है। जरूरत इस बात की है कि रायबरेली के भी हर बूथ पर कमल निशान खिले और हर बूथ पर 370 वोट की बढ़ोतरी हो जिससे रायबरेली में भी भाजपा भारी बहुमत से विजय श्री प्राप्त करें। बूथ अध्यक्षों को उनके कार्यो का आवंटन करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है कि हमे यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री मिले है। मोदी जी का जीवन आज युवाओं के लिए आदर्श जीवन है। मोदी जी गरीबी का दर्द जानते हैं। वहीं भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आज मोदी जी युद्ध स्तर पर देश के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। 2014 के पहले की सरकारों के पास विजन की कमी थी। 2014 में पहली बार मोदी सरकार बनते ही सरकार ने पहला कार्य किया कि इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जिससे आम आदमी तक सस्ता इंटरनेट पहुँचा। बैंकिंग प्रणाली का विस्तार प्रधानमंत्री ने जनधन योजना के माध्यम से किया और करोडों बैंक खाते खुलवाए गए और 50 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते जनधन योजना में खुले हैं द्य आज उन्हीं बैंक खातों के माध्यम से लोगों को सरकारी सहायता मिल रही है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, महामंत्री विवेक दुबे ,शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक शुक्ला सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुर्वेदिक औषधियों की भ्रामक लेबलिग पर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आयुष मंत्रालय की सक्रियता से कई नामी कम्पनियों की नकली, मिलावटी, घातक रसायन से बनी आयुर्वेदिक औषधियों के जाँच मे पकड़े जाने पर आयुष मंत्रालय ने औषधि निर्माता कम्पनियो पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। बहुत सी कंपनियां अपनी औषधियों को बेचने के लिए कोई श्साइड इफेक्ट नहीं गारंटी के साथ इलाज जैसे शब्द प्रचारित करती है। जो कि जांच में सही नहीं पायी जाती। ऐसी कम्पनियों पर कार्यवाही करने की तैयारी होगी। इस आशय का एक पत्र क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रायबरेली डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के क्रम में कहा है कि आयुर्वेदिक औषधि निर्माताओं को ड्रग एण्ड कास्मेटिक रेमेडीज एक्ट 1954 उपभोक्ता संरक्षण एक्ट 2019, दॉ केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट 1995, दॉ सिम्बल एण्ड नेम एक्ट 1950 के तहत निर्देश दिया जाता है कि औषधियों पर लेबलिंग व औषधियों का प्रचार प्रसार उक्त अधिनियम के तहत ही करें। अगर किसी ने भ्रामक प्रचार-प्रसार व लेबलिग (जैसे लेवल पर आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमोदित प्रमाणित का उल्लेख, हरा मार्क प्रदर्शित करना, 100 प्रतिशत शाकाहारी का उल्लेख, कोई साइड इफेक्ट नहीं का उल्लेख किसी भी आयुर्वेदिक औषधियों पर न्यूट्रिशन वैल्यू का उल्लेख) करता है तो उस पर विधिक कार्यवाही हो।

# रोडवेज बस की चक्कर से बुझा घर का चिराग

**रायबरेली।** लखनऊ से प्रयागराज मार्ग पर बेकाबू तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक ही बाइक में एक ही परिवार के दो मासूम समेत चार को टक्कर मार दिया जिसमें सात वर्षीय मासूम बच्चे को जिला अस्पताल में मृतक घोषित कर दिया जबकि तीन घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।जिसमें घर का चिराग बुझने से परिजन बदहोश हो गए।भदोखर थाना क्षेत्र के गांव कुचरिया निकट रोडवेज बस की टक्कर से लखनऊ से प्रयागराज मार्ग पर बाइक सवार राजेन्द्र कुमार 30 वर्ष पुत्र शिवप्रसाद अपने पत्नी मंजू 28 वर्ष व पुत्री अंजलि 10 वर्ष व पुत्र ललित कुमार 7 वर्ष निवासी गांव सलोन कोतवाली निकट गंभीर घायल हो गए जिनको स्थानीय राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर घायलों में ललित कुमार 7 वर्ष की उपचार के दौरान मौत हो गई है जबकि राजेन्द्रयमंजू व अंजलि उपचार किया जा रहा है। वहीं ललित कुमार घर का चिराग था मौत के बाद परिजन बदहोश थे। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि राजेन्द्र कुमार अपने परिवार के साथ बाइक से भदोखर के गांव पूरे ठकुराइन मौसिया सास के यहां वैवाहिक कार्यक्रम होने पर शुक्रवार को आया था जहां से अपने ससुराल महेरी जाते दौरान दुर्घटना हुई है।

# जन विष्वास के सहारे किया जायेगा रायबरेली का चतुर्मुखी विकास -मनोज पाण्डेय

**रायबरेली।** ऊंचाहार विधायकध्पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने आज ग्राम पंचायत नकफुलहा, टिकरा, देदानी, पुरवा पिण्डोर, नरौका, अमरिया, अम्बारा पष्चिम, उत्तरा गौरी लगभग डेढ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में पारिवारिक मिलन, स्वमिलन कार्यक्रम में पहुंचे, लालगंज ब्लाक के अम्बारा पष्चिम ग्रामसभा में आयोजित पारिवारिक एवं स्वमिलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये श्री पाण्डेय ने कहा कि रायबरेली की जनता ने सदैव विकास, सम्मान को प्राथमिकता दी है, और सदैव सबको सहयोग और आदर देने का काम किया है, लेकिन कुछ लोगों ने केवल रायबरेली की जनता को वोट देने की मषीन तक ही सीमित रखा है, और यही कारण था कि आजादी के इतने लम्बे वर्ष बीत जाने के बाद भी जिन लोगों ने सबसे अधिक सत्तासीन रहे उन लोगों की अनदेखी के कारण बहुत बड़े क्षेत्रफल में वांछित विकास नहीं हो पाया, आज जब पूरा देष भारत के यषस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिन्होने कोविड जैसी महामारी के समय से लेकर अनेक चुनौतियों का सामना करते हुये पूरे विष्व में यह



ऐहासास कराने का काम किया कि भारत अग्रणी प्रगतिषील देषों की श्रंखला में बढ चुका है, आज भारत के लोगों को गर्व है कि भारत को आत्मविष्वास से लबरेज दृढ इच्छाषक्ति के ऐसे गृहमंत्री मिले हैं जिन्होने अपने निर्णयों से देष में एकरूपता लाने का काम किया वहीं प्रदेष के मुख्यमंत्री ने अपने सुषासन के द्वारा आज प्रदेष की 25 करोड़ जनता को सामान्य रूप से जीने का अधिकार दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि कुछ लोग रायबरेली को पैसे और ताकत के बल पर जीतना चाहते हैं लेकिन रायबरेली की स्वाभिमानी जनता वह इस बार अपने माटी के अजमाये हुये लाल को भेजने के लिए संकल्पित है। श्री पाण्डेय ने कहा कि रायबरेली के विकास, सम्मान, और अधिकार के लिए अनवरत संघर्ष जारी रहेगा। रायबरेली के लोगों को उनका विकास और सम्मान दिलाना है राजनीति का मुख्य उद्देष्य है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान पप्पू अवस्थी, मनोज मिश्रा, अनुज यादव, दिनेष रावत, भोला पासी, प्रधान लल्ला चौधरी, छब्बा लाल पासी, विनोद यादव, आषुतोष बाजपेयी, भानू सिंह, धनंजय श्रीवास्तव, जगत नारायन तिवारी, ननकऊ तिवारी, अखिलेष चौरसिया, अनुज सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए भीम आर्मी ने किया एसडीएम का घेराव

## तत्काल हो कार्रवाई नही तो होगा उग्र आंदोलन -दिनेश चौधरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव (प्रयागराज)।** भीम आर्मी संगठन के तरफ से बीते 21 तारीख को हुई मानवता को शर्मशार करने वाली बलात्कार की घटना के खिलाफ एस.डी.एम. कोरांव को ज्ञापन सौंपा गया। घटना कोरांव क्षेत्र के बड़ोखरा गांव में 21 अप्रैल को तब घटित हुई जब गुड़िया(बदला नाम) सौंच के लिए घर से बाहर जा रही थी घात लगाए दरिंदो ने उसे दबोच लिया और मुंह बाध कर तमंचा दिखा उसकी इज्जत आबरू को शर्मशार कर दिया। बाद में पता चलने पर पिता दौड़ कर पहुंचे तो दरिंदे भाग निकले, घटना के अगले दिन पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाने थाने पर पहुंचा पुलिस ने तत्काल एफआईआर तो दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक घटना के मुख्य आरोपी ठाकुर प्रदीप सिंह(मठल्लू) पुत्र रविंद्र कुमार सिंह को अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार नही किया जबकि एक



अन्य आरोपी संतोष कोल को गिरफ्तार किया है लेकिन अभी तक पुलिस ना उनका चालान किया है न ही कोई ठोस कदम उठा रही है

पुलिस प्रशासन ढिलाइ बरत रही है, जिससे पूरे क्षेत्र के दलित समाज और न्याय प्रियलोग के आक्रोषित व दुखी है। ज्ञापन देने मे शामिल सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश चौधरी व भीम आर्मी नेता डा. कमलेश गौतम ने कहा कि हमारे दलित समाज नाबालिक बेटी गुड़िया को जिन दरिंदो उसकी आबरू को लूटा पुलिस अभी तक उनके ऊपर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है ना कोई विशेष कार्यवाह हुई है इससे स्पष्ट होता है कि दलित समाज को न्याय दिलाने को दूर बल्कि उस दबंग परिवार के प्रदीप सिंह को गिरफ्तार करने में हीलाहवाली बरत रही है, ऊपर से उस उत्पीड़ित व बेबस परिवार को दबंगो के द्वारा धमकाया जा रहा है, जिससे हम शासन प्रशासन से मांग करते है कि पिता व उनके परिवार को सुरक्षा की गारंटी दिया जाए।परिवार बहन बेटियों के साथ अगर शासन प्रशासन सीघ्र कोई कदम नहीं उठाते तो हम बहुजन समाज के लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

आज ज्ञापन देने में भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गौतम,निर्मला कुशवाहा,अभिराजी देवी, एड प्रकाश बाबू,अमित जैसल,शिवम राव,शुशील कुमार,अकाश सिंग,अजय चौधरी,कृष्णकांत,सर्वेश कुमार,दिनेश ठाकरे व विनय चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

## शादी में गए किसान का असलहे के बल पर अपहरण

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के गारापुर गांव में शुक्रवार रात बारात में गए 35 वर्षीय लालमणि पटेल को कार सवार युवकों ने अगवा कर लिया। कुछ लोगों ने पीछा किया तो अपहरणकर्ताओं ने तमंचे से फायरिंग की। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन तो वहां से दो खोखे बरामद हुए। लालमणि के अगवा होने से पूरा परिवार परेशान है। कहा जा रहा है कि होली के दिन साउंड बजाने को लेकर लालमणि का अपने कुछ पड़ोसियों से विवाद हुआ था। शुक्रवार रात वह भी बारात में गए थे, जिसके आधार पर उनकी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। किसान के घरवालों ने कुछ लोगों पर नामजद आरोप भी लगाया है। कहा जा रहा है कि बरात के दौरान भी झगड़ा हुआ था, जिसके बाद असलहे के बल पर लालमणि का अपहरण कर लिया गया। उसका मोबाइल बंद होने से स्वजन परेशान हैं। पुलिस और एसओजी की टीम अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी अगवा हुए युवक की सकुशल बरामदगी के लिए जुटी हुई है।

## सिरहिर मे पेयजल संकट, टैंकर से आता है पीने का पानी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** खीरी क्षेत्र के ग्राम सिरहिर मे भीषण गर्मी के साथ ही पेयजल का संकट बना हुआ है। पीने के लिए, पानी की आपूर्ति सुबह टैंकर से की जा रही है। फिर भी लोगों को सही समय से नही मिल पा रहा है ।गाँव के सामाजिक कार्यकर्ता आदर्श मिश्रा ने बताया कि गांव मे 25 हजार लीटर छमता की टंकी 2007 मे बनाई गई थी । जिससे चार गांव के लोग लाभान्वित होते. 2010 मे पाइप लाइन बिछाई गई थी । मिट्टी पड़ने के बाद पूरी तरह ध्वस्त हो जाने से पानी के लिए सिरहिर गांव के डिनर, कुशवाहा, बिन्द बस्तियों मे किल्लत बना हुआ है ।ताया जाता है कि शासन द्वारा एगमार्क के तीन हैण्डपम्प लगा हुआ है । वह नमक जैसे पानी निकलने से पानी पीने लायक नही है ।गाँव के सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश कुमार



शुक्ला ने बताया कि तहसील दिवस मे कई बार प्रार्थनापत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई न होने से ग्राम प्रधान सुषमा देवी, आजीविका समूह के रभ्भा देवी ने गांव की समस्या को देखते हुए यहां पर सुबह टैंकर से पानी मुहैया कराया जा रहा है । भरपूर पानी न मिलने से आये दिन विवाद का बना रहता है । गाँव के लोगों को आवश्यकतानुसार पानी न मिलने से दिक्कत आ रही है । लेकिन पूरी तरह से पीने का पानी न मिलने से लोग परेशान नजर दिख रहे है। ग्राम प्रधान सुषमा देवी ने बताया कि गांव के लोग पानी पीने के लिए टैंकर का किराया तक नहीं देते हैं । जिससे दिक्कत उठानी पड़ रही है।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** फूलपुर थाने पर पंजीकृत मुकदमा धारा 354/ 354 डी/504/7/8 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र परमानंद यादव निवासी बसनेहटा थाना फूलपुर टीम द्वारा करुआडीह तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राम विनोद यादव थाना फूलपुर तथा हेड कांस्टेबल हीरालाल यादव थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रमुख रूप से रहे।

## व्याख्यान श्रृंखला में वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने दी महत्वपूर्ण जानकारी



**नैनी(प्रयागराज)।** आर0के0 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में प्रयाग विधि महाविद्यालय द्वारा विधि छात्र-छात्राओं हेतु चलाए जा रहे व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कारागार नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह का व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित व स्वागत गीत से किया गया। इसके पश्चात चेयरमैन डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी द्वारा प्रियम्बल एवं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में छात्रों को नैतिकता की प्रासंगिता एवं कानून को कैसे पालन करें देश में लम्बित मामले, छात्र-छात्राएं जीवन में कैसे आगे बढ़ें और भारतीय संविधान के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंत में प्राचार्य डॉ0 नागेन्द्र शर्मा ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप द्वारा आज छात्र-छात्राओं के जो महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई है इसे अपनाकर छात्र जीवन में जरूर प्रगति कर सकते हैं कार्यक्रम के संचालन विधि के छात्रा अदिती तिवारी, स्वागत गीत मोनिका, वैशाली ने किया।

उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा नर्सिंग प्राचार्या श्रीमती के0एच0 विक्टोरिया देवी विधि के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ0 राजेश निगम रजिस्ट्रार श्री अनुज शुक्ला सहायक आचार्य श्री रामबाबू तिवारी , श्री प्रशान्त पाण्डेय, डॉ0 शिवानी जायसवाल ,एवं अनुभव शुक्ला, सुभाष पटेल, गुरुप्रसाद द्विवेदी, गौरव मालवीय आदि सैकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित रहे ।

## बेलगाम दरोगा के खिलाफ अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने एसीपी थरवई से की मुलाकात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** थरवई थाने के एक बेलगाम दरोगा के खिलाफ शनिवार को अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव करके साथी की पिटाई और गाली देने के मामले में कार्यवाही की मांग की है। एसीपी थरवई ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर कार्यवाही की बात कहीं है। आपको बता दे कि शुक्रवार की शाम पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेन्द्र कुमार पटेल का भाई देवेन्द्र तकिया चौराहे पर स्थित अपने अस्पताल से जा रहा था।

आरोप है कि थरवई थाने के दरोगा दीपक कुमार सिंह और एक सिपाही ने देवेन्द्र को शराब पीने का आरोप लगाते हुए पिटने लगे। देवेन्द्र एक घर में घुस गया तो आरोप है कि घर में घुसकर भद्दी भद्दी गाली और जान मारने की धमकी देते हुए जमीन पर पटक कर




पीटा गया। पीड़ित की माँ विरोध किया तो महिला के साथ भी दरोगा ने अभद्र व्यवहार किया। जबकि देवेन्द्र शराब पीता ही नहीं। बेलगाम दरोगा के खिलाफ शनिवार को पार्टी के गंगापार जिलाध्यक्ष भानुप्रताप पटेल की अगुवाई में थरवई थाने पहुँच कर एसीपी थरवई से मिलकर प्रार्थना पत्र देकर बेलगाम दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर पीड़ित परिवार के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शुआट्स कैंपस सेलेक्शन में 20 को मिली सफलता

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में चार कंपनियों ट्रैक्टर्स एण्ड फार्म इम्प्लीमेन्ट लि0 'टैफे', महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, एच0डी0एफ0सी0 लाईफ इन्श्योरेन्स व द हाउस आफ ओरिजनल्स द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में 20 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई।

निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी ने व्यावसायिक शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कंपनियों द्वारा बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एमबीए, एमबीए एग्रीबिजनेस के बच्चों के लिये प्लेसमेन्ट ड्राइव आयोजित की गई थी। जिसमें बीटेक के 15 बच्चों का चयन ट्रैक्टर्स एण्ड फार्म इम्प्लीमेन्ट लि0 तथा महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा में हुआ। वहीं, एमबीए एग्रीबिजनेस के चार बच्चों का चयन एच0डी0एफ0सी0 लाईफ इन्श्योरेन्स कं0 लि0 में हुआ तथा एमबीए के एक बच्चे का चयन बिजनेस डेवलपमेन्ट एग्जीक्यूटिव के पद पर द हाउस आफ ओरिजनल में हुआ।

डा. त्रिपाठी ने कहा कि कई राष्ट्रीयकृत कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है जल्द ही अन्य कंपनियों द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किये जाने की संभावना है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया। कुलपति, मोस्ट रेव्ह प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

## इलाज में लापरवाही बरतने पर डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बारा (प्रयागराज)।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के लाइनपार स्थित एक अस्पताल में गुरुवार को प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई थी।मौत की सूचना पर परिजनों ने अस्पताल में पहुंचकर काफी हंगामा काटा था। मौत की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। परंतु गुरुवार की देर रात डॉक्टर के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया गया है एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह छोटू बसोर पुत्र असलम निवासी एनसीआर कॉलोनी थाना धूमनगंज हाल पता वार्ड नंबर 5 ज्योति गेस्ट हाउस मोटियान टोला थाना शंकरगढ़ में गर्भवती महिला रूबी को लेकर नगर पंचायत शंकरगढ़ के लाइनपार स्थित एक अस्पताल मे भर्ती कराया। पति ने लिखित शिकायत देते हुए आरोप लगाया है कि मैं अपनी पत्नी को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया जिस पर डॉक्टर द्वारा लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन किया जिससे मेरी पत्नी की मौत हो गई। साथ ही बताया कि उक्त अस्पताल में इस तरह की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिस पर शंकरगढ़ पुलिस में पीड़ित के तहरीर के अनुसार डॉक्टर के विरुद्ध आईपीसी की धारा 304 के तहत मामला पंजीकृत कर जांच कर रही है।

## होटल के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान,जांच में जुटी पुलिस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावां स्थित होटल के कमरे में सोशल मीडिया मैनेजमेंट का कार्य करने वाले आयुष्मान शुक्ल ने फांसी लगाकर जान दे दिया। शनिवार को सुबह देर तक कमरा नहीं खुलने पर साथियों ने दूसरी चाभी से कमरा खुलवाया तो वह फांसी पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी जिले के बनी पाठक का पूरा निवासी आयुष्मान शुक्ल (22) पुत्र विश्वनाथ शुक्ला सोशल मीडिया मैनेजमेंट का कार्य करता था। आयुष्मान 19 अप्रैल 2024 से साथियों के साथ अंदावां स्थित अवतार होटल में रुका था।



शुक्रवार को रात आयुष्मान होटल के कमरा नंबर 106 अकेले सोने के लिए चला गया। देर रात को किसी समय वह कमरा बंद कर गमछे से पंखे के सहारे फांसी लगा लिया। शनिवार को सुबह काफी देर बाद भी जब आयुष्मान कमरे से बाहर नहीं निकला तो साथियों ने दूसरी चाभी से कमरा खुलवाया तो वह फांसी पर झूल रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमरे की तलाशी लेने पर पुलिस को आयुष्मान का टेबलेट मिला है जो लॉक था। इसके अलावा कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

## स्कूल की मान्यता नहीं, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव के विभिन्न कस्बों मे बिना मान्यता के विद्यालय संचालित है । ऐसे विद्यालयों मे अभिभावकों से मनमानी फीस के नाम पर शुल्क वसूला जा रहा है । हिंदी व अंग्रेजी शिक्षा के नाम पर पढ़ने वाले बच्चों को अपने वास्तविक विद्यालय का नाम तक पता नही रहता है ।

लेड़ियारी, खीरी, देईबांध, किहुंनी कला मे संचालित विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । इसी प्रकार पटेहरा के इंग्लिश मीडियम से मान्यता की दावा करने वाले विद्यालय के अलावा लालतारा, चांद, कटरा, खूंटा, सिरहिर, खपटिहा, टौंगा, गोबरा आदि स्थानों पर विद्यालय संचालित हो रहे है । यहां पढ़ने वाले बच्चों का नाम किसी अन्य विद्यालय मे लिखाया जाता है । अभिभावकों को गुमराह कर विद्यालय मे प्रवेश कराया जा रहा है । बेसिक शिक्षा परिषद और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से कुछ मान्यता प्राप्त विद्यालय सीबीआई से मान्यता प्राप्त का प्रचार-प्रसार करते है ।

लेड़ियारी क्षेत्र मे ऐसे दर्जनों विद्यालय संचालित है । विद्यालयों मे अभिभावकों से मनमानी फीस के नाम पर शुल्क वसूला जाता है । जबकि विद्यालय परिसर मे कोई सुविधा नही रहती और स्कूल वैन मे छमता से अधिक संख्या मे बच्चों को बैठाया जाता है । प्राथमिक शिक्षा के नोडल लालमनि गुप्ता ने बताया कि जो भी विद्यालय मान्यता प्राप्त नही है । उन्हें अविलंब मान्यता मिलनी चाहिए । अगर मान्यता के मानकों को जो विद्यालय पूरा नही कर पा रहे है. तो ऐसे शिक्षण संस्थान बंद होनी चाहिए । अभिभावक भी सजग होकर बच्चों का दाखिला कराएं ।

खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि अभियान चलाया जा रहा है । क्षेत्र के विद्यालयों की भी जांच की जा रही है, जो भी विद्यालय बिना मान्यता के मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नामांकन कक्षों का निरीक्षण

### नामांकन कक्षों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के साथ शनिवार को लोकसभा चुनाव में नामांकन हेतु बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कोर्ट कक्ष एवं मुख्य राजस्व अधिकारी कक्ष में बनाये गये नामांकन कक्ष की साफ- सफाई, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने नामांकन कक्ष में आने-जाने वाले रास्ते व सुरक्षा के दृष्टिगत करायी जा रही बैरिकेटिंग को देखते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर व परिसर के बाहर कचहरी रोड़, लक्ष्मी चौराहा, कचहरी



चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, लगायी गयी बैरिकेटिंग व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकरी ने नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराये जाने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, उपजिलाधिकारी करछना जागृति अवस्थी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मिशन भाजपा- घर से रसोई घर तक महिला वोटर से संपर्क

### नुक्कड़ सभा में महिलाओं को साधने के लिए महिला वक्ताओं को दी गई जिम्मेदारी

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी ने देश की आधी आबादी मतदाता महिलाओं को साधने की जिम्मेदारी भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा मजबूत कार्य प्रणाली के तहत लोकसभा के चुनावी समर में विपक्ष को शिकस्त देने के लिए मजबूत तैयारी की है।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा की दोनों सीटों पर कमल खिलाने को लेकर संगठन के द्वारा देश की आधी आबादी महिला मतदाता को साधने के लिए शक्ति केंद्र स्तर पर महिला टोली का गठन किया गया। जो घर से रसोई घर महिला वोटर से संपर्क और घर-घर जाएंगे। अपने जीत का मिशन और विजन लेकर घर-घर जाकर महिलाओं से जनसंपर्क कर रही है और मोदी सरकार के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी दे रही



है। वह महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को बता रही है।

इसके अलावा महिला मोर्चा के द्वारा नई महिला मतदाता, पिछड़े, दलित और आदिवासी, जनजाति महिला मतदाता को साधने के लिए शक्ति केंद्र स्तर पर जनसंपर्क जन संवाद की महिला समूह की टोली के माध्यम से तैयारी की है और 27 अप्रैल से आरंभ होने वाले शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा में पार्टी के द्वारा महिला मतदाताओं को साधने के लिए महिला वक्ताओं को भी लगाया गया है।

## संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन इंडिया गठबंधन कार्यक्रम सफल बनाने में जुटे कार्यकर्ता



**खीरी (प्रयागराज)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी एवम् जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में होने जा रही विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर विधानसभा कोराव के पदाधिकारी द्वारा वृहद स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद कर भारी से भारी संख्या में पहुंचकर संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन इंडिया गठबंधन को सफल बनाने की अपील की गई। रविंद्र जैसल द्वारा खीरी, पौशला, जोरवट, छापर,बेरी,मदरहा, कोहडार, पताई, बहराइचा, लेडियारी,लालतारा पहुंच कर बतलाया गया कि इस बार का चुनाव महंगाई, बेरोजगारी, एवं संविधान बचाने को लेकर है। आगे बतलाया कि इस बार का चुनाव पूंजीपति, और सरकार के कुछ पसंदीदा और चहेते लोगों के खिलाफ है जिनके इशारे पर यह सरकार चल रही है। इस बार का चुनाव माननीय उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और प्रयागराज की धरती से एक सीट गठबंधन को देने का कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में जन अधिकार पार्टी प्रयागराज के मंडल मीडिया प्रभारी अनुज कुशवाहा द्वारा भी कार्यकर्ताओं के घर पर पहुंचकर संवाद किया गया और साथ ही साथ विधानसभा कोरांव के भागीरथी गार्डन में संपन्न हो रहे उक्त बैठक में अधिक से अधिक मात्रा में पहुंचने की अपील की गई। उक्त मौके पर मुख्य रूप से सोमदत्त पटेल,राजेश पांडेय,दीपक पटेल,रविंद्र जैसल,अश्वनी पटेल, मासुक अहमद, नौसाद अंसारी,नसीम अहमद,बद्री यादव, महताब खान सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शीघ्र दाखिल होगी अली और उमर के खिलाफ चार्जशीट

### उमर का बयान है बाकी, अली का बयान हो चुका है दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उमेश पाल व उनके दो सरकारी गनर की हत्या में पुलिस जल्द ही चौथी पूरक चार्जशीट दाखिल कर सकती है। अली का बयान दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उमर का भी बयान दर्ज होना है। माना जा रहा है कि इसके बाद पुलिस तेजी से विवेचना आगे बढ़ाएगी।

अली का बयान एक दिन पहले ही पुलिस ने दर्ज किया है। इसमें उसने हत्याकांड की साजिश से जुड़े अहम राज खोले हैं। पुलिस ने उसका बयान अंकित करते हुए इसे केस डायरी का हिस्सा बना लिया है। ऐसे में अब मामले में उसकी संलिप्तता को लेकर विवेचना आखिरी दौर में है। अगला बयान लखनऊ जेल में बंद उसके बड़े भाई उमर का होना है। उमर को भी साजिश में शामिल होने का आरोपी बनाया गया है। माना जा रहा है कि उमर का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस विवेचना को तेजी से आगे बढ़ाएगी। दोनों के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल हो सकती है।

उमेश पाल हत्याकांड में अब तक दो पूरक चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। सबसे पहले प्रथम चार्जशीट मई 2023 में सदाकत खान के खिलाफ दर्ज की गई थी। इसके बाद पहली पूरक चार्जशीट 17 जून 2023 को खान शौलत हनीफ, इकलाख अहमद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ लगाई गई। अक्तूबर 2023 में विजय मिश्रा के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय प्रेषित की गई।

## सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहा इंडिया गठबंधन- अमरनाथ सिंह मौर्य

**प्रयागराज।** लोकसभा फूलपुर से गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज विधानसभा सोराव के दर्जनों गाँवो मे सघन जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई देश मे इण्डिया गठबंधन लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी सहित गठबंधन मे शामिल दलों के नेता जातीय जनगणना के



प्रबल पैरोकार हैं। जनगणना के उपरांत हीसभी वर्गों का सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक विकास कर सामाजिक न्याय संभव है। किसानों के साथ धोखा हो रहा, नौजवान परेशान है। सत्ता परिवर्तन जरुरी है।सोराव विधानसभा क्षेत्र के सोराव चौराहा नहर ददौली, हरिसेनगंज, ब्लाक बाजार, मऊ आईमा, तिलाई बाजार, जय सिंह पुर, बीबीपुर, नेवादा, करनाई पुर, बहरिया, सिकंदरा आदि गाँवो मे जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील की।जनसम्पर्क के दौरान विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, श्याम कृष्ण यादव बच्चा, मेराज आरिफ, डॉ राजेश यादव, नाटे चौधरी, आसुतोष तिवारी, सुशील यादव, गुफरान मलिक, किसन यादव, पप्पू आदि रहे।

## प्रो. जी.के. राय का निधन गहरी क्षति- किशोर

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो.जी.के. राय के असमय निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे यूनिवर्सिटी की एक महत्वपूर्ण हस्ती थे जिन्होंने इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज के संस्थापक निदेशक के बतौर सैकड़ों लोगों को रोजगार परक बनाया। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

# गुजरात के पोरबंदर में अमित शाह ने की रैली, देश से आतंकवाद-नक्सलवाद को खत्म करने की दी गारंटी



**पोरबंदर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। गृह मंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवार और नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। वह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनाएंगे।

अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार मनसुख मंडाविया के समर्थन में पोरबंदर में रैली की। गृह मंत्री ने आगे कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था और कहा था कि इस कदम से कश्मीर में खून का नदियां बह जाएगी।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा अमित शाह ने कहा, ३पिछले पांच वर्षों में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की। पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तब कोई भी पाकिस्तान से भारत में प्रवेश कर जाता था और यहां बम विस्फोट को अंजाम देता था।'

भाजपा नेता ने आगे कहा, 'जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उड़ी पर हमला किया तब वे भूल गए थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दस दिनों के भीतर, पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान की मिट्टी से आतंकवाद को ही खत्म कर दिया।'

### नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील

इस दौरान शाह ने रैली में मौजूद लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने का काम किया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर छोड़ दिया था। वहीं पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। अमित शाह ने गारंटी दी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर ले आएंगे।

# एक बार फिर चोटिल हुईं बंगाल की सीएम, हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त फिसला पैर



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दूसरे दिन ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गईं। दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया और वह गिर गईं। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें उठाने के लिए भागे। गिरने के कारण ममता को मामूली चोटें आईं है।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ममता कई बार चोटिल हो चुकी हैं। हाल ही में ममता को उनके आवास पर चोट लगी थी। परिसर में टहलने के दौरान वह गिर गई थी, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें टांके भी लगाए गए थे। इससे पहले 2021 में चुनाव प्रचार के दौरान नंदीग्राम में उन्हें कुछ लोगों ने धक्का दिया था, जिससे उनके पैर में चोट लगी थी। रेयापारा में एक मंदिर के बाहर हुई इस घटना को उन्होंने साजिश का हिस्सा बताया था।

# ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल का जवाब, एजेंसी पर लगाए मनमानी के आरोप, कहा– रिश्वत के कोई सबूत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे का जवाब दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्हें जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, वह तरीका ईडी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ बताता है।

### सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल ने क्या कहा?

शीर्ष अदालत में जवाब देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का कोई सबूत मौजूद नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से फंड या रिश्वत ली हो। उन्होंने आगे कहा कि गोवा के चुनाव अभियान में इस धन का उपयोग करना दूर की बात है। अरविंद केजरीवाल ने अपने हलफनामे में लिखा है कि आम आदमी पार्टी के पास एक भी रुपया नहीं आया और उन पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप आधारहीन हैं।

### ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को किया था गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एक अप्रैल से न्यायिक हिरासत में लिया गया। बीते दिनों कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी थी। केजरीवाल की ही पार्टी के मनीष सिसोदिया भी दिल्ली शराब घोटाला केस में करीब डेढ़ साल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। इसके अलावा तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी के. कविता भी इस

# 'नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे की निकली हवा', विपक्षी गठबंधन की जीत का दावा कर बोले वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण के चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे की हवा निकल चुकी है। साथ ही दावा किया कि विपक्षी गठबंधन निश्चित रूप से जीतने जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल में तैयारी के लिए पर्याप्त समय होने के बावजूद मतदान में गड़बड़ी की गई। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि मतदान अधिकारियों ने मतदाताओं को परेशान किया। वेणुगोपाल ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने बहुत बढ़ा-चढ़ा कर 400 पार का नारा दिया, लेकिन पहले और दूसरे चरण के चुनाव के बाद उनके 400 लोकसभा सीट जीतने के दावे की हवा निकल चुकी है। भाजपा का दावा औंधे मुंह गिर गया है। विपक्षी गठबंधन निश्चित रूप से इस बार जीतने जा रहा है।

# '2जी स्पेक्ट्रम मामले पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार, कांग्रेस ने केंद्र को बताया पाखंडी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार के पाखंड की सीमा नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने यूपीए सरकार में हुए 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन को घोटाला बताया था और अब वही भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट में जाकर बिना नीलामी के स्पेक्ट्रम आवंटित करने की मांग कर रही है। दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन पर सुप्रीम कोर्ट ने जो साल 2012 में फैसला दिया था उसमें संशोधन किया जाए।

### जयराम रमेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'मोदी सरकार और भ्रष्ट जनता पार्टी की पाखंड की कोई सीमा



नहीं है। मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में ये लोग कहते थे कि 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन एक घोटाला था। अब वे सुप्रीम कोर्ट में बिना नीलामी के ही स्पेक्ट्रम देने की मांग कर रहे हैं। बेशक ये 'मोदानी सरकार' पहले से ही सार्वजनिक संसाधनों को प्रधानमंत्री के पूंजीपति दोस्तों को दे रहे हैं। इसके तहत एयरपोर्ट, कोयला खदाने फर्जी नीलामी के जरिए एक कंपनी को दे दी गईं। यहां तक कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम भी 150 करोड़ रुपये के चुनावी चंदे के बदले दे दिया गया। कुल मिलाकर वे चार लाख करोड़ रुपये के सार्वजनिक संसाधन उद्योगपति दानदाताओं को दे चुके हैं।'

### सरकार बनने पर जांच कराने का एलान

जयराम रमेश ने कहा कि '4 जून को मतदाता इस संगठित लूट का जवाब देंगे। INDIA ब्लॉक की सरकार सत्ता में आने के बाद अदाणी महाघोटाले की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति गठित करेगी और भ्रष्टाचार की जांच करेगी।' लोकसभा चुनाव के नतीजों का एलान 4 जून को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2 फरवरी 2012 को सुप्रीम कोर्ट ने यूपीए सरकार के कार्यकाल में जनवरी 2008 में दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस को रद्द कर दिया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिए ही आवंटित करने का आदेश दिया था। अब केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम आवेदन देकर 2012 के आदेश में बदलाव की मांग की है। केंद्र सरकार ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की है। हालांकि सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि सरकार ने आदेश में बदलाव की मांग नहीं की है बल्कि आदेश को स्पष्ट करने की अपील की है।

# 'बंगाल पर आतंकियों का कब्जा', संदेशखाली से हथियार मिलने पर ममता सरकार पर बरसे दिलीप घोष



**कोलकाता।** संदेशखाली में हथियार मिलने के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल की राजनीति में उबाल आ गया है। भाजपा सांसद दिलीप घोष ने आरोप लगाया है कि बंगाल पर गुंडे और आतंकियों का कब्जा हो गया है। वहीं बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि संदेशखाली में मिले हथियार विदेशी हैं। शुभेंदु अधिकारी ने मांग की कि टीएमसी पार्टी को आतंकी संगठन घोषित कर देना चाहिए। भाजपा नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने संदेशखाली से हथियार मिलने पर राज्य की टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य अब आतंकियों के लिए जन्नत बन गया है। दिलीप घोष ने कहा कि 'आप इसी बात से बंगाल की स्थिति का अंदाजा लगा सकते हैं, जहां चुनाव कराने के लिए सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और बीएसएफ को लाना पड़ रहा है। विपक्षी नेताओं को भी सुरक्षा दी जा रही है। राज्य किस स्थिति में पहुंच गया है? राज्य में गुंडे बदमाश खुले घूम रहे हैं और पुलिस प्रशासन को उन्हें कैद में रखने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसा लग रहा है कि राज्य पर गुंडे और आतंकियों का कब्जा हो गया है। यह भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है और सार्वजनिक संपत्ति को लूटा जा रहा है। इसके बावजूद टीएमसी सत्ता में बने रहना चाहती है, लेकिन आम जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके खिलाफ खड़ी होगी।'

दिलीप घोष ने कहा कि 'सीपीआईएम सरकार में शाहजहां शेख सड़कों पर पिस्टल लेकर घूमता था। अब टीएमसी सरकार में वह एके-47 लेकर चलता था। एक सीमाई इलाके में जिस तरह से विदेशी हथियार बरामद हुए हैं, उससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। घोष ने ये भी आरोप लगाया कि शाहजहां शेख ने बंगाल में विभिन्न स्थानों पर रोहिंग्या शरणार्थियों को अवैध रूप से बसाया है। यह सब विदेशी मदद से किया गया।' भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने संदेशखाली मामले पर कहा कि 'पुलिस, ममता बनर्जी के अधीन आती है, ऐसे में उनकी पुलिस क्या कर रही थी? क्या वो सो रहे थे? सीबीआई और ईडी को संदेशखाली में जाने की इजाजत नहीं दी गई थी। इन हथियारों को आतंकवाद बढ़ाने में इस्तेमाल किया जाता। बंगाल के लोग 4 जून को इसका जवाब देंगे।'

### शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर लगाए आरोप

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सीबीआई ने बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए हैं। ये हथियार जेल में बंद टीएमसी नेता शाहजहां शेख के रिश्तेदार के ठिकाने से बरामद किए गए हैं। जब्त किए गए हथियारों में विदेशी हथियार भी शामिल हैं। इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि 'संदेशखाली में मिले सभी हथियार विदेशी हैं। विस्फोटक जैसे आरडीएक्स देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हुआ। इन सभी हथियारों को अंतरराष्ट्रीय आतंकियों ने इस्तेमाल किया। आतंकियों के लिए राज्य स्वर्ग बन गया है। लोगों ने खादीकुल, एगरा में जो ट्रेलर देखा था, आज उन्होंने संदेशखाली में हथियार मिलने के साथ ही पूरी फिल्म देख ली। इस घटना के लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं और मैं मांग करता हूं कि ममता बनर्जी को गिरफ्तार किया जाए और तृणमूल कांग्रेस पार्टी को आतंकी संगठन घोषित किया जाना चाहिए।'

### शाहजहां शेख के रिश्तेदार के घर से बरामद हुए हथियार

गौरतलब है कि सीबीआई ने शुक्रवार को संदेशखाली के सारबेरिया स्थित एक घर पर छापेमारी की। यह घर शाहजहां शेख के रिश्तेदार का बताया जा रहा है। इस छापेमारी में घर से भारी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। छापेमारी में तीन विदेशी रिवॉल्वर, एक भारतीय रिवॉल्वर, कोल्ट कंपनी द्वारा निर्मित पुलिस की रिवॉल्वर, एक विदेशी पिस्टल, एक बंदूक, 9 एमएम की 120 गोलियां, पॉइंट 45 कैलिबर की 50 कारतूस, पॉइंट 380 के 50 कारतूस और पॉइंट 32 के 8 कारतूस बरामद किए गए हैं। सीबीआई टीम संदेशखाली में ईडी टीम पर हुए हमले की जांच कर रही है। सीबीआई टीम ने रोबोट की मदद से घर की तलाशी ले रही है। साथ ही घर में कहीं अन्य जगह पर तो हथियार नहीं छिपाए गए हैं, इसके लिए मेटल डिटेक्टर की भी मदद ली जा रही है। वहीं बंगाल सरकार संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई से कराने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

# कांग्रेस ने सीपीआईएम पर चुनावी मशीनरी को हाईजैक करने का लगाया आरोप



**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद कल दूसरा चरण भी संपन्न हो गया। पहले दौर के चुनाव में जहां 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, गुरुवार को हुए चुनाव में 13 राज्य की 88 सीटों पर मतदान हुआ। दूसरे चरण में केरल की 20 सीटों पर भी मतदान हुआ था। अब मतदान के एक दिन बाद कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि मतदाताओं को परेशान किया गया। साथ ही दावा किया कि सत्तारूढ़ माकपा ने मतदान फीसदी को कम करने के उद्देश्य से चुनाव मशीनरी को हाईजैक किया।

कांग्रेस ने 88 लोकसभा सीटों के लिए 13 राज्यों में हुए दूसरे चरण के चुनाव में अच्छे प्रदर्शन का भी भरोसा जताते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी का 400 पार का दावा कुचल दिया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में पहले दो चरणों के मतदान के बाद सभी राज्यों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अच्छे परिणाम का भरोसा है। उन्होंने आगे कहा कि हम केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों को जीतने को लेकर आश्वस्त हैं।

### केरल में मतदान फीसदी में आई कमी

वेणुगोपाल ने मतदान फीसदी में आई कमी को लेकर सत्तारूढ़ माकपा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ माकपा ने चुनाव मशीनरी को हाईजैक किया, जिसकी वजह से 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस साल केरल में मतदान फीसदी में कमी देखी गई। केरल में 20 लोकसभा सीटों के लिए आम चुनावों के बारे में बढ़े राजनीतिक उत्साह के बावजूद, मतदान फीसदी में कमी दर्ज की क्योंकि यह आंकड़ा कल रात आठ बजे 70.22 फीसदी था। अगर साल 2019 की बात करें तो उस समय 77.84 फीसदी वोट पड़े थे।

### ईवीएम में तकनीकी दिक्कतें आईं

वेणुगोपाल ने दावा किया कि राज्य में तीन से पांच फीसदी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में तकनीकी दिक्कतें आईं, जिसके कारण चुनाव प्रक्रिया में काफी देर हुई। इसके कारण मतदाताओं को परेशानी हुई। उन्हें भीषण गर्मी में घंटों तक लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ा।

### 90 फीसदी गड़बड़ियां हुईं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ईवीएम में 90 फीसदी गड़बड़ियां उन बूथों पर हुईं जहां यूडीएफ मजबूत था। उन्होंने कहा, 'मतदान कम इसलिए हुआ क्योंकि मतदाताओं को वोट डालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ईवीएम मशीनों में आई कमी के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा और मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, बैठने की सुविधा तक उपलब्ध नहीं थी।'

### चुनाव मशीनरी को पूरी तरह से हाईजैक किया

उन्होंने आरोप लगाया कि माकपा ने मतदान फीसदी को कम करने के उद्देश्य से चुनाव मशीनरी को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारियों ने हजारों वास्तविक मतदाताओं को मतदाता सूची से हटा दिया। इसके अलावा, कांग्रेस नेता ने आगे आरोप लगाया कि राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदान हुआ और इस पर सवाल उठाने वाले यूडीएफ नेताओं और कार्यकर्ताओं पर वामपंथी कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किया गया।

# नागालैंड में जबरन वसूली का जमकर विरोध, बाजार और कार्यालय बंद



**नई दिल्ली।** नागालैंड में अंडरग्राउंड समूह के लोगों की जबरन वसूली के विरोध में व्यापारियों ने अनिश्चितकाल तक बाजार बंद करने का फैसला किया है। इसके अलावा कई निजी कार्यालय भी बंद रहे। शुक्रवार को पहली बार नागालैंड की वाणिज्यिक राजधानी दीमापुर बंद रही। इसके बाद कन्फेडरेशन ऑफ नागालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) के आह्वान पर अन्य जिलों के बाजार भी बंद होते चले गए। दरअसल सीएनसीआई का कहना है कि व्यापारिक समुदाय जबरन वसूली से त्रस्त हो चुका है। और अब वे लोग इस तरह की वसूली बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने सरकार से इन अंडरग्राउंड समूह की वसूली, धमकी को रोकने के सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि जबरन वसूली अब सहन नहीं की जाए। प्रशासन इसके लिए कोई सख्त कदम उठाए। इस तरह की गतिविधियों को बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार से कई बार इसकी शिकायत की गई है, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। इसलिए अब विरोध जारी रहेगा, बाजार बंद रहेगा।

### बंद रहेंगे दफ्तर बाजार और दफ्तर

सीएनसीआई ने सभी बाजार, व्यापार संबंधी निजी कार्यालयों को बंद रखने का ऐलान किया है। हालांकि बैंक, शैक्षणिक संस्थान, सरकारी कार्यालय और अस्पतालों को इस बंद से बाहर रखा गया है।

### सीजफायर एग्रीमेंट के बाद भी हुई वसूली, पुलिस को निर्देश

राज्य के गृह आयुक्त विक्की केन्या का कहना है कि सरकार को मिली सूचना के अनुसार व्यवसायों से खासतौर पर दीमापुर में कई समूहों द्वारा कर वसूली की गई। इनमें से अधिकांश ने सरकार के साथ युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह स्थिति सही नहीं है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत जबरन वसूली करने वालों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही दीमापुर पुलिस आयुक्त को बाजार में गश्त बढ़ाने के लिए कहा है। इसके अलावा आईआरबीएन कर्मियो की होगी तैनाती भी कराई जाएगी।

### विशेष सेल का होगा गठन

जबरन वसूली के मामलों की जांच के लिए सरकार ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि विशेष सेल का गठन किया जाए। जो कि जबरन वसूली के मामलों पर गंभीरता से जांच करे।

### पहले भी पुलिस को जांच के लिए दिए थे निर्देश

दीमापुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डीसीसीआई) ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहले भी ऐसे निर्देश दे चुकी है। लेकिन फिर भी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार कोई संतोषजनक कदम नहीं उठाती तब तक बंद जारी रहेगा।

# नवी मुंबई में छापेमारी, ड्रग रैकेट के आरोप में 11 नाइजीरियन गिरफ्तार, 1.61 करोड़ के कोकीन भी बरामद

**नई दिल्ली।** नवी मुंबई ने पुलिस ने एक फ्लैट में छापेमारी कर ड्रग्स रैकेट को पकड़ा है। जहां से उनको 1.61 करोड़ की कोकीन और कई नशीले पदार्थ बरामद हुए, इसके साथ ही वहां से ड्रग रैकेट चलाने वाले 11 नाइजीरिन को भी गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को नवी मुंबई से ड्रग्स रैकेट पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि नवी मुंबई के वाशी के कोपरीगांव एक घर में कुछ लोग ड्रग रैकेट चला रहे हैं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की एक टीम ने यहा छापेमारी की। जिसमें कुछ 11 नाइजीरियन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छापेमारी में यहां से 1.61 करोड़ की कोकीन और कुछ नशीले पदार्थ की बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि 30 से 50 साल की उम्र के 11 नाइजीरियन को गिरफ्तार किया गया।

# त्रिकोणीय संघर्ष के जाल में फँसी 29 लोकसभा धौरहरा

**» सामान्य वर्ग से बी एस पी प्रत्याशी के आने से सारे पूर्वानुमान अचानक हुए ध्वस्त**

**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** लोकसभा क्रमांक 29 क्षेत्र में सन 2024 का आम चुनाव व जीतें प्रत्याशी को ही पुनः जीत दिलाने को द्रढ संकल्पित पार्टी, पदाधिकारियों को अचानक झटका देते हुए पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता व मौजूदा सांसद के अति करीबी श्याम किशोर अवस्थी द्वारा बहुजन समाज पार्टी से टिकट हथियानें के बाद पहले से लग रहे सारे समीकरण व पूर्वानुमान अचानक अर्श से फर्श पर आ गये जिसकी चिंता पार्टी नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक घर कर गई है।





मौजूदा सांसद की क्षेत्र में खास उपलब्धि न होने से भाजपा के विधायकों से लेकर कार्यकर्ताओं तक सिर्फ मोदी योगी के नाम के सहारे अपनी जीत सुनिश्चित मान रहे है।

29 लोकसभा क्षेत्र में पहले की तरह सब कुछ सामान्य दिख रहा था कि अचानक से एक घटना होने से सियासी पारा हाई हो गया।जिसका असर धरातल पर भी उतरने लगा।

केन्द्र सरकार मे मौजूदा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा पूर्व में दो बार 29 लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुनकर दिल्ली गई।2024 के आम चुनाव में भाजपा द्वारा पुनः प्रत्याशी बनाया गया है। केन्द्र सरकार की योजनाएं व अन्य कारणों से पार्टी व सांसद महोदया स्वयं अपनी जीत के प्रति आशान्वित थी मगर ऐन वक्त पर पार्टी के पुराने सिपाही रहे श्याम किशोर अवस्थी के द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी से टिकट लेकर ताल ठोकने से पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व में बने बनाए समीकरण तबाह हो गए।जिसका मुख्य कारण रहा कि ब्राह्मण बाहुल्य लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी ने ब्राह्मण चेहरे को उतारकर मौजूदा सांसद की जीत की राह में रोड़े अटकाने का प्रयास किया है।

विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक 28-29 लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद की जाति के कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रोप्रगंडा वायरल करने से सहमे ब्राह्मण समुदाय का झुकाव हाथी की तरफ होने से लोकसभा क्षेत्र में नये चुनावी समीकरण निकल कर सामने आ रहे है।आम जनता में पार्टी के विधायको व कार्यकर्ताओ द्वारा सिर्फ बहानेबाजी से आहत क्षेत्रीय लोगों के एक बडे तबके का भाजपा से मोहभंग होने से मौजूदा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा को परेशानी में डाल दिया। पार्टी व संगठन के कुछ क्षेत्रीय चेहरों के द्वारा आम आदमी को परेशान कर खून चूसने व जगह जगह अपमानित करने का काम किया है।

29 लोकसभा क्षेत्र प्रतिवर्ष बाढ़ व कटान की विभीषिका से आहत होता है जिससे सैकड़ों परिवारों के सामने जीविका चलाने की समस्याओं के अंबार के साथ शासन स्तर से क्षेत्रीय विधायकों व सांसद द्वारा रुचि न लेने से परेशान आम आदमी इस बार काफी चौकन्ना दिखाई दे रहा है।शिक्षा के क्षेत्र में धौरहरा के टेगंनहा में 25 वर्ष पूर्व अधबने आई टी आई कालेज को शुरू कराने में क्षेत्रीय सफेदपोश लाचार /असहाय रहे व इतने ही वर्षो से सुजई कुण्डा मार्ग पर दहौरा नाले के टूटे पड़े पुल का निर्माण न होने से लगभग 20 हजार की आबादी प्रति वर्ष प्रभावित होती है सबसे बड़ी समस्या बरसात में इस मार्ग से गुजरने वाले छात्रों को आती है। जनचर्चा के मुताबिक मौजूदा सांसद की कोई खास उपलब्धि क्षेत्र में नहीं है सिर्फ मोदी योगी नाम के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने के प्रयास में है।क्षेत्र में 3.30 हजार के लगभग मौजूद अल्पसंख्यक मतदाता अन्य दलो के रोजाना बनते बिगड़ते समीकरणों से पूरी तरह वाकिब होकर अधिक चौकन्ना दिखाई देता है।

सूत्रों की माने तो भाजपा और बसपा दोनो ही एक-दूसरे पर भारी पड़ते नजर आ रहें हैं। अगर किसानों की बात की जाए तो किसान केवल एक ही समस्या का शिकार हुआ है वो है छुट्टा आवारा पशु। किसानों को अभी तक मवेशियों से छुटकारा नही मिल पाया है जबकि सरकार द्वारा जगह-जगह पर आश्रित गौशालाओं का भी निर्माण कराया गया है पर किसानों निजात नही मिली। ऐसी ही कुछ समस्याओं को देखते हुये भाजपा पर काले बादल मंडराते दिखाई दे रहे हैं।

## साइकिल व बाइक की आमने सामने टक्कर से पाँच घायल



**धौरहरा-खीरी।** सिसैया ढखेरवा हाइवे पर शनिवार शाम को बाइक चालक व साइकिल की आमने सामने हुई टक्कर से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने सभी को सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया। गम्भीर हालत में डाक्टरों द्वारा दो लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार सिसैया ढखेरवा हाइवे वन विभाग कार्यालय धौरहरा के पूरब साइकिल से अपना खेत देखने जा रहे नगर पंचायत धौरहरा के रामबाटिका धाम निवासी अनूप मिश्रा 65 वर्षीय को शायं 6.30 बजे बाइक चालक मोहर्रम अली 45 वर्षीय अपनी पत्नी आसिया 40 वर्षीय निवासी बोझिया अदलीसपुर शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था कि दूर्घटना में आसिया के सर में चोट व मोहर्रम अली का हाथ टूटने के साथ गम्भीर रूप से घायलों को अस्पताल प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

# रायल्टी में दर्ज मानक से विपरीत होता सफेद रेत का काला कारोबार

**» गुलाबी पुड़िया से खनन/राजस्व विभाग बना सहायक**

**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** लोकसभा के आम चुनाव का दौर चलने के साथ ही क्षेत्र में गलत व फर्जी तरीके से का काम करने वालो के दिन बहुरने लगे। जिससे सरकारी राजस्व को चूना लगाने का काम खुद जिम्मेदारो ने संम्भाल लिया है। क्षेत्र में बह रही शारदा नदी की तलहटी से चलने वाला सफेद रेत का काला कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि करने में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र की लेखपाल सर्किल भूडा मूंड़ी के गाटा संख्या 443 च पर पड़ोसी जिले बहराइच निवासी हरीश चंद्र गुप्ता की फर्म से पट्टा आवंटन हुआ था बताया जाता है कि आवंटित गाटे मे फर्म द्वारा मानक के विपरीत खनन किया गया।जिसकी शिकायत पर जिले स्तरीय अधिकारियों द्वारा मौजूद बडे बडे गड्ठो को भरवा दिया गया था। वर्तमान समय में फर्म द्वारा आवंटित गाटे से लगभग 500 मीटर से 1000 मीटर दूर बालू खनन करने का खेल पोकलैड मशीनों से दिन रात जारी है इस मामले में उच्चाधिकारी खामोशी से अपने कर्तव्यो का निर्वाहन करते दिख रहे हैं।भ्रष्टाचार के इसी क्रम में खनन व राजस्व विभाग के जिम्मेदार भी अपने अपने हाथ साफ कर रहे हैं इसके लिए उन्हें डुप्लीकेट रॉयल्टी बनाने में जरा सा भी परहेज नहीं है।जो कि फर्जी रायल्टी का खेला जिले स्तर से संचालित होता है।

सूत्र बताते हैं कि ट्रालियों की रॉयल्टी चार घन मीटर यानि माल 70-80 कुंतल की काटी जा रही है और वहीं माल 200-250 कुंतल तक भेजा जा रहा है। बताते हैं कि इस स्थान से जाने वाली ट्रक गाड़ियों की 14 घनमीटर की रायल्टी पर 600-700 घनमीटर तक माल सप्लाई किया जा रहा।

संम्बन्धित फर्म द्वारा रात के अंधेरे में ओवरलोड जाने वाली गाड़ियों की धड़ल्ले से डुप्लीकेट रायल्टी को अंजाम दिया जाता है ।

इस मामले में संबधित विभाग व माफियाओं की जड़ें इतनी गहरी है कि कार्यवाही तो बहुत दूर की बात है कि संम्बन्धित जिम्मेदार खुद नज़रें नीची करके गुज़र जाते हैं। क्षेत्र में चल रही तेज थपेड़ो से हवा में उड़ने वाले बालू के कड़ स्थानीय लोगों के लिए मुसीबतें बढ़ा रही है और लोग आंखों से लेकर पेट रोग से ग्रस्त दिखे।

# खाने व दिखाने के दांत अलग-अलग, क्षेत्र में गौशालाओं की हालत गम्भीर

**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की हकीकत जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर कुछ और ही दिखती है।मतलब खाने के दांत दूसरे व दिखाने के दूसरे।की तर्ज पर क्षेत्रीय प्रशासनिक मशीनरी अपने दायित्वों का कैसे निर्वाहन करती है इसकी बानगी निम्न है

वर्तमान समय में जिले की पूरी प्रशासनिक मशीनरी लोकसभा आम चुनाव में ब्यस्त है तो वही निचले स्तर के जिम्मेदारो की बदौलत शाशन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का जनाजा मिलीभगत से कैसे निकाला जा रहा है।



1- गरीबो को प्रतिमाह मिलने वाले उचितदर की दुकानों से गेहूं व चावल को मनमर्जी से गरीबों में वितरित करने का गोरखधंधा जग जाहिर है कि कैसे शाशन के फरमान से इतर अधीनस्थ अधिकारियों के निजी फरमान से दिया जाता है।

2- दूसरी जनकल्याणकारी योजना में शुमार आवारा गौवंशीय पशुओं के लिए अधिकारियों की सहमति से बने अस्थाई गौशालाओं में रहनेवाले गौवंशीय पशु पछुआ हवाओं के तेज थपेड़ो के बीच खाने में सिर्फ सूखा भूषा व खुले आसमान में रहने को विवष है। सूत्रों के मुताबिक बीते माह इन्ही गौशालाओं में गौवंशीय पशुओं को जिम्मेदार अधिकारियों की मेहरबानी से सरसों का भूषा व जगंल तक खिलाया गया था। मीडिया टीम द्वारा शनिवार दोपहर एक बजे के लगभग क्षेत्र की ग्राम पंचायत हर्दी में बनी अस्थाई गौशाला में चिलचिलाती धूप में हांफ रहे गौवंशीय पशु छाया के नाम पर लगभग 15/20/30 फिट के टीन सेड।चारे के नाम पर सूखा भूसा। गौवंशीय पशुओं की संख्या लगभग 200 पछुआ हवाओं के तेज थपेड़ो के बीच इधर उधर भागने को मजबूर व कुछ पशु जमीन पर तड़पने को मजबूर।यह हालात है शाशन की महात्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजना की दुर्दशा के जिम्मेदार क्षेत्रीय राजनीतिक से लेकर विभागीय उच्चाधिकारियों की बनती है।ऐसा नहीं है कि ग्राम पंचायत हर्दी की गौशाला में ऐसा नजारा दिखाई दिया क्षेत्र में मौजूद बसन्तपुर,नरुपुर,महारिया, सुजानपुर,अमेठी, सहित अन्य जगहों की स्थिति जस की तस बनी है।और जिम्मेदार अधिकारी फोन पर लोकेशन ठीक होने का दावा करते नही थकते। क्षेत्र में मौजूद जन प्रतिनिधियो की कोई खास उपलब्धि न होने के कारण प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नाम से चुनावी वैतरणी पार होने का दंभ भरते है। क्योंकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत देखना मुनासिब नहीं समझते।

## अवध विवि के विद्यार्थी वेबसाइट डेवलपमेंट से परिचित हुए

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीटेक व एमसीए के छात्रों के लिए फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट व एडवांस 3-डी मॉडलिंग पर विषय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को लखनऊ की कंपनी कैड डेस्क के मुख्य विशेषज्ञ अमित श्रीवास्तव ने पायथन फुल स्टैक व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तकनीकी पक्षों से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को वेबसाइट डेवलपमेंट की भी उपयोगी जानकारी प्रदान की।

# सरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका के गाल पर गर्म सरिया से गोदकर लिखा अपना नाम, पीड़िता ने मामले की एसपी कार्यालय में की शिकायत

**» शादी से इनकार करने पर प्रेमी ने रस्सी से बांधकर किया रेप**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद मे एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश मे आया है, जहां प्रेमिका के शादी से इंकार करने पर सरफिरे प्रेमी ने बर्बरता के साथ खौफनाक वारदात को अंजाम दे डाला। सिरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका के हाथ पैर बांधकर रेप किया और इसके बाद गुस्से में प्रेमिका के गाल पर लोहे की गर्म रॉड से जबरन अपना नाम AMAN लिख डाला।



धौरहरा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अमन नाम के लड़के का अपने ही गांव की एक लड़की से पिछले कई सालों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लेकिन अभी हाल में जब अमन ने अपनी प्रेमिका से शादी करने की इच्छा जताई तो युवती ने मना कर दिया इससे अमन भड़क उठा और गुस्से में उसने लोहे की गर्म रॉड से युवती के दोनों गालों पर अपना नाम AMAN लिख दिया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी युवक अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है। मगर वह अभी फरार है।

### गर्म रॉड से प्रेमिका के चेहरे पर लिखा अपना नाम, लव मैरिज से इनकार पर दी सजा

किशोरी की मां ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की सुबह करीब 11:30 बजे की है। उसकी बेटी परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। जब वह वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको उठा लिया और अपने घर में तीन दिन बंद करके बेटी को शारीरिक यातनाएं दीं। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो वह उसकी तलाश कर रहीं थी।

### पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

तीसरे दिन शाम को किसी तरह से चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची। उसकी मां का कहना है कि जब उन्होंने बेटी से पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी और बताया कि उसके चेहरे पर लाइटर से लोहे की पतली छड़ गर्म कर आरोपी ने अपना नाम लिख दिया है। इस पर परिजन पीड़ित किशोरी को लेकर थाना धौरहरा पहुंचे और आरापियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

शुक्रवार को पीड़िता परिवार वालों के साथ एएसपी से मिली और पूरी बात बताई एएसपी पूर्वी पवन कुमार गौतम के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### लड़की ने लगाया आरोप

आरोप है कि इसके बाद अमन ने गुस्से में लड़की के दोनों गालों पर गरम रॉड से अपना नाम लिख दिया. पुलिस के पास शिकायत करने पहुंची लड़की ने अमन पर यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है. उसने आजतक को बताया, हम दुकान पर सामान लेने गए थे. 19 तारीख को हमारा मुंह दबाकर वह लड़का हमें अपने घर उठा ले गया. फिर हमारे साथ गलत काम किया. फिर उसने रॉड से हमारा चेहरा जला दिया. अपना नाम लिख दिया. उसकी बहन और उसकी मां ने हमको पकड़ रखा था. हम चिल्लाते रहे कोई हमें बचाने नहीं आया. हमें इंसाफ चाहिए. हम उस लड़के को सजा दिलाना चाहते हैं. वो बोल रहा था कि हमसे शादी करो. हमने मना कर दिया तो उसने हमारा चेहरा खराब कर दिया।

# कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार ट्रेक्युलाइज कर पकड़ा गया तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**लोकमित्र संवाददाता**

**निघासन-खीरी।** शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे थाना निघासन अंतर्गत लुधौरी के मजरा गोविंदपुर फार्म निवासी बलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू गांव में बने अपने घर के आंगन में बैठे चाय नास्ता कर रहे थे। तभी अचानक वहां पहुंचे तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया। जिससे उनके हाथ-पैर जख्मी हो गए शोर मचाने पर घर के आसपास के लोग एकत्र हो गए और शोरगुल सुनकर तेंदुआ पड़ोस में बने सरजीत सिंह उर्फ जोगा के घर में जा पहुंचा। सरजीत सिंह भी चाय पीने जा रहे थे। तेंदुआ देखकर उन्होंने पत्नी और भाई बलजिंदर सिंह से बच्चों को कमरों में जाने के लिए शोर मचाया।

तभी तेंदुए ने सरजीत सिंह पर भी हमला बोल दिया। सरजीत सिंह ने तेंदुए से भिड़कर मुकाबला किया। लेकिन उसके अचानक हुए हमले से सरजीत सिंह के भी हाथ-पैर जख्मी हो गए। शोरगुल सुनकर उसके चाचा बल्देव सिंह (68) उसके घर की ओर आ गए। तेंदुए ने सरजीत सिंह को छोड़कर बल्देव सिंह पर हमला कर उनके एक हाथ की उंगलियां चबा डालीं। तभी पास में पड़े लोहे के पंजे से तेंदुए पर वार व शोरगुल करने पर वह बल्देव सिंह के घर के बाहर पक्की दीवारों पर टिनशेड चढ़ाकर बनी उनके बग्गर में घुस गया। शोरगुल सुनकर वहां भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और उन्होंने भुसैली को घेर लिया और लुधौरी रेंज और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना के लगभग सवा घंटे बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी गजेंद्र सिंह, वन दारोगा चंद्रसेन सिंह व घनश्याम जायसवाल समेत उनकी टीम और कोतवाल सुरेश मिश्र पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। थोड़ी ही देर बाद मझगईं रेंजर अंकित कुमार, वन दारोगा मनोज यादव, भूपेंद्र सिंह और प्रहलाद सिंह भी पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को वहां से हटने और तेंदुए को वहां से भगा देने की बात कह दी जिससे ग्रामीणों ने आक्रोशित होते हुए तेंदुए को वहां से भगाने की बजाय उसे पकड़कर ले जाने की जिद पर अड़ गए। ग्रामीणों ने वन विभाग के डीएफओ समेत एसडीएम और तहसीलदार को फोन कर मामले की जानकारी दी जिस एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह व नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही क्षेत्रीय लेखपाल शिवम गुप्ता व कानूनगों के साथ मौके पर पहुंच गए। तभी मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के पास जाल आदि न होने से ग्रामीण भड़क गए और नोकझोंक होने लगी तभी रेंजर गजेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने उनको काफी समझाया। जब लुधौरी रेंज की टीम ने साढ़े नौ बजे कहीं से एक जाल लेकर पहुंची तब ग्रामीण शांत हुए। लगभग दस बजे जाल को बग्गर के चारो ओर बांध दिया गया। वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने तेंदुए को बेहोश कर पकड़ने के लिए बहराइच जिले के कतर्नियाघाट रेंज के मोतीपुर से ट्रैक्युलाइजिंग टीम को बुलाया।

# शत-प्रतिशत विवेक युक्त मतदान ही स्वस्थ जागरूक लोकतंत्र की है पहचान



**लोकमित्र, श्रीकान्त शाक्य**

**लखीमपुर-खीरी।** गुरु नानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता एवं मिशन बालिका शिक्षा छात्रवृत्ति मेधावी छात्रा अलंकरण कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक सेवक सिंह अजमानी की प्रेरक अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ,विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत के महासचिव डॉक्टर प्रदीप गुप्ता एवं मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दीक्षित रहे।मतदाता जागरूकता विषय पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि शत प्रतिशत विवेक युक्त मतदान ही स्वस्थ जागरूक लोकतंत्र की पहचान है इसलिए आप सभी छात्राएं जागरूक होकर अपने सभी रिश्तेदारों और मतदान आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं से अनुरोध करें कि अपने-अपने मत की कीमत पहचाने और वोट डालने अवश्य जाएं ।मतदान मात्र हमारा अधिकार नहीं अपितु हमारा पवित्रम राष्ट्रीय कर्तव्य एवं समाज धर्म भी है ।डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता प्रांतीय महासचिव , भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत ने उपस्तिथि टीचर्स एवं छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने का अनुरोध किया।



### पहले मतदान, फिर जलपान

डॉक्टर मीनाक्षी तिवारी ने बताया कि अपने अमूल्य मत की कीमत पहचाने इसे छीनने, बिकने,लूटने से बचाए। मुख्य सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दीक्षित ने छात्राओं से अपनी प्रतिभा को निरंतर प्रेरणा का मार्ग देने , समस्त योग्यताओं को समर्पण का सशक्त संबल प्रदान करने की बात कही। शिक्षा को राष्ट्र जीवन की मूल धारा से जोड़ने की बात करते उन्होंने छात्राओं को समझाया कि हमें व्यक्तिगत जीवन के स्वार्थ, झूठी महत्वाकांक्षाओं एवं अहंकार से मुक्त संपूर्ण समाज की वेदना से एकाकार होना चाहिए ।अपने अध्यक्षीय उदबोधन में विद्यालय प्रबंधक सेवक सिंह अजमानी ने छात्राओं से केवल शिक्षित ही न होने अपितु संस्कार युक्त होने की बात कही। मिशन बालिका शिक्षा छात्रवृत्ति प्रतियोगिता के अंतर्गत हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की विद्यालय रतन छात्राओं छात्रों को पुरस्कृत किया गया हाई स्कूल की आयुषी प्रजापति, मेहा मिश्रा , अनन्या, एवं वर्तिका वर्मा को ₹1100 ,1100 का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह तथा अनामिका वर्मा ,मोनिका वर्मा, काजल, जया दीक्षित आदि को ₹501, 501 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी के साथ बहुत सी अन्य छात्राओं को तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य कर्मजीत कौर, संजू वर्मा, दीप्ति तिवारी , शुभ्रा मिश्रा, राहुल मिश्रा श्याम बाबू, प्रियंका पांडे ,प्रियांशी श्रीवास्तव अमित कश्यप एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का भावपूर्ण समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।

# महिलाओं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इलेक्शन आइकॉन बन गए अनाउंसर




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर-खीरी। विधान सभा क्षेत्र 141 - धौरहरा के ब्लॉक ईसानगर में स्वीप की पूरी डायट टीम के साथ गणेशपुर पहुंचे । लखीमपुर खीरी में जैसे जैसे मतदान नजदीक आ रहा है वैसे वैसे मतदाताओं को जागरूक करने की गतिविधियां स्वीप टीम ने तेज कर दी हैं । शनिवार को स्वीप नोडल अनिल सिंह एवम सहायक स्वीप नोडल प्राचार्य डायट/उप शिक्षा निदेशक बृजभूषण चौधरी के निर्देशन में इलेक्शन आइकॉन पूरी स्वीप टीम के साथ एक बार फिर गांव गणेशपुरपुर पहुंचे और लोगों से बात की । आज माइक स्पीकर के साथ में इन्होंने पूरे गांव में घूमकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया एवम लोगों से बात की । लोगों से बात करते समय अक्सर यहां लोग इनकी बात नहीं सुन रहे थे तब उन्होंने माइक लेकर अनाउंस करना शुरू कर दिया । लोगों ने टीम की बात भी सुनी एवम आश्वासन भी दिया कि वे इस बार खुद भी मतदान में भाग लेंगे एवम अपने गांव की महिलाओं को भी वोट डालने जाने हेतु ले जायेंगे ।



गौरतलब है यहां पर कुल मतदाता 3585 हैं जिसमे से 2007 पुरुष हैं एवम 1578 महिलाएं हैं । यहां पर लगभग 50 से अधिक महिलाएं भी मतदान नहीं करती हैं । आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती बिटान देवी एवम शिक्षिका कमलेश कुमारी और आंगनवाड़ी सहायिका को साथ लेकर गांव भ्रमण किया । डोर टू डोर जाकर महिलाओं से बात की और वोट न डालने का कारण पूछा । आज फिर महिलाओं ने पहले से आ रही प्रथा का नाम लिया जिसमे महिलाएं वोट नहीं देने जाने जैसी बात कही । एस पी सिंह ने घर घर जाकर महिलाओं से वोट के महत्व के बारे में बताया एवम महिला सशक्तीकरण के बारे में बताया । महिलाओं के मतदान की ताकत के बारे में बताया । साथ ही महिलाओं को वोट डालने के तरीके के बारे में भी बताया । महिलाओं से वोट देने हेतु प्रतिज्ञा भी दिलाई । एस पी सिंह को महिलाओं ने 13 मई को वोट डालने जाने का आश्वासन भी दिया। टीम के साथ में डायट प्रवक्ता अतुल मिश्र एवम डायट प्रवक्ता विजय पाल सिंह रहे एवम मतदाताओं से बात भी की।

# ईवीएम पर सवाल उठाने वाले पहले बैलेट लूटते थे... मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमांस और तीन तलाक पर कांग्रेस को घेर लिया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकारी दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं।



मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तथा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

### ...ये लोग अपनी हार को पुख्ता कर रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दो चरणों के चुनाव के रुझान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार का जनादेश एनडीए को देने जा रही है। जब एनडीए भाजपा के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है तो खीझ मिटाने के लिए इंडी गठबंधन के लोग ईवीएम को निशाना बना रहे हैं। ये लोग अपनी हार को पुख्ता कर रहे हैं और दोषारोपण के लिए ईवीएम सबसे सस्ता औजार है।

### कांग्रेस का न्याय पत्र, देश के लिए अन्याय पत्र

गोमांस के मुद्दे के परिदृष्य में आने के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान से पहले हमने विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण के मुद्दे को जनता के सामने रखा। इसी बीच कांग्रेस का घोषणा पत्र सामने आया। उन्होंने कहा कि इनका घोषणा पत्र देखकर यही कहा जा सकता है कि ये भले ही कांग्रेस का न्याय पत्र हो सकता है, मगर देश की एकता अखंडता और संप्रभुता के लिए अन्याय पत्र है। इस घोषणापत्र में ही उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता दी जाएगी।

### चुप क्यों हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी?

सीएम योगी ने सवाल किया कि क्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का खानपान शेष समुदाय से अलग है। ऐसा क्या है जो बहुसंख्यक समाज खाना पसंद नहीं करता। इस देश का हिन्दू गोमांस से पूरी तरह से परहेज करता है। गाय उसके लिए मां के समान है। कांग्रेस मुसलमानों को इसकी छूट देने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों से भी सवाल किया है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से क्या इनके गठबंधन के लोग सहमत हैं? उनका मौन बताता है कि वे साथ हैं और अगर साथ नहीं हैं तो सहयोगी दिलों को सफाई देनी चाहिए।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस?

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी जी की सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालीबानीकरण करना चाहती है? सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए। ये हमारी आस्था के साथ धोखा है, कोई भी इसे स्वीकार नहीं करेगा।

## डॉक्टरों ने पार्किंसंस के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** डॉक्टरों ने पार्किंसंस रोग के बारे में जन जागरूकता बढाने के लिए पैदल मार्च निकाला। शनिवार को एसजीपीजीआई न्यूरो विभाग द्वारा आयोजित जन जागरूकता अभियान में निदेशक डॉ.आरके धीमन समेत सैकड़ों डॉक्टरों ने पैदल मार्च किया। ज्ञात हो कि पार्किंसंस रोग धीरे-धीरे बढने वाला एक तंत्रिका संबंधी विकार है। इसमें ऐसे लक्षणों के माध्यम से प्रकट होता है, जो गति और समन्वय को प्रभावित करते हैं। जिससे शरीर में कंपन, अकड़न, चलने फिरने की धीमी गति से लेकर दैनिक जीवन को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं।

जैसे-जैसे यह बीमारी बढ़ती है संज्ञानात्मक बदलाव और मनोदशा में गड़बड़ी होने के साथ-साथ बोलने और निगलने में चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पार्किंसंस रोग को रोकने का कोई गारंटीकृत तरीका नहीं है। इसके लिए नियमित व्यायाम,एरोबिक व्यायाम, शक्ति प्रशिक्षण और संतुलन व्यायाम का एक संयोजन है। ऐसे रोगियों को फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, एंटीऑक्सीडेंट, लीन प्रोटीन से भरपूर आहार पार्किंसंस रोग से बचाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा विषाक्त पदार्थों से बचने के लिए कीटनाशकों, शाकनाशियों जैसे पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थों,औद्योगिक रसायन के संपर्क को सीमित करना ही बचाव है। ऐसे मरीजों को सिर की चोटों को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए जैसे खेल के दौरान हेलमेट पहनना और वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना। ऐसे मरीजों को मानसिक रूप से सक्रिय और व्यस्त रहने से पार्किंसंस रोग से बचाव में मदद मिल सकती है। इसमें पढ़ने, पहेलियाँ बूझने से, नए कौशल सीखने और दूसरों से मिलने जुलने से जैसी गतिविधियों से अपने मस्तिष्क को चुनौती देना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि पार्किंसंस के उपचार में आमतौर पर लेवोडोपा जैसी डोपामिनर्जिक दवाएं शामिल होती हैं, जो अक्सर लक्षणों को कम करने के लिए निर्धारित की जाती हैं।

## बच्चे के जन्म की खुशी पर बांटे लड्डू खाने से 15 बच्चे बीमार, कई अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** लखनऊ के मेहंदीगंज इलाके में बच्चे की खुशी के अवसर पर बांटे गए लड्डू खाने से 15 से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। जिन्हें गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

घटना शुक्रवार देर शाम की है। बताया जा रहा है कि स्थानीय निवासी सहाना के घर में बच्ची का जन्म हुआ था जिसकी खुशी में सहाना ने बच्चों के बीच लड्डू का वितरण करवाया था। बताया जा रहा है कि लड्डू खाने के बाद बच्चों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई।

बच्चों को देर रात गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कराया। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। वहीं, अभी भी करीब 9 बच्चों का इलाज किया जा रहा है। सुमायरा (7), बिलाल (12), रिजा (5), ताहिरा (6), तलहा (9), हसनैन (2) और इंशाअल्लाह (10)

## फूड प्वाजनिंग : नामी–गिरामी लड्डू खाकर 18 बच्चे बीमार !

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के होटल, रेस्टोरेंट, चाट स्टॉल और मिठाई की दुकानों में बिकने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में सुधार होते नहीं दिख रहा है। इसके पहले भी नामी गिरामी होटलों में फूड प्वाइनिंग के घटनाएं देखने को मिली हैं जिसमें अधिकांश सभी खाने पीने की दुकानों में फूड विभाग के आदेशों की जमीनी हकीकत कुछ और ही दिख रही है। शनिवार को शहर नामी दुकान से लड्डू खाकर एक साथ दर्जनों बच्चे बीमार हो गये जिसकी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। जिसमें स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सभी बच्चों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं डॉक्टरों ने 18 बच्चों का उपचार करने के उपरांत स्वास्थ्य में सुधार होने पर 16 बच्चों को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया।

बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि नक्खास स्थित हाजी लड्डू वाले की दुकान से लड्डू लेकर आए थे। जिसे खाते ही सभी बच्चों की हालत बिगड़ने लगी और बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एनबी सिंह ने बताया कि 18 बच्चें बीमार होने की स्थिति अस्पताल लाए गये थे जिन्हें इलाज करने के उपरांत सेहत में सुधार होने पर 16 बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी 2 बच्चे भर्ती हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। वहीं फूड प्वाइजनिंग से जुडे इस मुद्दे पर जब तरूणमित्र टीम ने लखनऊ जनपद के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह से बात की तो उनका यही कहना रहा कि इस बात की जानकारी जैसे ही सोशल मीडिया के जरिये उन्हें मिली तो उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर अपनी टीम को वहां भेजा। सीएफएसओ ने बताया कि पुराने लखनऊ में कोई हाजी साहब की मिठाई की दुकान है, जहां से ये लड्डू लिये गये और आगे कहा कि वहां से बेसन और खोया के सैंपल लैब जांच को ले लिये गये हैं। ऐसे में आगे जांच रिपोर्ट आने के बाद त्वरित कार्रवाई की जायेगी। वहीं इस प्रकरण पर हाजी स्वीट्स शॉप नादान महल रोड के कर्ताधर्ता फैजान का कहना रहा कि एक दिन पहले ही इन लोगों ने पांच किलो ये लड्डू उनके यहां से लिया था, जिसके लिये यह लिखा है कि चार-पांच घंटे में ही इसका इस्तेमाल कर लिया जाये क्योंकि इस दौरान काफी गर्मी पड़ रही है। आगे कहा कि इसी लॉट के तकरीबन 50-60 किलो लड्डू अन्य ग्राहकों को दिये गये, ऐसा कुछ घटित नहीं हुआ अब इन लोगों के साथ कुछ हो गया तो वो जांच का विषय है। फिर कहा कि उनके यहां से नमूने फूड सेफ्टी टीम ने लिये हैं। वहीं जब मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बीते दिनों हजरतगंज स्थित नामी रेस्टोरेंट समूह मोती महल रेस्टोरेंट के यहां हुए प्रकरण की जांच को लेकर बात की गई तो उनका यही कहना रहा कि दरअसल, उसकी जांच मेरठ लैब को भेजी गई थी।

## यमुना से उठा धुआं ....छिप गया ताजमहल : स्ट्रेची ब्रिज से नजर नहीं आई मोहब्बत की इमारत



लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा के हाथी घाट के पास यमुना नदी में रविवार सुबह सफेद-काले धुंआ के बादलों में ताजमहल छिप गया। स्ट्रेची ब्रिज से ताजमहल नहीं दिखा। दरअसल यमुना नदी के तल पर पड़े कचरे व झाड़ियों में किसी अज्ञात ने आग लगा दी, जिससे इलाके में धूंआ हवा में भर गया। यमुना में प्रदूषण का निस्तारण आग लगाकर करने के मामले पूर्व में भी आ चुके हैं।

तीन दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने यमुना सिल्ट सफाई तत्काल कराने के निर्देश देते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किए थे। विस्तृत कार्य योजना मांगी गई है। उधर, यमुना में गिरते सीवर के नालों की रोकथाम नहीं होने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने दो दिन पहले ही नगर निगम पर 58 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन यमुना की सिल्ट ड्रेजिंग तो दूर कचरे की सफाई तक नहीं हो पा रही है।

## शादी के ढ़ाई साल बाद विवाहिता की मौत, फंदे पर लटकी मिला लाश, एक साल का है बेटा



लोकमित्र ब्यूरो

**कासगंज।** कासगंज के सहावर कस्बा के हंस नगर कॉलोनी में एक महिला का शव फंदा से लटका मिला। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हंस नगर कॉलोनी निवासी महिला अनीता (28) का शव शनिवार की सुबह कुंदा से लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर आस-पास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। महिला की मौत की सूचना किसी ने फोन कर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की मौत की खबर सुनकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कुंदा से उतरवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

### दहेज हत्या का आरोप

मृतका के भाई मुकेश कुमार निवासी मुहम्मद पुर ने बताया कि ढाई वर्ष पूर्व बहन अनीता की शादी हंस नगर निवासी अनुज से की थी। उसका पति दिल्ली में निजी कंपनी में कार्य करता है। वह दो दिन पूर्व घर आया था। उसका आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसका पति अनुज और ससुराल वाले आए दिन बहन के साथ मारपीट करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्होंने बहन की हत्या कर दी। मामले में उसने पति व अन्य ससुरालीजनों को नामजद करते पुलिस को तहरीर दी है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि महिला की मौत के मामले में जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### एक वर्ष के मासूम के सिर से उठा मां का साया

फंदा लगाने से महिला अनीता की मौत हुई । मृतका के भाई मुकेश ने बताया कि बहन की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुई थी। उसका बेटा शेखर एक वर्ष है। महिला की मौत से एक वर्षीय पुत्र के सिर से मां का साया उठ गया। मायके पक्ष के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पोस्टमार्टम में नहीं खोला जाएगा सिर, स्कैनर से होगा काम, इसी तकनीक से हुआ राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू में ऐसी तैयारी चल रही है कि मोर्चरी में हर शव का सिर न खोलना पड़े। सिर पर चोट न होने पर महज स्कैनर से ही काम चल जाए। पोस्टमार्टम हाउस के नए भवन में इसकी प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है। किसी भी असामान्य मौत के मामले में शव का पोस्टमार्टम कानूनी प्रक्रिया है। इसमें डॉक्टर पूरा शरीर खोलते हैं। सिर भी अलग कर मौत के कारणों की पड़ताल की जाती है। कई बार मौत का कारण लगभग साफ होता है पर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया करनी पड़ती है। चीर-फाड़ से शव की स्थिति खराब होती है। इस वजह से कई बार मृतक के घरवाले पोस्टमार्टम से परहेज करते हैं। इसके विकल्प के रूप में स्कैनर की व्यवस्था होती है। शरीर पर किसी प्रकार की चोट न होने पर शव को स्कैन किया जाता है। जरूरत पड़ने पर ही सिर या अन्य अंग को खोला जाता है। केजीएमयू में बनाए गए नए मोर्चरी भवन में आधुनिक तरीके से पोस्टमार्टम की योजना बनाई गई है। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है।

### राजू श्रीवास्तव की कार्डियक अरेस्ट से हुई थी मौत


मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम भी इसी तकनीक से दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ था। इसमें बिना किसी चीर-फाड़ के सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन और स्कैनर से कुछ समय में ही उनका पोस्टमार्टम हो गया था। उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुई थी।

## सज–धजकर दुल्हन करती रही पिया का इंतजार, अचानक आई ऐसी खबर मच गया हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** एटा के राजा के रामपुर थाना क्षेत्र में हाथों में मेंहदी लगाकर और सज-धज कर दुल्हन बैठी ही रह गई, लेकिन बरात नहीं आई। दहेज में 10 लाख रुपये और कार न मिलने से नाराज वर पक्ष ने बरात लाने से इन्कार कर दिया। शादी के लिए किए गए सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। बाद में लड़की के पिता ने थाने में पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई की मांग की।

ग्राम भगवानपुरा निवासी जोगिंदर सिंह की पुत्री चंचल राजपूत का विवाह थाना छिबरामऊ कन्नौज के ग्राम पिंडारी खेड़ा निवासी नितिन कुमार पुत्र सर्वेश कुमार के साथ 18 अप्रैल को तय था। लड़की पक्ष की ओर से विवाह की सभी तैयारियां कर ली गईं थीं। 18 अप्रैल को सुबह से ही लड़की पक्ष बरात का इंतजार कर रहा था। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल था। लेकिन इसी बीच आए फोन कॉल ने सभी को चिंता में डाल दिया।



यह फोन दहेज की मांग को लेकर था। वर पक्ष ने 10 लाख रुपये और कार की मांग रखी। जब लड़की के पिता ने इतना इंतजाम करने में असमर्थता जाहिर की तो वर पक्ष ने शादी से इन्कार कर दिया।

### पंचायत के बाद भी नहीं बनी बात

दिन भर दोनों पक्षों के बीच बातचीत चलती रही। लेकिन वर पक्ष राजी नहीं हुआ और बरात नहीं आई। पूरे गांव में इस घटना को लेकर दुख और गुस्सा दिखाई दिया। लड़की के पिता ने रो-कर पुलिस से गुहार लगाई है और दहेज लोभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### जांच कर रही पुलिस

जोगेंद्र सिंह ने बताया कि अपनी समर्थ के अनुसार शादी में होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूरी इंतजाम कर लिया था। निर्धारित दिन हम लोग बरात का इंतजार कर रहे थे। थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत आई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य कर में सालाना 44 करोड़ की मलाईदार कुर्सी के लिए मची होड़, 2210 करोड़ का है सालाना कलेक्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** दो लाख रुपये घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार डिप्टी कमिश्नर के हटने के बाद अब राज्यकर विभाग के लखनऊ खंड-20 की कुर्सी के लिए होड़ मची है। इसे लेकर अफसरों के बीच अंदरूनी गुटबाजी तेज हो गई है। दरअसल, लखनऊ का खंड-20 पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला खंड है। अकेले इस खंड से ही सालाना 2200 करोड़ से ज्यादा का राजस्व मिलता है। रिफंड केस में दो फीसदी 'सेवा शुल्क' फिक्स है। यानी 44 करोड़ रुपये साल की ऊपरी कमाई इस खंड से है। ऐसे में इस कुर्सी पर कब्जे को लेकर अपने 'खास' की तैनाती को लेकर रसूखदार अफसरों में अभी से जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। आचार संहिता लागू होने के कारण जून के बाद खंड 20 में डिप्टी कमिश्नर की तैनाती होनी है।




राज्य कर विभाग में पिछले महीने खंड 20 के डिप्टी कमिश्नर धनंजय कुमार पांडेय को घूस लेने के आरोप में विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया था। पिछले हफ्ते डिप्टी कमिश्नर को बेल मिल गई। उन्हें हटाए जाने के बाद फिलहाल खंड 15 के पास खंड 20 की अस्थायी जिम्मेदारी है। स्थायी रूप से आचार संहिता हटने के बाद यहां तैनाती होगी, लेकिन इस खंड के लिए अभी से मारामारी मची है।

बड़ी-बड़ी सोर्स सिफारिशों का दौर शुरु हो गया है। सूत्रों के मुताबिक इसकी सबसे बड़ी वजह 'मलाईदार पोस्ट' है। खंड में केवल फाइलों की जांच और रिफंड से ही 44 करोड़ रुपये साल की 'फिक्स कमाई' है। खंड में तीन वर्ष के लिए पोस्टिंग होती है। यानी केवल एक पोस्टिंग में 132 करोड़ रुपये की आमदनी। इस कमाई का बंटवारा तीन से चार हिस्सों में होता है।

### 443 खंडों में नंबर वन लखनऊ का खंड 20

उत्तर प्रदेश में राज्य कर विभाग के 443 खंड हैं। इनमें सबसे ज्यादा राजस्व लखनऊ का खंड 20 देता है। यहां वर्ष 23-24 का राजस्व 2210 करोड़ रुपये था। ये कलेक्शन अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, इटावा, झांसी, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर और वाराणसी प्रथम से ज्यादा है। प्रदेश के कुल 20 जोन में से 9 जोन ऐसे हैं, जिनसे ज्यादा कलेक्शन लखनऊ के इस खंड का है।

अरबों रुपये के इस खंड की आय का मुख्य स्रोत कॉरपोरेट घराने हैं। इकाना स्टेडियम से लेकर अधिकांश बड़े बिल्डर इसके दायरे में आते हैं। रिलायंस, अडानी, शालीमार, राजकीय निर्माण परिषद, आईसीआईसीआई सहित आदि इस जोन में आते हैं। खास बात ये है कि ग्रोथ में भी ये खंड प्रदेश में अव्वल है। वर्ष 22-23 की तुलना में वर्ष 23-24 में खंड 20 की ग्रोथ 42 फीसदी से ज्यादा थी।

## एक दिन में 90 लाख रुपये की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ।** आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा एक मार्च से 26 अप्रैल तक 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद धनराशि, 4481.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 21577.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 26 अप्रैल को कुल 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 3.30 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.09 लाख रुपये कीमत की 16861.14 लीटर शराब, 34.66 लाख रुपये कीमत की 58660.92 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

## चिकन कारोबारी के घर में लगी आग, मचा हड़कंप



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। इसी के तहत राजधानी के ठाकुरगंज में शुक्रवार देर रात चिकन कारोबारी के घर में आग लग गई। हादसे के कारण घर में रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। कामाख्या हॉस्पिटल के पास विनय दीक्षित परिवार के साथ तीन मंजिला मकान में रहते हैं। वह चिकनकारी का कारोबार करते हैं। शुक्रवार रात करीब तीन बजे पहली मंजिल पर बने कंप्यूटर व सीसीटीवी कंट्रोल यूनिट में आग लग गई।

कमरे से निकलते धुएं के कारण दम घुटने से परिवार के एक सदस्य की आंख खुल गई और वह चीखने लगा। इस पर अन्य लोग भी जग गए और दमकल को घटना की सूचना दी। परिजन खुद भी आग बुझाने में जुट गए। मगर लपटें इतनी तेज थी कि वे काबू नहीं पा सके। इस बीच दो गाड़ियों के साथ दमकलकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। दमकलकर्मियों ने करीब 15 मिनट में एक गाड़ी व एक्सटिंग्यूशर की सहायता से आग बुझा ली। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र के मुताबिक समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## संक्षेप

### संवेदनशील मतदान केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को डीएम व एसपी ने विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत मॉडल प्राइमरी स्कूल सेवई तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगढ़ का निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, फर्नीचर, शेड आदि मूलभूत व्यवस्थाओं को देखा तथा मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

अमेठी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा स्वीप के अंतर्गत जनपद अमेठी में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत दिनांक–27.04.2024 को विकास खंड–मुसाफिरखाना, भादर, भेटुआ, बहादुरपुर एवं संग्रामपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रैली निकालते हुये चुनावी स्लोगन एवं बैनर/तख्ती के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आमजन मानस को जागरूक किया गया तथा क्षेत्रीय निवासियों से चुनावी उत्सव में हिस्सा बनने हेतु अपील की गयी।

### क्रॉसिंग रिपब्लिक की पैरामाउंट सोसायटी में युवक की गोली मारकर हत्या

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की पैरामाउंट सोसायटी में शनिवार सुबह विपुल (25) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप इसी सोसायटी में रहने वाले राजेश कुमार पर है। आरोपी सेवानिवृत फौजी है। पुलिस ने राजेश को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी राजेश की बेटी से विपुल की दोस्ती थी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार रात राजेश और विपुल में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में राजेश ने गोली मारी है। हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी राजेश ने विपुल के सिर में तीन गोली मारी। इसके बाद खुद 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि एक युवक बेटी को परेशान कर रहा था। मैंने उसे मार दिया। राजेश बीएसएफ से सेवानिवृत जवान हैं। हाल में दिल्ली की एक कंपनी में पीएसओ की नौकरी कर रहा है।

### राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में चयन, हुआ सम्मान

हैदरगढ़ बाराबंकी । विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में कई छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफलता प्रदान की है। शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौबीसी में शिक्षण कार्य के उपरांत राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल हुए छात्र बिरजू मौर्य को सम्मानित करने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल हुए इस छात्र का माल्यार्पण करते हुए मिष्ठान खिलाकर न्याय पंचायत चौबीसी के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर धीरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक मिश्रा, मुबीन अहमद, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, वीरेन्द्र पाल, राकेश सरोज, विजय चौधरी, धर्मेन्द्र त्रिवेदी, दिव्या रावत, मंजू रावत, देवेन्द्र कुमार, आशुतोष सिंह, रामरूप, हरिदयाल सहित अन्य शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

### बटन दबाने के बाद वीवीपैट में 7 सेकेंड तक दिखने वाली पर्ची में प्रत्याशी का नाम व चुनाव चिह्न दिखेगा

बाराबंकी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी के कक्षा 12 की छात्रा ममता कनौजिया के द्वारा बनाए गए कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई मतदाता जानना चाहता है कि वह जिस प्रत्याशी के पक्ष में वोट देता है तो वह वोट उसी प्रत्याशी के पक्ष में गया है इसकी पुष्टि कैसे करेंगे, तो इसका जवाब देते हुए बाराबंकी ने बताया कि मतदाता द्वारा वोट के लिए बटन दबाने के बाद वीवीपैट में 7 सेकेंड तक एक पर्ची दिखाई देती है, जिसमें प्रत्याशी का नाम व चुनाव चिह्न दिखता है।

### दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद में मिलावट खोरी पर हो कार्यवाही: बिसेन

बाराबंकी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, अवध प्रान्त की जिला शाखा बाराबंकी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर प्रान्तीय संगठन मंत्री, अवध प्रान्त डॉ आर पी सिंह बिसेन के नेतृत्व में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद में मिलावट खोरी पर कार्यवाही एवं जन जागरूकता के संबंध में एक मांग पत्र का ज्ञापन जिलाधिकारी बाराबंकी को सौपा। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा की दूध में मिलावट स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है, इस पर तुरंत ही रोग लगाई जानी चाहिए। इस विषय में जानकारी देते हुए ग्राहक पंचायत के रोजगार सृजन आयाम के प्रांत प्रमुख राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी से मिलकर प्रत्येक जिले में फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन उपलब्ध कराने, जिले में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादन में मिलावट रोकने हेतु फ्लाइंग स्क्वाड का गठन करने तथा पर्याप्त संख्या में फूड इंस्पेक्टर नियुक्ति की मांग सम्मिलित है। दूध की सैंपलिंग के लिए प्रत्येक तहसील केंद्र पर प्रशासन की ओर से निशुल्क ओपन टेस्टिंग सेंटर बनाया जाना चाहिए और जब भी चेकिंग में दूध एवं दूध से बनी सामग्री में मिलावट पाई जाए, तब इसका वृहद प्रचार प्रसार समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, जिससे मिलावटखोरों के हौसले पस्त हों।

### बजरंग दल का भोजन है चुनौती शिवांग गुप्ता जिलामंत्री विहिप

एटा। ग्राम अदापुरा निधौली में विश्व हिन्दू परिषद्ध एंव बजरंग दल की बैठक अयोजित हुई मुख्य वक्ता शिवांग गुप्ता जिलामंत्री विश्व हिन्दू परिषद् ने कहा बजरंग दल का भोजन है चुनौती, जब आतंकवादियों द्वारा अमरनाथ यात्रा में खलल डालने और पुंछ जिले से हिंदुओं के पलायन की साजिश रची थी तब बजरंग दल के देश भर से पचास हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने 2005 में बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा प्रारंभ की थी। भारत नेपाल सीमा पर लव जेहाद, लैंड जेहाद, ड्रग तस्करी, घुसपैठ, जनसंख्या असंतुलन, हथियार व आतंकवादियों का आवागमन जैसी अराष्ट्रीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से विश्व हिन्दू परिषद्/बजरंग दल द्वारा भारत नेपाल सीमा पर मां पूर्णागिरी सीमा दर्शन यात्रा का 4,5 मई 2024 को आयोजन किया जा रहा है।

# हाथों में मेहंदी और अरमान लिए बैठी रह गई दुल्हन नहीं आई बारात

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** देश को आजाद हुए 75 साल हो गए, लेकिन आज भी दहेज प्रथा जारी है। इस प्रथा ने लाखों की जिंदगी बर्बाद कर दी, कई घर तबाह कर दिए और लाखों लोगों की जान ले ली है समाज को जानलेवा बीमारी की तरह लीलने वाला दहेज अब भी लोगों के जीवन में कहर बनकर टूट रहा है। लड़के के परिवार को दहेज में मिलने वाला सामान अचानक कम लगने लगता है। बारात के इंतजार में बैठी दुल्हन के सपने चकनाचूर हो जाते है। एक झटके में परिवार तबाह हो जाता है। इसके बाद समाजिक स्तर पर जो ताने सुनने को मिलते हैं वो अलग ही कहानी है। ऐसा ही एक मामला थाना राजा के रामपुर में देखने को मिला जहां सज धज कर बैठी दुल्हन अपने दूल्हे राजा का इंतजार कर रही थी लेकिन 10



लाख रुपए और कार ना मिलने से नाराज दूल्हे ने बारात लाने से ही इंकार कर दिया। दुल्हन दिन भर बारात का इंतजार करती रही लेकिन बारात नहीं आई। शादी के लिए किए गए सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए बाद में लड़की के पिता ने पुलिस थाने में पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना बताई और आरोपी लड़का पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह पूरा मामला थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम भगवानपुरा का है जहां चंचल राजपूत पुत्री जोगिंदर सिंह राजपूत का विवाह थाना छिबरामऊ कन्नौज के ग्राम पिंडारी खेड़ा निवासी नितिन कुमार पुत्र सर्वेश कुमार के साथ 18 अप्रैल को होनी थी। जहाँ लड़की पक्ष की ओर से विवाह की सभी तैयारियां कर ली गई थी। सुबह से ही लड़की पक्ष बारात का इंतजार कर रहा था। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल था लेकिन इसी बीच एक फोन कॉल ने सभी को टेंशन में डाल दिया। यह फोन दहेज की मांग को लेकर था। दूल्हा पक्ष ने 10 लाख रुपए और कार की मांग की। जब लड़की के पिता ने इतना पैसा देने में असमर्थता जाहिर की तो दूल्हे ने साफ इंकार कर दिया और कह दिया कि वह बारात लेकर नहीं आएगा। दिन भर दोनों पक्षों के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी चलती रही लेकिन बारात नहीं आई। दुल्हन दिनभर इंतजार करती रही। बारात नहीं पहुंची। बाद में पूरे गांव में इस घटना को लेकर दुख और गुस्सा दिखाई दिया। दुल्हन दिन भर लाल जोड़े में बैठी रही लेकिन बाद में उसे भी सब्र करना पड़ा। लड़की के पिता ने रो-कर पुलिस से गुहार लगाई है और दहेज लोभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव के लोग भी इस घटना को लेकर परेशान हैं। उन्होंने भी पुलिस से कहा है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**लड़की पक्ष नें अपने समर्थ के अनुसार कर ली सभी तैयारियां पूर्ण**

लड़की पक्ष के पिता जोगेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि अपने समर्थ के अनुसार शादी में होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूर्णतः सभी इंतजाम कर लिया गया था और बारात का इंतजार कर रही थी लेकिन बारात दरवाजे पर नहीं पहुंची और बताया कि 25 जनवरी को एक सोने की अंगूठी, एक चैन व सभी घरेलू सामान देकर रुकाई की गई थी और 10 अप्रैल को लगुन लेकर लड़के पक्ष नितिन कुमार के यहां गए जहां लगुन में 10 लाख रुपए नगद और घरेलू सभी बर्तन दिए थे। लेकिन दहेजलोभी इससे भी संतुष्ट न हुए। कभी लड़की पक्ष के पिता जोगेंद्र सिंह राजपूत ने न्याय हेतु प्रशासन से प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर बताया है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गैर कानूनी वस्तुए पाई जाती, तो वे ज़ब्त किये जाने की शर्त के अधीन होंगी

**बाराबंकी।** सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा दिनांक 16 मार्च, 2024 को की जा चुकी है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के उपरान्त जनपद में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत उड़न दस्ता टीम में नामित अधिकारियों द्वारा जॉच आदि का कार्य किया जा रहा है। रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिनांक 26 अप्रैल, 2024 को निर्वाचन की अधूसिचना जारी की जा चुकी है तत्पश्चात निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित स्टैटिक सर्विलॉस कियाशील हो गई है, जिनके द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग चिन्हित बैरियरों पर किया जा रहा है। जाँच के दौरान यदि, अभ्यर्थी, उसके एजेंट, या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में रूपया-50,000/ से अधिक की नकदी पाई जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिये जाने के लिए किये जाने की सम्भावना हो, या वाहन में अन्य कोई गैर कानूनी वस्तुए पाई जाती है।

## लोकसभा चुनाव के मध्यनजर पर्यवेक्षकों नें बैठक कर दिये दिशा निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** लोकसभा चुनाव के मध्य नजर तहसील अलीगंज व सीओ कार्यालय में बैठक कर लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के संबंध दिशा निर्देश दिए गए साथ ही 103 अलीगंज विधानसभा संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद के अंतर्गत एटा मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। 40 संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद के सामान्य पर्यवेक्षक दीपक कुमार मीणा एवं पुलिस पर्यवेक्षक जुगल किशोर कुमार द्वारा मंडी समिति एटा स्थित 103 विधानसभा अलीगंज , संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद के अंतर्गत स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। अवगत कराना है कि 40 संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद के अंतर्गत कुल 5 विधानसभा आते हैं जिसमें चार विधानसभा जनपद फर्रुखाबाद की एवं एक विधानसभा 103 अलीगंज जनपद एटा की है मंडी समिति एटा से ही चतुर्थ चरण में निर्वाचन हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। मतगणना कक्ष, मतदान सामग्री कक्ष, कंट्रोल रूम, सामग्री वितरण एवम वापसी केंद्र सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जिले में पुलिस बल की तैनाती के संबंध में जानकारी ली। पर्यवेक्षकों नें मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने आ रहे अधिकारियों को रजिस्टर में नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी में डेटा स्टोरेज की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा ताकि सही समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जा सके, इसके अलावा निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी, क्षेत्रधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर, कोतवाली प्रभारी अमित कुमार, नायब तहसीलदार सतीश कुमार, नायब तहसीलदार अरविंद गौतम मौजूद रहे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर समाप्त की जीवन लीला

**एटा।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला भागीपुर में एक विवाहिता का शव कमरे में झूलता मिला स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति के साथ मायके से लौट कर आने के बाद ससुराल भागीपुर माता मंदिर के समीप विवाहिता ने फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा। उमा पुत्री श्यामवीर प्रजापति (22) निवासी हाजीपुर थाना सहावर जनपद कासगंज की शादी लगभग डेढ़ महा पूर्व 10 मार्च को भागीपुर निवासी रोहित के साथ हुई थी। परिजनों के मुताबिक उमा शनिवार को रोहित के साथ मायके से ससुराल वापस लौट कर आई थी। किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी होने पर उमा ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई।

## तृतीय चरण के तहत विधानसभा एटा सदर, मारहरा एवं जलेसर में मतदान 07 मई को

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद में तृतीय चरण के अन्तर्गत लोकसभा आगरा की विधानसभा जलेसर एवं एटा लोकसभा की विधानसभा मारहरा, एटा सदर में 07 मई को मतदान होना हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हेतु प्रत्येक मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाने पर जोर दिया है। डीईओ ने कहा कि प्रत्येक मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाई जाएगी, जिसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर 121 नोडल अधिकारियों की तैनाती गई है, जो अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ सम्पर्क स्थापित कर शतप्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण सुनिश्चित करायेंगे एवं स्वयं भी घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण कार्य में सम्मिलित होंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि तृतीय चरण में 07 मई को होने वाले मतदान को



दृष्टिगत जलेसर विधानसभा में 37, मारहरा में 35 एवं एटा सदर विधानसभा क्षेत्र में 49 अधिकारियों की मतदाता पर्ची वितरित किए जाने हेतु ड्यूटी लगाई गई है। डीईओ ने तैनात किए गए नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि हैं कि वे सुविधानुसार 27 अप्रैल से 29 अप्रैल को मतदाता सूची बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर वितरण करायें। मतदाता पर्ची वितरण की तहसील स्तर पर स्थापित कन्ट्रोलरूम के माध्यम से मॉनीटरिंग की जाए, जिससे कि शतप्रतिशत घरों में मतदाता पर्ची का वितरण हो।जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी डा0 एके बाजपेयी सहित अन्य समस्त नोडल अधिकारियों ने आवंटित बूथों पर पहुंचकर बीएलओ के साथ मतदाता पर्ची वितरण कार्य में सम्मिलित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं प्रत्येक मतदाता का मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाए, इसी क्रम में प्रत्येक मतदाता को बीएलओ के साथ माध्यम से उनके घर तक मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है। मतदाता पर्ची वितरण होने से मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान करने में सुविधा होगी। डीईओ ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु हम सभी का अहम योगदान होना चाहिए, सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें। नोडल अधिकारियों को दी गई सूची में बीएलओ के नम्बर उपलब्ध हैं। मतदाता सूची वितरण कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए।

## किसी ने अमेरिका से आकर किया वोट तो बूथ पर पहुंचे कई दिव्यांग

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** जिला प्रशासन ने एशिया की सबसे बड़ी विधानसभा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए और जागरूकता रैली भी निकाली। सोसायटियों में स्वयं सीडीओ ने पहुंचकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और संकल्प दिलाया, बावजूद इसके सुबह से ही साहिबाबाद के बूथों पर मतदाताओं का रूझान कम रहा।

वर्ष 2014 की लोकसभा चुनाव में 49.57 प्रतिशत वोट पड़ा था। वर्ष 2019 की चुनाव में इजाफा हुआ और साहिबाबाद विधानसभा में 52.33 प्रतिशत रहा था। वहीं इस बार शाम पांच बजे तक साहिबाबाद विधानसभा का वोट प्रतिशत 42.84 रहा जोकि सबसे कम हैं। यहां 2022 की विधानसभा में भी 47.33 प्रतिशत वोट पड़ा था। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस बार जिला प्रशासन ने




लोगों के घर से बूथ तक की दूरी भी सोसायटियों में मतदान केंद्र बनाकर कम कर दी थी। बावजूद इसके लोग घर से नहीं निकले, हालांकि जहां सोसायटियों में बूथ बनाए गए वहां 50 फीसदी से अधिक वोट पड़ा लेकिन वैशाली के मिलिंद एकेडमी स्कूल, वसुंधरा के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, वसुंधरा के स्टेपिंग स्टोन स्कूल, शालीमार गार्डन के ग्रीन वैली, दशमेश पब्लिक स्कूल, कोणार्क पब्लिक स्कूल, अर्थला स्थित कैलाशवती इंटर कालेज मतदान केंद्र पर पर लोगों की लाइन कभी बन ही नहीं सकी। यहां दोपहर के समय कई बूथों पर आधा-आधा घंटा तक कोई मतदाता नहीं पहुंचा।

**वोट प्रतिशत कम होने के कई रहे कारण**

- साहिबाबाद विधानसभा का शहरी इलाका नौकरीपेशा है। यहां 80 फीसदी आबादी दिल्ली, गुड़गांव और फरीदाबाद में प्राइवेट जॉब करती है। इसलिए सभी को वोट डालकर ऑफिस जाने की जल्दी थी। इसी वजह से 11 बजे तक मतदान केंद्रों पर लाइन नजर आई। उसके बाद कमोबेश ज्यादा वोटर नहीं नजर आए।

- लोगों के घरों तक मतदाता पर्ची नहीं पहुंची, लोगों को इस बारे में सही ढंग से जागरूक भी नहीं किया गया ।

## व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर का शनिवार को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 व्यय प्रेक्षक श्री संजय कुमार द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के साथ निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मा0 व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम के माध्यम से एफएसपी/एसएसटी टीमों के लोकेशन को देखा गया। सी विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों व उनके निस्तारण की जानकारी ली गई। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मा0 व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम में फाइलों के रखरखाव को देखा

## लोकतंत्र के महोत्सव को सफल बनाने में गजब का जज्बा

**» किसी ने अमेरिका से आकर किया वोट तो बूथ पर पहुंचे कई दिव्यांग**

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** एशिया की सबसे बड़ी विधानसभा में वोट प्रतिशत भले ही सबसे कम रहा हो लेकिन यहां ऐसे लोग भी रहे जो वोट डालने पहुंचे तो वहां कतार में लगे लोगों ने भी उन्हें आगे जाने का रास्ता दिया। यहां के मतदान केंद्रों पर जहां 103 वर्ष के बुजुर्ग वोट डालने पहुंचे, वहीं बुजुर्ग दंपती जो अब शिकागो के ग्रीन कार्ड होल्डर हैं, वह फ्लाइट से वैशाली केवल इसलिए लौटे कि उन्हें भारत के लोकतंत्र महोत्सव में अपनी जिम्मेदारी निभानी थी। यही नहीं कई बूथों पर दिव्यांग युवा भी अपना वोट डालने पहुंचे। वैशाली सेक्टर-4 निवासी सुरेश गुप्ता अपनी पत्नी सरोज गुप्ता के साथ शिकागो में अपने बेटे के पास रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह अब अमेरिका में ग्रीन कार्ड होल्डर हैं। उन्होंने बताया कि शिकागो से भारत केवल वोट डालने के लिए आए हैं। सुरेश गुप्ता का कहना है कि वह जब भी विदेश में होते हैं तो उनको भारतीय होने पर बहुत गर्व होता है। सरोज ने बताया कि वह लोग यहां एक सप्ताह रहने के बाद वापस बेटे के पास चले जाएंगे। देश के प्रति जिम्मेदारी की परवाह करते हुए 103 वर्षीय अर्थला निवासी बदन सिंह मलिक भी अपना वोट करने पहुंचे। वहीं शहीदनगर में ऑक्सीजन नली लगाए हुए रहीमुद्दीन वोट डालने पहुंचे। ताप्ती गर्मी में भी इंदिरापुरम निवासी दिव्यांग माधव अपना वोट देने मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने अपना वोट राष्ट्रहित में दिया। 20 वर्ष के माधव जन्म से ही मानसिक अस्वस्थ हैं। पहली बार वोट डालने के बाद माधव ने सेल्फी भी खिंचवाई। वहीं, वसुंधरा निवासी दिव्यांग पल्ल्वी जोशी ने भी राष्ट्रहित में अपना मतदान किया।

# गेहूं खरीद, गोवंशों की व्यवस्था एवं निर्वाचन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में शनिवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों के साथ गेहूं खरीद, गौशाला में गोवंशों की व्यवस्था तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा किया जिसमें निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसनों के घर जाकर गेहूं खरीदने की व्यवस्था की गई है जिसके लिए आवश्यक है कि लगभग एक ट्रक लोडिंग तक गेहूं की उपलब्धता होने पर संबंधित नजदीकी क्रय केंद्र पर संपर्क कर किसान भाई घर बैठे अपना गेहूं बेच सकते हैं इसके लिए उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होगी उन्होंने सभी लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें जिससे उनको उचित मूल्य मिल सके और विभाग का लक्ष्य भी पूरा हो सके। इसके उपरांत उन्होंने गौशालाओं में गोवंशों की व्यवस्था पर चर्चा किया जिसमें उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में पर्याप्त छांव व पीने के लिए स्वच्छ व शीतल पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा तथा जो टीन शेड है उसके ऊपर परली आदि डलवाने के निर्देश दिए। वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है इसके दृष्टिगत गौशालाओं में भूसा दान करने हेतु किसानो को प्रेरित करने को कहा। इसके उपरांत उन्होंने निर्वाचन की समीक्षा किया जिसमें उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें जहां पर बिजली, पानी, रैम्प, फर्नीचर, छांव आदि की व्यवस्था उपलब्ध न हो वहां मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 प्रेक्षक द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी जो उसी दिन मतदान केंद्र पर पहुंच जाएंगी उनके ठहरने की व्यवस्था देख लें उन्हें ठहरने में कोई परेशानी ना हो, वेब कास्टिंग के लिए जनपद के 50% बूथों पर कैमरे लगाए जाएंगे उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। मतदान के दिन कुछ चिन्हित बूथों को मॉडल बहुत बनाया जाएगा मगर उसके साथ ही सभी बूथों पर शेड व पीने के पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाए जिससे गर्मी में कोई समस्या ना हो। जिन मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लगती हैं वहां हर पांचवें व्यक्ति पर एक कुर्सी की व्यवस्था की जाए, पीडब्ल्यूडी वोटर के लिए एक व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके क्रम में उन्होंने सभी ग्रामों में बुलावा टोली का गठन कर लोगों को मतदान के दिन वोट करने के लिए बुलावा टोली के माध्यम से बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि 2019 और 2022 के सापेक्ष 2024 में जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी वहां के लेखपाल को सम्मानित भी किया जाएगा।

## घुड़चढ़ी से पहले मतदान करने पहुंचा दूल्हा

**खोड़ा।** लोकतंत्र में मतदाताओं की आस्था और मताधिकार का प्रयोग करने की इच्छा शुक्रवार को खोड़ा में देखने को मिली। प्राथमिक विद्यालय खोड़ा गांव के एक मतदान केंद्र पर हल्दी लगाए हुए करण कुमार जब बूथ पर पहुंचे तो सबकी निगाहें उनकी ओर टिक गई। करण की शादी शुक्रवार को ही थी, दोपहर में घुड़चढ़ी होनी थी। घुड़चढ़ी से पहले सुबह में करण हल्दी की रसम पूरी कर वोट डालने पहुंचे। मतदाता के कतार में खड़े हल्दी लगाए करण को खड़ा देख अन्य मतदाता भी हैरान हुए लेकिन बाद में सभी ने उनकी तारीफ की। कतार में करण सबसे पीछे थे लेकिन जब लोगों ने उनके शरीर पर हल्दी और कलाई में कंगना देखा तो कतार में सभी लोगों ने करण को आगे कर दिया और सबसे पहले वोट डालने को कहा। बूथ पर करण की ही चर्चा मतदाताओं के बीच रही। करन ने वोट डालने के बाद गर्व से अपनी उंगली पर लगी स्याही का निशान दिखाते हुए फोटो खिंचाई और कहा कि सबसे जरूरी काम पहले अपना मतदान देना है।

## पुलिस द्वारा किया गया फ्लैग मार्च, दिया गया प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा थाना गौरीगंज पर थाने में नियुक्त अधि0/कर्म0गण को लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु प्रशिक्षण दिया गया एवं चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के संबंध में ब्रीफ किया गया व आदर्श आचार संहिता के अनुपालने करने व कराने हेतु महत्वपूर्ण आदेश/निर्देश दिये गये । उसके बाद क्षेत्राधिकारी गौरीगंज द्वारा थाना गौरीगंज पर नियुक्त अधि0/कर्म0गण को बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया । अभ्यास के दौरान एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस, हैण्ड ग्रेनेड, डण्डा, बॉडी प्रोटेक्टर, कन्शील्ड आदि के प्रयोग का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के उपरान्त क्षेत्राधिकारी गौरीगंज द्वारा थाना गौरीगंज पुलिस के साथ कस्बा गौरीगंज में फ्लैग मार्च किया गया । तो वही लोकसभा चुनाव 2024 शांत, सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण मे सम्पन्न कराये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज के अन्तर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जिसके अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऐंधी में बने मतदान स्थल का निरीक्षण किया गया एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों, एस-10, डिजिटल वालेंटियर्स से वार्ता कर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने व कराने की अपील की गई । इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री मयंक द्विवेदी व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में हनुमान जी की छठी मनाई

**गाजियाबाद।** सेक्टर 10 राजनगर स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में राम भक्त हनुमान जी की छठी शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। मानसिंह हलवाई व कैटर्स द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कीर्तन व पाठ के बाद भगवान राम व हनुमान जी की आरती कर भोग लगाया गया। आरती मंदिर के मुख्य पुजारी विग्नेश झा ने की। आरती के बाद भंडारे का उदघाटन आयोजक समाजेसवी एडवोकेट भूपेंद्र कुमार चित्तौडिया, पार्षद प्रवीण चौधरी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी द्वारा किया गया। वीरेंद्र सारस्वत, एडीओ प्रवीन मोहन, मान सिंह, आसाराम त्यागी ;डूंडाहेडा, विवेक त्यागी, राजीव त्यागी, अमित शर्मा एडवोकेट, विनोद शर्मा एडवोकेट, विजय राजपूत एडवोकेट, पुनीत कंसल, तरुण शर्मा एडवोकेट, समाजसेवी व व्यापारी नेत देवेंद्र हितकारी समेत राजनगर के प्रमुख लोग भी मौजूद रहे।

# प्रयागराज मण्डल अपने सभी स्टेशनों पर पेयजल उपलब्धता कर रहा सुनिश्चित,निरंतर की जा रही निगरानी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने सभी स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने एवं नियमित मोनीटरिंग के लिए संबन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये है। प्रयागराज मंडल द्वारा सभी प्रमुख स्टेशनों पर पानी की निर्बाध आपूर्ति, पेयजल स्थलों की साफ-सफाई और पर्याप्त वाटर कूलर एवं वॉटर वेंडिंग मशीनों व्यवस्था और निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

प्रयागराज मंडल अपने सम्मानित रेल यात्रियों को बेहतर सुविधायें प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहा है। वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा अपने सभी स्टेशनों पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रयागराज मंडल में गाड़ियों में पानी भरने वाले स्टेशनों पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करा दिया गया है

एवं व्यवस्था की गहनता से निगरानी की जा रही है जिससे सभी गाड़ियों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

प्रयागराज मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध करयी गयी है।

वॉटर वेंडिंग मशीनस के माध्यम से रेल यात्रियों को कम मूल्य पर पेयजल की उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रयागराज मण्डल में प्रयागराज जंक्शन पर 10 वॉटर वेंडिंग मशीनें, कानपुर सेंट्रल पर 9 वॉटर वेंडिंग मशीनें, अलीगढ़ जंक्शन पर 5 वॉटर वेंडिंग मशीनें, टूंडला जंक्शन पर 5 वॉटर वेंडिंग मशीनें, इटावा स्टेशन पर 4 वॉटर वेंडिंग मशीनें, मिर्ज़ापुर स्टेशन पर 3 वॉटर वेंडिंग मशीनें कार्यरत है। प्रयागराज मंडल द्वारा स्टेशनों पर वाटर कूलर की भी सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। वाटर कूलर से रेल यात्रियों को निशुल्क शीतल पेयजल मिलता है। प्रयागराज मण्डल में विभिन्न स्टेशनों पर 153 वाटर कूलर उपलब्ध हैं जिनके माध्यम से यात्रियों को शीतल पेयजल मिलता है।

प्रयागराज मंडल द्वारा प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, कानपुर सेंट्रल, इटावा, मिर्ज़ापुर, फ़तेहपुर, फ़िरोज़ाबाद, टूंडला, अलीगढ़, खुर्जा, शिकोहाबाद एवं मानिकपुर सहित अन्य स्टेशनों पर वाटर कूलर/वॉटर वेंडिंग द्वारा पेयजल के साथ साथ 'रेल नीर' की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

# दक्षिणांचल का संपूर्ण विकास मेरा संकल्प-नीरज त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव (प्रयागराज)।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शनिवार को कोरांव के पथरताल स्थित हनुमान मंदिर में आशीर्वाद लेकर बड़ोखर मंडल के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता से अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान खजुरी, महुली, वंशीपुर, हनुमान गंज, गाढ़ा, बड़ोखर, भगेसर में जनसभा को संबोधित करते हुए नीरज त्रिपाठी ने कहा की मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा की मेरे पिताजी स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी ने हमेशा सिद्धांतो की राजनीति की उन्होंने राजनीति का व्यापारीकरण नही किया उनके पदचिह्नों पर चलकर आम जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है प्रयागराज के दक्षिणांचल पाल क्षेत्र सर्वांगीण विकास और भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। इस दौरान उनके साथ विधायक कोरांव राजमणि कोल, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुधाकर पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी, गंगा मिश्रा ब्लॉक प्रमुख मेजा ने उपस्थित जनसमूह व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया।

इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे, सुमित पांडेय,पवन मिश्र, लवकुश कुमार, प्रभाकर वर्मा, राजेश कुमार तिवारी,घनश्याम स्वर्णकार, पुष्पा श्रीवास्तव सहित पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधान सहित तीन को गौवध एवं पशुक्रूरता में भेजा जेल

**कोरांव (प्रयागराज)।** गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता 429 अधिनियम में लगातार पुलिस की छापेमारी से शनिवार को एक प्रधान सहित दो को जेल भेजा गया। अभियुक्तगण मनीष शुक्ला निवासी नथऊपुर सिकरो, महावीर कुशवाहा निवासी पाण्डेय का मड़हा एवं प्रधान सुशील कुशवाहा को इलाकाई पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की गई और साथ ही साथ थाना प्रभारी राकेश भारती द्वारा पुलिस की कई टीमें गठित कर गौवध मामलों में संलिप्त अभियुक्तों की तलाश जारी है और जो भी उक्त मामलों में लिप्त रहेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पचेड़ा में हुए हत्याकांड में संदिग्धों से पुलिस एवं एसओजी कर रही पूछताछ

**कोरांव (प्रयागराज)।** थाना कोरांव के रामगढ़ अयोध्या चौकी अंतर्गत क्षेत्र के पचेड़ा गांव में हुए एक युवक के हत्या मामले में लगातार इलाकाई पुलिस एवं एसओजी की छापेमारी जारी है। जैसा कि बताते चलें बीते गुरुवार की रात में रितेश मिश्रा पुत्र नीतिन मिश्रा एक बारात में शामिल होने गया था और उसकी किसी बात को लेकर कुछ युवकों से बातचीत की बात बताई जाती है और बात इतनी बढ़ गई कि रितेश व दूसरे पक्ष के लोगों से हाथापाई हुई और उसी में उसकी चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। उक्त मामले में पुलिस एवं एसओजी की टीम लगातार अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए छापेमारी एवं कुछ को गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है। मृतक रितेश का इलाज कराने को लेकर गए उसके साथी शुभम व अनुराग को तुरंत पुलिस ने गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है और उसके बाद जानकारी के अनुसार अज्जू पांडेय, राहुल पंडित एवं अजीत मौर्या को भी इलाकाई पुलिस और एसओजी की टीम अपने गिरफ्त में लेकर पुछताछ कर रही है पुलिस की सक्रियता से जल्द ही घटना का खुलासा कर अभियुक्तों को जेल भेजा जाएगा।

# खिवली हत्याकांड मामले में दो गिरफ्तार

**कोरांव (प्रयागराज)।** थाना कोरांव अन्तर्गत क्षेत्र के खिवली गांव में बीते दिनों हुए दो पक्षों के मारपीट हत्या मामले में थाना प्रभारी राकेश भारती के नेतृत्व में कोरांव पुलिस दिनकर एवं विमल कुमार पुत्रगण अनसुइया प्रसाद दुबे निवासी खिवली कला को मुखबिरी की सूचना पर रत्योरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी राकेश भारती, कांस्टेबल भरत सिंह, राजकुमार राय रहे।

# बड़ोखरा में युवती से बलात्कार मामले में एक युवक गिरफ्तार

**कोरांव (प्रयागराज)।** थाना कोरांव के बड़ोखर चौकी अंतर्गत बड़ोखरा गांव में बीते 21 अप्रैल को हुए एक बालिका के साथ बलात्कार मामले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में शनिवार को वांछित अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र किन्नालाल निवासी बड़ोखरा को पास्को एक्ट बलात्कार मामले में भगतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार, कांस्टेबल अरुण कुमार, महिला कांस्टेबल विधु सिंह रहे।



# पुलिस के परमिट से गांजा शराब की तस्करी जोरो पर

**जारी (प्रयागराज)।** जारी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पुलिस के परमिट से गांजा शराब की तस्करी जोरो पर चल रही है ।जिससे युवा पीढ़ी इस नशे की शिकार बनती जा रही है । वहीं शराबियों के आतंक से राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है ।

बताया जाता है कि, गांव व बस्तियों में लोग पीने के बाद रात्रि मे किसी का दरवाजा खटखटा देते हैं। वहीं लोगों को भला बुरा भी सुनना पड़ता है । इसकी जानकारी पुलिस को दिये जाने के बावजूद इन पर कार्यवाही नही की जाती है । पुलिस इतना जरूर कहती है कि, चलो शराब के नशे मे कह दिया होगा ।

जानकारी के मुताबिक भांग व शराब की दुकानों पर खुले आम गांजा की बिक्री हो रही है ।जबकि अग्रेजी शराब की दुकानों पर मिलावटी कर बेचा जा रहा है ।जिससे आये दिन दुकान पर पीने के बाद मारपीट, कहा सुनी आम बात हो गई है ।शराब लेने के बाद उसी स्थान पर शराब पीकर शराबियों द्वारा आने - जाने वाले राहगीरों से गाली-गलौज व महिलाओं पर छींटाकशी की जा रही है । इस दौरान कोई बोल दे तो मारपीट की नौबत आ जाती है। और यदि इसकी सूचना पुलिस को दी, तो उल्टा जेल भेजने की धमकी दी जाती है ।

क्षेत्र के जारी बाजार, जारी गांव, गड़ैया कला, गड़ैया खुर्द, भिस्कुरी, खूझी, रैपुरा, गौहानी आदि दर्जनों स्थानों पर खुले आम गांजा शराब की तस्करी की जा रही है ।वही पियक्ड़ों का शाम ढलते ही जगह - जगह जमघट लगा रहता है। देर रात होने पर आने-जाने वाले बाइक सवार तथा राहगीरों का सामान छीनकर उनको भला बुरा कहा जाता है । इस संबंध में जारी पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के दांपत्य सूत्र में बंधे 51 जोड़े

## राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद द्वारा कन्या विवाह योजना से दहेज जैसी सामाजिक बुराई हो रही दूर-अंकित शुक्ला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उन्नाव।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा 51 कन्या विवाह महोत्सव के अंतर्गत दो पालियों में एक साथ 51 नव युगल जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने की कसम खाई शुक्रवार को असोहा विकासखंड के मनिकापुर के परिसर में राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंड से 51 जोड़े एक साथ दांपत्य सूत्र में बंध गए जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार करवाया गया विवाह समारोह में संस्था के कर्मचारियों ने सभी दूल्हों की अगुवाई करते हुए उन्हें मंच तक पहुंचाया जिसके बाद हिंदू रीति रिवाज से मंत्रोच्चारण के बीच 51 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहना सात फेरे लेकर एक दूजे के हो गए। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संस्था द्वारा चलाई जा रही सामूहिक विवाह योजना जैसे कार्यक्रम जरुरतमंद परिवारो के लिए बेहद सहायक साबित हो रहे है।

इस योजना के तहत गरीब बेटियो का विवाह भी धूमधाम से संपन्न हो रहा है संस्था द्वारा प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते है जिसमे से 21 हजार की चेक कन्या के खाते



मे व शेष राशि वर-वधु के विवाह संस्कार के साथ जोड़े को गृहस्थी के सामान कुलर गैस सिलेंडर फिज डबल बेड सिंगार दान बक्सा कुर्सी मेज अलमारी सिलाई मशीन अन्य उपहार में खर्च किए जाते है संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने भी कन्याओं को उपहार भेंट कर आशीर्वाद देते हुए कहा कि अब कोई निर्धन कन्या पैसे के अभाव में कुंवारी नहीं रहेंगी क्योंकि उनकी शादी की जिम्मेदारी हमारी संस्था ने ली हैं।

बताया कि जो जोड़े इस बार किसी कारणवश सामूहिक विवाह पंजीकरण करवाने से वंचित रह गए है वे आगे होने वाले सामूहिक विवाह मे पंजीकरण अवश्य करवा ले। रथ में वर अपने परिवार के साथ सिर में पगड़ी बांधकर निकले थे। बारात शाम के समय अनिरुद्ध शुक्ला आश्रम होते हुये कुदीकापुर कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां देर रात सभी नौ जोड़ों का जयमाल कराया गया वर वध को आशीर्वाद दिए अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि आज विवाह बंधन में बंधे सभी बहनों से कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों की शादी कराने के साथ ही दहेज प्रथा जैसे सामाजिक बुराई को दूर करने के उद्देश्य से संस्था द्वारा कन्या विवाह योजना संचालित की जा रही है।

# मजिस्ट्रेटों एवं सहायक रिटर्निंग आफिसरों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसर का प्रशिक्षण शुक्रवार को दो पालियों में जिला प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा दिया गया।



सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन के सभी अवयवों-सीयू, बीयू, वीवीपैट के टैगिंग, कनेक्शन, संचालन, मॉकपोल, रिजर्व ईवीएम, प्रपत्रों के बारे में, ईवीएम मशीन की सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल ऐर सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसरों को पूरे मनोयोग एवं तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जितने अच्छे ढंग से आप सभी लोग मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, उतने ही सहज एवं कुशलता के साथ मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करा सकेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, सभी विधानसभाओं के उपजिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# वाराणसी हॉस्टल और स्पोर्ट्स कालेज सैफई के बीच होगा फाइनल

## इलाहाबाद स्पोर्टिंग अकादमी ने बरेली हॉस्टल को 4-1 से हराया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अमलेन्दु घोष स्मृति राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई और स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी के बीच खेला जाएगा।

प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी ने स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली को 3-1 हराया। ग्रुप %बी% के इस मुकाबले में इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी और सैफई का गोल औसत बराबर रहने के बाद दोनों टीमों के बीच टॉस हुआ जिसमें सैफई ने बाजी मार ली।इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब व जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में हाई स्कूल मैदान आयोजित प्रतियोगिता के मुकाबले के पहले हाफ में अकादमी के सुरेंद्र कुमार ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। थोड़ी देर बाद बरेली के संजीत ने गोल करके मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में पवन शर्मा ने गोल करके अकादमी को 2-1 से आगे किया। इसके बाद विकल्प झा ने गोल करके अकादमी की बढ़त 3-1 कर दी, जो मैच के अंत तक बनी रही।

मैच से पहले इलाहाबाद विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच देवेश मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के रेफरी अजय कुमार यादव, कबीर खान, शशि मोहन मिश्र, जितेन्द्र कुमार रहे।

# रायबरेली एम्स का चुनाव बाद बृहद विस्तार कराया जायेगा -अजय अग्रवाल



**रायबरेली।** एम्स रायबरेली का जल्द वृहद विस्तार किया जाएगा द्य बेड तथा आई.सी.यू. की संख्या दुगनी की जाएगी द्य यह बात भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने रायबरेली एम्स के निदेशक अरविन्द राजवंशी से मिलने के बाद कहा द्य अजय अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने एम्स, रायबरेली की समस्याओं तथा इसके विकास के सम्बन्ध में इसके निदेशक से विस्तार से वार्ता की भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में चार हजार मरीज रोजाना ओ.पी.डी. में आ रहे हैं और काफी बड़ी संख्या में गंभीर रोगी आते हैं तथा वर्तमान में मात्र 40 आई.सी.यू. बेड उपलब्ध है, तथा 600 मरीज भर्ती किये जा सकते हैं, क्योंकि इतने ही बेड उपलब्ध है द्य भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि चुनाव समाप्त होते ही वह इन दोनों को तुरंत कम से कम 40 आई.सी.यू. बेड से 80 आई.सी.यू. बेड तथा भर्ती मरीजों की संख्या 600 से 1200 करवाएंगे द्य इसके साथ ही पर्याप्त डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ की भी नियुक्ति के लिए प्रयास किया जायेगा। साथ ही साथ आने वाले वर्षों में एम्स, रायबरेली का वृहद् विस्तार कराया जायेगा क्यूंकि अभी 50 एकड़ की भूमि एम्स कैम्पस में खाली पड़ी है और अगर जरुरत पड़ी तो पीछे की भूमि भी खरीदी जा सकती है द्य भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने निदेशक डॉ. अरविन्द राजवंशी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वह ही एम्स, रायबरेली के प्रथम निदेशक हैं

और उन्होंने अपने कार्यकाल में कड़ी मेहनत कर एम्स, रायबरेली को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# गर्भवती महिला व उसके पति की पिटाई का वीडीओ वायरल

## महिला ने मारपीट कर सोने की चेन लूटने का लगाया आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सदर कोतवाली के सत्यनगर निवासिनी शिवानी झा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ जबरन घर में घुस आया और मारपीट गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए सोने की चेन लूटकर फरार हो गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण में जांच किया जा रहा है।

# आग से पांच बीघे गेहूं की फसल राख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** महराजगंज थाना के गांव अटरा में अज्ञात कारणों से शनिवार की दोपहर 12:30बजे के तकरीबन गेहूं की फसल में आग लग गया।जिसमें किसान अनिलयमाधुरी की पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गया और खेत में लगे भूसा तक जलकर राख हो गया। दमकल व ग्रामीणों की मदद से आग से काबू पाया गया। महराजगंज एसडीएम ने बताया कि सूचना पर राजस्व टीम भेजकर हुए छति का आंकलन करवाया जा रहा है।

# भाजपा रायबरेली नगर में शक्ति केंद्र बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष पश्चिम अखिलेश तिवारी व नगर के प्रभारी शिवेंद्र सिंह जी द्वारा अमर नगर सेक्टर में शक्ति केंद्र की बैठक ली गई सजिसमें वहां के सभी पन्ना प्रमुखों को उनके कार्यों के बारे में बताया गया और सभी पन्ना प्रमुखों को उनकी मतदाता सूची मतदाताओं की जिम्मेदारी तथा 20 करणीय कार्य बताए गए स यह बैठक जिले के जिला मंत्री संतोष गुप्ता के आवास पर संपन्न हुई इस अवसर पर अमर नगर शक्ति केंद्र के सभी बूथ अध्यक्ष व मतदाता सूची प्रमुख उपस्थित रहेस नगर के प्रभारी शिवेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची के एक पन्ने पर 60 मतदाता होते हैं और एक पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी है कि 60 मतदाताओं द्वारा भाजपा के पक्ष में मतदान कराना स 60 मतदाता पक्ष में वोट करें इसके लिए हमें केंद्र और राज्य की योजनाओं को उन व्यक्तियों तक पहुंचाना और उनको 10 साल में डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देना आवश्यक है स नगर अध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी होने वाले बूथ सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष सहित बूथ पर रहने वाले सभी प्रमुख व्यक्तियों को सम्मिलित होने का आग्रह किया।

# प्रथम के दम पर चौधरी नौनिहाल फाइनल में

**प्रयागराज।** प्रथम मिश्र (68 रन, 36 गेंद, चार चौके, सात छक्के एवं एक विकेट) की बदौलत चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को छह विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस हारकर भानु प्रताप सिंह क्लब ने 20 ओवर में 184 रन (अखिल कुमार कश्यप 62, शिवम यादव 45, अमन मिश्र 26, सुव्रत प्रसाद तिवारी 19, राहुल राजपाल 2/26, अमर चौधरी 2/33, प्रथम मिश्र 1/29, उदय प्रताप सिंह 1/32) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब में 16.2 ओवर में चार विकेट पर 187 रन (प्रथम मिश्र 68, राहुल राजपाल 34,



शिवाकांत शुक्ला 31, अंशुमान पाण्डेय 22 नाबाद, प्रवेश सिंह 3/28, सत्यम शुक्ला 1/35) बना लिए। प्रथम मिश्र को पूर्व रणजी क्रिकेटर प्रदीप सिंह ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल शनिवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज एवं फाफामऊ क्लब के बीच सुबह 8ः00 बजे से खेला जाएगा।

# डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह ने भाजपा के लिए किया जनसंपर्क

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** संसदीय लोकसभा चुनाव में रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के उद्देश्य से रवीद्र सिंह भाजपा नेता, प्रधानाचार्य बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह जिला खेल सचिव माध्यमिक शिक्षा रायबरेली अजय सिंह चंदेल ने केंद्रीय विद्यालय एवं जीबीएस स्कूल गोरा बाजार के प्रधानाचार्य प्रबंधक से चर्चा की एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने हेतु अनुरोध किया सभी ने भाजपा के प्रति विश्वास जताते हुए आस्वस्त किया कि हम एक बार



पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं।भाजपा नेता रविंद्र सिंह जी ने दोनों विद्यालयों के शिक्षकों प्रधानाचार्य प्रबंधक का आभार जताया. बैसवारा प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि यह प्रचार प्रचार का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। अगले सप्ताह से ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों में इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा भाजपा की राष्ट्रवादी एवं देश के विकासवादी नीतियों से लोगों को अवगत कराया जाए जिससे रायबरेली में मतदान का प्रतिशत भी बढ़े और भाजपा प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से यहां से विजय श्री प्राप्त करें। बताते चले कि बैस वारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह लगातार भाजपा और नरेंद्र मोदी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# सहारा से पाई-पाई दिलवाने का वादा - प्रदीप

**झांसी!** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आज पत्रकार बन्धुओं के समक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री और झांसी ललितपुर लोक सभा के इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने सालों से परेशान सहारा फाइनेंस के इन्वेस्टर्स, दरबदर अपने ही पैसे के लिए भटकने को मजबूर लोगों से उनको उनका पाई-पाई दिलवाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने सहारा ग्रुप की दो कम्पनियों एक सहारा फाइनेंस कॉरपोरेशन और दूसरी सहारा हाउसिंग कॉरपोरेशन को आदेश दिया कि जनता का पैसा मय ब्याज के वापस किया जाए।

# जनता की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ूंगा- राकेश राठौर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिसवां,सीतापुर।** लोकसभा तीस सीतापुर के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राकेश राठौर को भारी बहुमत से जिताने के लिए सेवता विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सम्मेलन का आयोजन रेउसा के गोल्डेन लान में किया गया।सम्मेलन मे कार्यकर्ताओ का जन सैलाब उमड़ा।कार्यकर्ताओ के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी राकेश राठौर ने कहा मै जिस सरकार मे रहा हूं वहां बोलने की आजादी नही है मैने पूरे पांच साल सत्ता के कील ठोकने का काम किया है आपकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लाड़ूँगा सीतापुर के भ्रष्ट सिस्टम को उखाड़ना है। भाजपा के लोग आएगा की भाजपा को वोट दो नही तो मुस्लिम राज आएगा आप उनसे कहना राठौर हिन्दू है । गठबंधन को वोट कर अपनी सहभागिता निभाएं चार जून के बाद आपके मुद्दे सदन मे प्रमुखता से उठाएंगे यही नही जमीन पर उन मुद्दों को हल करने का काम किया जायेगा।सरकार बनी तो एक लाख



रुपया परिवार की महिला को एक वर्ष दिया जायेगा।किसानो का कर्जा माफ करने का काम किया जायेगा। महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सरकार मे कैबिनेट मंत्री रहे नरेन्द्र वर्मा ने कहा भाजपा के सांसद राजेश वर्मा चार बार के सांसद से इस बार वोट मांगने आये तो पूछना की कितने स्कूल खोले कितने डिग्री कालेज खोले अपनी निधि से कौन काम किये। उन्होंने अपनी निधि से अपने कालेज बनवाने का काम किया।किसानों पर लाठी चलवाने का काम किया है

वही पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू ने कहा घर बचाओ तो खेत बर्बाद खेत बचाओ तो घर बर्बाद। कोरोना काल मे लाठिया खाई अस्पताल मे अक्सीजन नही मिली परिवार के परिवार बर्बाद हो गया तमाम लोग दवा के आभाव मे मौत हो गई ये कहते हुए वो भावुक हो गये। वही डाक्टर ब्रज विहारी ने कहा दलितों को बुद्ध कथाओं की अनुमत नही मिल पा रही है। मजदूर और किसानो के अधिकारो पर भाजपा की सरकार दमन बढ़ा है।इस बार मजदूर किसान इस सरकार को कूड़ेदान मे फेकने का काम करेगा और राकेश राठौर को जिताने का काम करेगा। वही लहर पुर विधायक अनिल वर्मा ने कहा अस्पतालों मे दवाएं नही है किसानों की आय दोगुनी नही हुई किसान अपनी फसल बचाने के लिए दिन रात खेत मे बीता रहा भाजपा झूठ का पुलिंदा है।

पूजा शुक्ला ने कहा मोदी सरकार मे बहन बेटियो की इज्जत आबरू सुरक्षित नही है बलात्कार की रिपोर्ट थानो मे नही लिखी जा रही है।इसलिए आपके पास अवसर है भाजपा को हटाने का काम इस बार आप करेंगे।

पूर्व विधायक लखनऊ इंदल रावत ने नरेगा मनरेगा में चार सौ रुपया देने का काम किया जायेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व कैविनेट मंत्री रामहेतु भारतीय,सपा जिला अध्यक्ष छात्रपाल यादव,कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कृष अवस्थी, देवी शंकर बाजपेई ,ममता वर्मा,गीता गोस्वामी,रजनीश मिश्रा,अमर मेहरोत्रा,अरुण मौर्य,श्रवण कुमार सुमन,अनिल शुक्ला अनुपमा द्विवेदी,श्री राम लोधी,चंद्रकुमार लाल सिंह यादव ,प्रेम कुमार मौर्य,अफजाल कौसर,अतीक खान,रामगोपाल मिश्रा,सुनीला रावत आदि ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर सुनील जायसवाल,मूर्तजा अंसारी,जिला पंचायत सदस्य सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

**फूलपुर।** कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर दहेज लोभियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर लिया है।बताया जाता है कि शहबन खान पुत्र कुल्लन खान निवासी ग्राम अगहुआ, थाना फूलपुर ने अपनी बहन मरियम फातिमा की शादी नई झूंसी तुर्काना मुहल्ला निवासी इमरान खान के साथ की थी। पति की मौत के बाद उसके ससुरालीजन द्वारा दहेज की मांग करना, प्रताड़ित करना, मारना पीटना, गाली गुप्ता देना व जान से मारने की धमकी देने का क्रम शुरू कर दिया। आजिज आने पर शहबान ने थाना फूलपुर पर तहरीर देकर करवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने मु0अ0सं0 108/2024 धारा 498ए/323/504/506 भा0द0सं0 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत फैयाज खान(ससुर) पुत्र करीम खान, यासमीन(ननद), नगमा(ननद), शब्बो(ननद), लईक खान (ननदोई) पुत्र अनीश अहमद निवासीगण ग्राम नई झूंसी, मुहल्ला तुर्काना, थाना झूंसी, के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# सहयोग छात्र शिक्षा समिति के तत्वावधान में छात्र छात्राओं को नि:शुल्क वितरण की गई कापियां

**महमूदाबाद,सीतापुर।** विकास खण्ड पहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेथरा माधव में स्थित श्री गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा शनिवार को ब्लॉक प्रमुख पहला प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार यादव , संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार , संरक्षक मनोज पासवान , संदीप कुमार , काली प्रसाद व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश पाठक , सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार , संदीप वर्मा समेत कई अन्य के द्वारा उक्त विद्यालय में लगभग तीस छात्र छात्राओं को निऱ्शुल्क कापियां वितरित की गई। और वहीं ग्राम पंचायत बेहमा में प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय में लगभग 70 छात्र छात्राओं को क्षेत्रीय समाजसेवी राजेश सिंह , रितेश सोनी , बबलू गुप्ता , पंकज सोनी , विकास उर्फ विक्कू सिंह , छोटू व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका स्नेह लता भार्गव , सहायक अध्यापिका नीलम सिंह , दिव्या शर्मा , सहायक अध्यापक नदीम अहमद , अनुज यादव एवं अनुदेशक



अरविन्द कुमार, मधुबाला , अर्चना सिंह , सरोजनी सिंह समेत सहयोग छात्र शिक्षा समिति टीम द्वारा उक्त विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं को निऱ्शुल्क कापियां वितरित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। एवं ग्राम पंचायत दुघरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी वहां पर उपस्थित सभी लगभग 50 छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा कापियां वितरित की गई। इस दौरान वहां पर प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह समेत ग्रामीण भी मौजूद रहें। और वहीं संस्था के प्रबंधक/ सचिव धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि मैं एक संस्था चला रहा हूं , संस्था का नाम सहयोग छात्र शिक्षा समिति है।इस संस्था के माध्यम से अनाथ , असहाय व कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को अपनी संस्था के माध्यम से उन्हें निऱ्शुल्क शिक्षा दिलाने का कार्य कर रहा हूं। और लगभग पहला क्षेत्र के 15 गांवों में ट्यूशन क्लास के माध्यम से भी दो घण्टे गांव के छात्र छात्राओं को नि- शुल्क शिक्षा प्रदान कराने का भी काम कर रहा हूं। और संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में क्षेत्रीय लोगों के द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा है। उसी सहयोग से संस्था भी छात्र छात्राओं का सहयोग करने में लगी हुई है। और ठीक इसी प्रकार से यदि संस्था को सहयोग मिलता रहा है। तो संस्था भी आगे छात्र छात्राओं का सहयोग करती रहेगी।

# जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय बना कूड़ा घर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पहला,सीतापुर।** विकास खण्ड पहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहमा में स्थित प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय बेहमा परिसर में काफी समय से गन्दगी फैली हुई है। कमरों के आस पास कूड़े के बड़े बड़े ढेर भी लगे हुए है। और वहीं विद्यालय परिसर में कूड़ा इधर उधर बिखरा पड़ा हुआ। जिससे वहां पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को समस्या हो रही है। और क्योंकि उक्त विद्यालय में छोटे छोटे बच्चें भी पढ़ने आते है। विद्यालय में बिखरे हुए कूड़े में से जहरीले जंतु भी निकलने की आशंका बनी रहती है। जिससे वहां के बच्चें परिसर में फैली गन्दगी से सफाई कर्मचारी के प्रति नाराज दिखे। और वहीं परिसर में फैली गन्दगी को लेकर प्रधानाध्यपिका स्नेह लता समेत विद्यालय स्टॉप से वहां पर फैली गंदगी के बारे में बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि सफाई कर्मचारी से विद्यालय परिसर की साफ सफाई करने के लिए कई बार मौखिक में कहा गया है । मगर सफाई कर्मचारी के द्वारा परिसर में साफ सफाई करने के प्रति बिल्कुल भी ध्यान ही नही दिया जा रहा है। जिससे विद्यालय परिवार को परिसर में इधर उधर फैली गन्दगी से समस्या हो रही है। और वहीं प्राप्त जानकारी के मुताबिक जब दिनांक 26 अप्रैल 2024 को बेहमा ग्राम पंचायत में साफ सफाई करने के लिए रोस्टर के माध्यम से लगभग 8 सफाई कर्मचारियों को लगाया गया था। फिर भी विद्यालय परिसर में क्यों गंदगी फैली रह गई। कहीं न कहीं सफाई कर्मचारी की लापरवाही साफ साफ उजागर हो रही है। यदि ग्राम पंचायत बेहमा में नियुक्ति सफाई कर्मचारी के द्वारा रोस्टर के माध्यम से ही साफ सफाई करा दी गई होती तो विद्यालय में आज गन्दगी न फैली हुई होती। छात्र छात्राओं समेत विद्यालय स्टॉप ने मीडिया के माध्यम से विद्यालय परिसर की साफ सफाई कराएं जाने की मांग सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से कर रहें है।

# किसान की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन किसान जरूर बर्बाद हो गए हैं- आनंद भदौरिया

## महोली क्षेत्र में सपा की जनसभाओं का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महोली,सीतापुर।** अस्पतालों में दवाएं नहीं हैं। किसानों को खाद और बीज समय से नहीं मिल पा रहा है। रोजगार की तलाश में युवा दर-दर भटकने को विवश है। बिजली के मीटरों में खेल किया जा रहा है। बिजली का कनेक्शन न होने पर भी हजारों में बिजली के बिल आ रहे हैं। गरीबों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।

यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शनिवार को महोली विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जन सभाओं को संबांधित करते हुए कही।

क्षेत्र के फर्रकपुर, रामपुर नयागांव, पिपरी खुर्द, काजी कमालपुर, सहादतनगर, तिहार, जमलापुर, उदयपुर आदि गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर कटाक्ष करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इंजन से कुछ भी नहीं होता अगर कुशल ड्राइवर न हो। भाजपा की सरकार का ड्राइवर इंजन छोड़कर भाग



जाता है, ऐसे में आपके सामने उसे सबक सिखाने का मौका है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनकी भाषा आपने सुनी होगी. विरोधी न जाने क्या-क्या कहने लगे हैं, वहीं कुछ और नेता कुछ और ही इंतजाम में लगे हुए हैं।

धौरहरा का चुनाव परिणाम का संदेश केवल प्रदेश नहीं बल्कि देश में भी जाएगा। उन्होंने कहाकि जिन लोगों ने राजनीतिक पलायन किया है, उन्हें आपके सुविधाओं से कोई लेना-देना नहीं है। सपा प्रत्याशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाति और धर्म के नाम पर समाज बांटने का काम कर रही है। खुले में घूम रहे गोवंश के कारण किसान रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर है। भाजपा सरकार केवल जनता को गुमराह कर रही है।

पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। आपके अपने प्रत्याशी आनंद भदौरिया ही धौरहरा क्षेत्र का विकास करेंगे और यही आपके सच्चे हितैषी साबित होंगे। आप लोग आने वाली 13 अप्रैल को एकजुट होकर साईकिल वाला बटन दबाकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।

जन सभाओं को समाजवादी पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, कांग्रेस प्रवक्ता सुधांशू बाजपेयी, जिला पंचायत सदस्य अशोक भार्गव, ग्राम प्रधान छोटे सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। सभाओं में मुनीर खां, जमील अंसारी, जैजैराम गौतम, लल्लन सिंह, गुड्डू मिश्रा, नन्हे वर्मा, मनोज यादव, दिग्विजय सिंह अर्कवंशी, मनोज त्रिपाठी, पप्पू निषाद, अजय गुप्ता, लालता प्रसाद राजवंशी, उमा शंकर वर्मा, अखिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# थरवई मे कार सवार बदमाशों ने युवक का किया अपहरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**थरवई ।** थरवई थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात कार सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर युवक का अपहरण कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया तो कार सवार बदमाशों ने हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले।

बताते चलें कि लालमणि पटेल 35 वर्ष पुत्र अमृतलाल पटेल निवासी टिकरी इस्माईलगंज थाना थरवई गांव की बारात में शामिल होने के लिए गारापुर गया था। रात करीब 11 बजे लालमणि पटेल के पड़ोसी कार से कुछ लोगो के साथ बारात मे पहुंचकर लालमणि पटेल को तमंचा सटाकर जबरन कार मे उठा ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई । अपहरण की सूचना पाकर आसुतोष द्विवेदी डी सी पी ट्रैफ़िक थरवई थाने पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए अपहरण के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया। थरवई पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए अलग-अलग स्थानो के लिए चार टीमे लगा दी है। क्राइम ब्रांच व एस ओ जी की टीम अपहरण की घटना के अनावरण के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

# पुलिस प्रेक्षक ने लोकसभा क्षेत्र का लिया जायजा




**महमूदाबाद,सीतापुर।** सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन आयोग से भेजी गई पुलिस प्रेक्षक आईपीएस नीरजा शनिवार शाम महमूदाबाद पहुंचीं। यहां उन्होंने सीओ दिनेश शुक्ला के साथ कोतवाली क्षेत्र की सीमा क्षेत्रों के तीनों अंतर्जनपदीय बैरियरों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात एडीजी रैंक पर तैनात नीरजा ने सघन चेकिंग अभियान का भी जायजा लिया और मातहतों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी स्क्वायड का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का निर्भीक होकर मतदान करें। निरीक्षण के उपरांत प्रेक्षक कोतवाली पहुंची जहां उन्होंने सीओ, कोतवाल और समस्त स्टाफ के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीओ दिनेश शुक्ला, कोतवाल अनिल सिंह और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# संदिग्ध परिस्थियों मे युवक ने शारदा नहर मे लगायी छलांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लहरपुर,सीतापुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय युवक ने शारदा नहर में लगाई छलांग, परिजन व पुलिस मौके पर। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नवीनगर निवासी अमरजीत 18 वर्ष पुत्र नेतराम घर से नाराज होकर बाइक से आकर शारदा नहर रेगुलेटर के निकट बीच पटरी पर अपनी बाइक खड़ी कर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, ग्रामीण व परिजन नहर में कूदने के अनुमान लगा रहे हैं, भाई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अमरजीत शनिवार सुबह मां से दिल्ली जाने के लिए पैसे की मांग कर रहा था, मां के द्वारा मना करने पर कि एक-दो दिन बाद पैसा दे देंगे नाराज होकर बाइक से घर से चला गया, काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने अमरजीत का पता लगाना शुरू किया,



तो उसकी बाइक शारदा नहर बीच पटरी पर बालू के ढेर के निकट खड़ी हुई पाई गई, परिजनों ने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस एवं एक प्रार्थना पत्र कोतवाली पुलिस को देकर लापता अमरजीत की पता लगाने की गुहार लगाई है। समाचार लिखे जाने तक गायब युवक का कुछ भी पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि नवीनगर के युवक के गायब होने की सूचना मिली है, युवक की बाइक नहर पर खड़ी हुई पाई गई है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र अलंकरण समारोह का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लहरपुर,सीतापुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कक्षा दशम एवं द्वादश में प्रवीणता सूची में शामिल भैया बहनों का मेधावी छात्र अलंकरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र कुमार एवं राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर के किया, उन्होंने कक्षा दस में उत्तर प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त भैया अभिषेक कुमार को शील्ड एवं एक साइकिल देकर सम्मानित करते हुए उसे आगामी इंटर परीक्षा में और अधिक सफलता के लिए प्रोत्साहित किया, इसके अतिरिक्त अतिथियों ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में




90त्न से अधिक अंक प्राप्त टॉप 10 भैया बहनों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त भैया बहनों के अभिभावकों को भी विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह, ,विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगुलाम वर्मा, प्रबंधक आशीष मेहरोत्रा, सदस्य अंजू मेहरोत्रा एवं प्रिया मेहरोत्रा ने भी सभी मेधावी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य छोटेलाल ने किया।पुरस्कार वितरण में आचार्य अनिल सिंह एवं आशीष सक्सेना ने विशेष सहयोग किया।

# जूनियर हाईस्कूल मस्जिदया में मीना मंच की बैठक संपन्न



**लहरपुर,सीतापुर।** जूनियर हाईस्कूल मस्जिदया में मीना मंच की बैठक का किया गया आयोजन, जिसमें छात्रों की उपस्थिति को बेहतर बनाने, बालिकाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करने तथा नेतृत्व क्षमता संवर्धन आदि पर चर्चा की गई।इस मौके पर मीना की कहानियों का वाचन सुगम कर्ता असमा परवीन ने किया व माह अप्रैल में बेहतर उपस्थिति वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पावर एंजिल गीता देवी ने महिला सशक्तिकरण गीत, दरिया की कसम मौजौं की कसम की प्रस्तुति से किया।इस मौके पर उपस्थित बालिकाओं ने महिला अधिकार के विषय पर खुल कर चर्चा की। कार्यक्रम में संकुल शिक्षक अनवर अली ने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, मीना मंच की बैठकों को उपयोगी और प्रभावी बनाने के लिए मीना की कहानियों का वाचन और उन पर रोल प्ले करने के बाद उस पर सार्थक चर्चा अवश्य करनी चाहिए। शिक्षिका नूर बानो ने मीना की कहानी,धौसिये से कौन डरता है, मीना की तीन इच्छाएं, आम का बंटवारा तथा मुर्गियों की गिनती प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक मो उस्मान अंसारी , कमालुद्दीन तथा देवेंद्र कुमार राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# शिक्षा बहुत जरूरी है आधी रोटी खाएं पर बच्चों को जरूर पढ़ाए- राणा प्रताप सिंह

**रामपुर मथुरा,सीतापुर।** तहसील महमूदाबाद के विकास खण्ड रामपुर मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बासुरा मेन हाइवे रोड से सौ मीटर की दूरी पर पक्का तालाब आर पी चिल्ड्रेन एकेडमी के प्रबंधक राणा प्रताप सिंह का कहना है की कितनी भी आंधी तूफान व अड़चने आए मेहनत करके किसी तरह से अपने बच्चो को जरूर पढ़ाए जब बच्चे पढ़ेंगे तभी देश बदलेगा बेटियो को भी



जरूर पढ़ाए देश में बेटियो को कितना स्पोर्ट मिल रहा है बेटियां दो घरों को रोशन करती है बेटियों को बोझ न समझे बेटियो को आगे बढ़ाने में सहयोग करे इस विद्यालय में कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे पढ़ने आते हैं जो बच्चे पढ़ना चाहते है और अभिभावक कितना सक्षम नहीं है कहीं ना कहीं परेशानियां है उन बच्चों को निशुल्क पढ़ाने की कोशिश करता हूँ किसी तरह बच्चे जरूर पढ़ें इस उद्देश्य से शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखे थे की कही कोई अनपढ़ न रहे यह भी बताया स्कूल में पढ़ाने के साथ साथ खेल कूद भी कराया जाता है अच्छे अध्यापक जो कड़ी मेहनत के साथ बच्चो को पढ़ाते है समय समय पर उनको सम्मनित भी किया जाता है। खेल प्रतियोगिता में बच्चे पार्टिसिपेट करते है छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं बच्चे पढ़ें आगे बढ़े राणा प्रताप सिंह प्रबंधक आर पी चिल्ड्रेन एकेडमी रामपुर बासुरा अभिभावक बैठक में कही।

# कस्बा तम्बौर में धड़ल्ले से हो रहा अवैध कारोबार

**तम्बौर,सीतापुर।** चर्चा है जिले की नगर पंचायत तम्बौर के अन्तर्गत गौमांस व अवशेष अवैध कारोबार बेखौफ निडर होकर बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। इसकी भनक हिन्दू संगठनों को लगते ही तंबौर थाने पर बवाल शुरू हो गया। हिंदू संगठनों के मिजाज को देखते हुए तत्काल नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी ने थाना तम्बौर में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। अधिशाषी अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 419 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। आपको बताते चलें कि अहमदाबाद तंबौर नगर पंचायत प्रतिनिधि इस्तयाक खां के द्वारा कान्हा गौशाला के समीप ही मछली पालन करवाया जा रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो व सूत्रों की जानकारी के मुताबिक कान्हा गौशाला में पल रहे गाय बछड़ों को नशीले पदार्थ खिला कर उन्हें मरणासन्न हालत में पहुंचने के बाद मरवा कर मांस को तालाब में पल रही मछलियों को खिलाने हेतु डाल दिया जाता है, साथ ही तालाब के बगल में बने अहाते में हड्डी एवं चमडा इकत्रित कर बाहर सप्लाई करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि इश्तियाक खां के द्वारा मोटी कमाई करने की फितरत में सुमार देखा गया है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि मछलियों को खिलाने के लिए नौजवान बछड़े मृत हालत में तालाब के किनारे पड़े हैं। लोगों के द्वारा एक अहाते में सैकड़ों मवेशियों की हड्डी व एकत्रित चमडा देखा गया। जो बिक्री हेतु बाहर जाने वाला ही था इसी बीच किसी तरह से क्षेत्र के हिन्दू संगठनों को इसकी भनक लग गई फिर क्या था क्षेत्र में सनसनी फैल गई चहुंओर हाहाकार मच गया।आनन फानन में महज खानापूर्ति करने के उद्देश्य से अधिशाषी अधिकारी की तहरीर पर थाना तंबौर में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस्तयाक खां आदि पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में ऐसे कृत्य करने वाले लोगों पर केवल पशु क्रूरता अधिनियम के तहत ही कार्यवाही होगी या कोई अन्य बडी कार्यवाही ऐसे समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ की जाएगी।

# तीन दिवसीय चराईन मेले का किया गया शुभारंभ



**खैराबाद,सीतापुर।** नगर क्षेत्र में चराईन मेला का शुभारंभ शनिवार सुबह श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा प्रभात रैली निकालकर तथो` पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता तथा प्रमुख समाजसेवी अभिषेक गुप्ता ने पूजा अर्चन कर किया । इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने प्रभात फेरी का स्वागत किया । माता पूर्वोदेवी तथा बगलामुखी माता के जयकारे श्रद्धालुओं ने लगाया। चराईन मेला समिति अध्यक्ष बाबूराम बाथम ने बताया कि महिलाएं भुइंया ताली तीर्थ पर मां पूर्वी देवी मां बगलामुखी माता सहित मंदिर परिसर में विराजमान सभी देवी देवताओं के भजन कीर्तन कर के दर्शन करती है तथा भुइंया ताली पर जाकर में वहां का पानी लेकर महिलाएं भजन कीर्तन करके देवी देवताओं का जलाभिषेक करती है शाम को बाजदारी टोला प्रभात फेरी के साथ जाएगी 28 अप्रैल को बाज़दारी टोला नई बाजार मार्ग होती हुई मां गौरी देवी मंदिर जाएगी उसके उपरांत महिलाएं बी सी एम स्टेशन होती हुई रेलवे स्टेशन के सामने प्राचीन देवी मां की पूजा करेगी जहां पर मन्नत के एक चावल महिलाओं के द्वारा लुटाए जाएंगे 29 अप्रैल को तीर्थ पर भेड का पूजन होगा तथा श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे को आयोजने किया जाएगा इस अवसर पर कमाल सराय संगत महंत बाबा बजरंगमुनि दास बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि समाज सेवी अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू गौरी देवी मंदिर प्रबंध अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा अनिल अवस्थी संदीप गुप्ता बबलू गुप्ता संदीप मिश्रा ममता गुप्ता आदि उपस्थित थे।